षष्टम कात्यायनी



लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 180 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | रविवार | 14 अप्रैल, 2024

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper


देवी दुर्गा अपने छठवें स्वरूप में कात्यायनी के नाम से जानी जाती हैं। देवी कात्यायनी एक ऐसी पुत्री का स्वरूप है जो अपनी मेहनत के दम पर सफलता और प्रसिद्धि की नई ऊंचाइयां पाती है। उनका यह रूप ऐसा है जिस पर उनके माता-पिता भी गर्व कर सकें।



### मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद से भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में की जनसभा

# यूपी में पैसे के अभाव में कोई उपचार से वंचित नहीं रहताः सीएम

- राजनीति का अपराधीकरण विकास में सबसे बड़ा बैरियर : सीएम योगी
- मुरादाबाद के सांसद पर बरसे योगी, बोले, वह कहता है कि हम कुछ भी ऐसा नहीं बोलेंगे, जो हिंदू समाज को अच्छा लगे
- सीएम ने विपक्ष पर मढ़ा आरोप, माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले सुरक्षा नहीं दे सकते



जन एक्सप्रेस | बढ़ापुर

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण और माफिया प्रवृत्ति के तत्वों को प्रश्रय देना विकास में सबसे बड़ा बैरक है। 1980 में मुरादाबाद में भयंकर दंगा हुआ था। दर्जनों लोग मारे गए थे। लोगों ने उस समय से 2017 तक रिपोर्ट दबाकर रखी थी। मैंने इसकी जांच शुरू कराई तो दंगा कराने वालों के चेहरे उजागर हो गए। निर्दोष व्यापारी, हिंदू, सिख मारे गए थे पर कोई पूछने वाला नहीं था। 2016 में सहारनपुर में भी सिख विरोधी दंगा हुआ था पर दंगाई आज जान की भीख मांगते हुए छिपे-छिपे फिर रहे हैं। भाजपा ने विकास व सुशासन का मॉडल दिया है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यहां सब चंगा है। कर्फ्यू का स्थान अब कांवड़ यात्रा ने ले लिया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में जनसभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की। सीएम योगी ने मुरादाबादवासियों से मोदी जी को भी तीसरा कार्यकाल देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह, विधायक कुंवर सुशांत सिंह, मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, बिजनौर के भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

#### यूपी में होली-दीवाली फीकी नहीं होगी

सीएम ने कहा कि 2014 के पहले देश में गरीब भूखों मरता था। आज 80 करोड़ गरीबों को राशन मिल रहा है। कोई गरीब बीमार हो जाता था तो परिवार तबाह हो जाता था। यूपी में हमने व्यवस्था की है कि जिसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, सांसद-विधायक या सामान्य आदमी भी पत्र लिख देता है तो सीधे उसके अकाउंट में पैसा भेज दिया जाता है यानी पैसे की कमी के कारण कोई उपचार से वंचित न रहने पाए। यूपी में केवल सादी दाल नहीं होगी, दाल में तड़का भी होगा। 10 करोड़ लोगों को फ्री में सिलेंडर मिले हैं तो हमने तय किया है कि यूपी में होली-दीवाली फीकी नहीं होगी, फ्री में एक-एक सिलेंडर भी देंगे।

#### मुरादाबाद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के हो रहे कार्य

सीएम ने कहा कि हमने यहां पहले ही मेडिकल कॉलेज दे रखा है। मुरादाबाद को विकास प्रक्रियाओं से जुड़ा देख अच्छा लगता है। कुंवर सर्वेश सिंह जब सांसद थे, तब उन्होंने एक कार्यक्रम आयोजित किया था। उस कार्यक्रम में आने के बाद मांग की थी कि मेरे मुरादाबाद में विश्वविद्यालय होना चाहिए। हमने गुरु जंभेश्वर के नाम पर मुरादाबाद को विश्वविद्यालय दे दिया है। मुरादाबाद में ओडीओपी व हस्तशिल्पियों को बढ़ाने के कार्यक्रम हो रहे हैं। मुरादाबाद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के कार्य हो रहे हैं। दिल्ली से मुरादाबाद की दूरी को जोड़ने के लिए फोरलेन के कार्य हो रहे हैं। हम लोग विकास की बड़ी-बड़ी परियोजना लेकर आए हैं।

#### टाइगर के क्षेत्र में आएंगे तो टाइगर जैसा कार्य भी करेंगे

सीएम ने कहा कि यहां विश्वविद्यालय की स्थापना होने जी रही है। विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय बनेगा। नौजवानों को नौकरी मिलेगी। महाराजा विदुर के नाम पर बिजनौर में मेडिकल कॉलेज बन रहा है। टाइगर के क्षेत्र में आएंगे तो टाइगर जैसा कार्य भी करेंगे। हम अमानगढ़ में भी ईको टूरिज्म का विश्व स्तरीय सेंटर भी बनने जा रहा है।

#### आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी

सीएम योगी ने कहा कि आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादे बलिदान हो गए, लेकिन उन्होंने उफ तक नहीं किया। तब भी वह देश व धर्म की रक्षा के लिए जूझते रहे और विधर्मियों व आक्रांताओं को जवाब देते रहे। गुरु नानक की स्मृतियों से जुड़े करतारपुर कॉरिडोर के पुनरोद्धार का कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में हुआ। भाजपा सुरक्षा के साथ समृद्धि भी देगी।

#### माफिया के सामने नाक रगड़ने वाले सुरक्षा नहीं दे सकते

सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा के एजेंडे में विकास व गरीब कल्याण नहीं था। आस्था से खिलवाड़ करना यह जन्मसिद्ध अधिकार समझते थे। अपराधी व माफिया को गले का हार बनाकर जनता, बेटी-व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। भाजपा की सरकार जो कहती है, करके दिखाती है। अब माफिया-अपराधी जेल में हैं या जहन्नुम में। किसी बेटी-व्यापारी को धमकी देने की कोशिश अब कोई नहीं कर सकता है, क्योंकि उसे परिणाम मालूम है। यह सुरक्षा भाजपा ही दे सकती है। वे लोग यह सुरक्षा नहीं दे सकते हैं, जो माफिया के सामने नाक रगड़ते थे। बड़े-बड़े माफिया जिनकी कभी तूती बोलती थी, आज वे घिघियाते थे। उनकी हालत देख रहे हैं।

#### लखनऊ व दिल्ली में बैठी सरकार आपके हितों की चिंता करती है

सीएम योगी ने कहा कि मुरादाबाद का किसान हो या नौजवान, बेटी हो या व्यापारी, हर एक व्यक्ति इसलिए सुरक्षित है, क्योंकि आपके हितों की चिंता करने वाली सरकार दिल्ली और लखनऊ में बैठी है। हम जब अच्छा निर्णय लेते हैं तो अच्छा परिणाम भी आता है, जब बुरा निर्णय लेते हैं तो उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। सपा का सांसद कहता था कि मैं भारत मां की जय नहीं बोलूंगा। हम कुछ भी ऐसा नहीं बोलेंगे, जो हिंदू समाज को अच्छा लगे पर मैं बता देना चाहता हूं कि भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है।

# पीएम मोदी का कार्यकाल आजादी के बाद का स्वर्ण युग: योगी आदित्यनाथ

### हल्द्वानी में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया विशाल जनसभा को संबोधित

- उत्तराखंड में समान नागरिक कानून पास होने से कांग्रेस को हो रही पीड़ा: योगी
- उत्तराखंड से निकलने वाली नदियों के जल से उत्तम प्रदेश बन रहा उत्तर प्रदेश: योगी
- बेटी और व्यापारी को परेशान करने वालों की दो ही जगह, या तो जेल या जहन्नुम: योगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हल्द्वानी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश की आजादी के बाद का स्वर्ण युग माना जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की हर समस्या का समाधान पीएम मोदी ने निकाला है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की हर समस्या की जड़ में कांग्रेस है। यही नहीं उत्तराखंड में समान नागरिक कानून पास होने से कांग्रेस को सबसे ज्यादा पीड़ा हो रही है, जबकि इस कानून का स्वागत किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि उत्तराखंड से निकलने वाली नदियों के जल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। योगी शनिवार को यहां नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



#### बीजेपी समस्या नहीं समाधान निकालती है

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि ने प्रथम मुख्यमंत्री पं गोविंद वल्लभ पंत के साथ साथ नारायण दत्त तिवारी और हमेवंती नंदन बहुगुणा के रूप में यूपी को यशस्वी नेतृत्व दिया है। उन्होंने उत्तराखंड की जनता को बैसाखी और खलसा पंथ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि के कंकड़-कंकड़ में शंकर हैं। यहां का हर स्थल पवित्रता के भाव से भरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के साथ मिलकर उन्होंने यूपी और उत्तराखंड के बीच की सारी समस्याओं का समधान निकाला। उन्होंने कहा कि बीजेपी समस्या नहीं समाधान निकालती है, जबकि कांग्रेस समस्या का नाम है, जिसने जीवन भर देश को समस्याएं दी हैं। चाहे देश का विभाजन हो, आतंकवाद हो या फिर नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार और अलगाववाद जैसी समस्याएं कांग्रेस की ही देन हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए ही देश को मोदी जी जैसा यशस्वी नेतृत्व मिला।

#### कांग्रेस राज में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता था

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड का नौजवान देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़ा है तो 140 करोड़ भारतीय चैन की नींद सोता है। ये आपका सौभाग्य है कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में अजय भट्ट लगातार सीमा पर जाकर हमारे जवानों को प्रोत्साहित करते हैं। योगी ने कहा कि उनका बचपन उत्तराखंड में व्यतीत हुआ है। उन्हें पता है कि पहले दो-तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना होता था। मगर आज हर घर नल की योजना की वजह से घरों तक पानी पहुंच गया है। पहले ईंधन की समस्या होती थी। कांग्रेस राज में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता था। अब उज्वला योजना कनेक्शन से गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। देश की हर समस्या के समाधान का रास्ता मोदी जी ने निकाल दिया है।

#### चार धाम को नई पहचान के साथ बीजेपी सरकार ने प्रस्तुत किया

योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कश्मीर में धारा 370 की बीमारी कांग्रेस की देन है। मोदी जी ने इस बीमारी को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। कांग्रेस को पीड़ा है कि उत्तराखंड में समान नागरिक कानून क्यों पास हो गया, जबकि इसका स्वागत किया जाना चाहिए। समान नागरिक कानून पास कराके मुख्यमंत्री धामी ने बड़ा काम किया है। योगी ने कहा कि अयोध्या को भी कांग्रेस ने ही विवादित बनाए रखा था। कांग्रेस के लोग नहीं चाहते थे कि अयोध्या में विवाद समाप्त हो। हमने अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण किया। इसके साथ ही मथुरा, गोकुल, बरसाना, काशी और प्रयागराज को उसी रूप में संवारा है। उत्तराखंड में भी केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित चार धाम को नई पहचान के साथ बीजेपी सरकार ने प्रस्तुत किया है।

#### आज केवल भ्रष्टाचारी और दुराचारियों पर संकट है

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता, नौजवान और महिलाओं की समृद्धि और सुरक्षा को लेकर कहीं कोई संकट नहीं है। आज केवल भ्रष्टाचारी और दुराचारियों पर संकट है। यूपी में हमने कह दिया है कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनेगा, उसके लिए दो ही जगह होगी, या तो जेल या जहन्नुम। आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू। पहले बम बाजी होती थी आज हर-हर बम-बम के साथ धूमधाम से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हम सुरक्षा भी दे रहे हैं और समृद्धि भी ला रहे हैं। नौजवानों की आजीविका और देश की आस्था का सम्मान हो रहा है। ये सभी काम मोदी जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी और उत्तराखंड के रिश्ते को कोई खत्म नहीं कर सकता। ये दोनों राज्य एक दूसरे के साथ रचे बसे हैं।

# अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तिः आठ करोड़ का मालिक निकला आठ हजार कमाने वाला सफाईकर्मी, मिले अहम सुराग

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने कमाने वाले जिस सफाईकर्मी के नाम का इस्तेमाल किया गया, वह आठ करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला। उसके नाम नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में बेशकीमती जमीनों का बैनामा कराए जाने के सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। फिलहाल, पांच जमीनों के बारे में पता चला है। पुलिस इन संपत्तियों की जांच में जुट गई है। एक दिन पहले ही नवाबगंज के करोली निवासी इस सफाईकर्मी श्याम जी सरोज का नाम तब चर्चा में आया, जब उसने माफिया भाइयों के चार करीबियों पर मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इन चारों ने अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों का बैनामा उसके नाम पर कराया। उसे बंधक बनाकर जबरन दस्तखत करवाए गए और दोनों की मौत के बाद उक्त संपत्तियों का बैनामा करने का दबाव भी बनाया गया। खास बात यह है कि तीन साल पहले जब इन जमीनों का बैनामा कराया गया, तब वह महज आठ हजार महीने कमाता था। मामले में उसने अपने मालिक, माफिया के गुर्गों जावेद, उसके भाई कामरान व फराज अहमद खान निवासी जीटीबी नगर करेली व शुक्ला जी नाम के एक शख्स को नामजद कराया है।

#### कई गुर्गों के नाम भी कराई गई है रजिस्ट्री

मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी तो बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए। सूत्रों का कहना है कि उसके नाम पर फिलहाल, पांच जमीनों का बैनामा कराने की बात पता चली। इनमें से तीन अरैल के मीरखपुर उपरहार व मवैया और दो जमीनें हंडिया व फूलपुर के सरायइनायत में स्थित हैं। इनकी मौजूदा बाजार के अनुसार कीमत आठ करोड़ आंकी गई है।

> “जिन भी संपत्तियों से संबंधित जानकारी मिली है, उनके बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। राजस्व प्रशासन के सहयोग से इन सभी का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित संपत्ति मानकर इन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क भी कराया जाएगा।
> – दीपक भूकर, डीसीपी नगर

# बरेली समेत आसपास के जिलों में येलो अलर्ट, गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश की चेतावनी, बरतें सावधानी

- मंडल के चारों जिलों में अगले 48 घंटे तक मौसम खराब रहने के आसार हैं

जन एक्सप्रेस | बरेली

बरेली समेत पूरे मंडल में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मंडल के चारों जिलों में अगले 48 घंटे तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम में आकस्मिक दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। मौसम विशेषज्ञ ने लोगों से मौसम में बदलाव होने पर सुरक्षित जगह पहुंचने का सुझाव दिया है।

#### सुबह मंडराए बादल 10 फीसदी बढ़ी नमी

शनिवार सुबह हल्के बादल और धूप की लुकाछिपी जारी रही। दोपहर 12 बजे घने बादल छाए पर थोड़ी देर बाद तेज हवा चलने से आगे खिसके। दोपहर में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री और हवा में नमी का स्तर दस फीसदी बढ़त के बाद 58 फीसदी दर्ज हुआ। वहीं, रात का पारा स्थिर और सामान्य से एक डिग्री कम 17.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

#### ओले गिरने की भी आशंका

शनिवार को मौसम विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार 14 और 15 अप्रैल को बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर समेत आसपास के जिलों में मौसम बदलेगा। 30-40 किमी प्रति घंटे के वेग से हवा चलेगी। पहाड़ों पर मंडरा रहे बादलों का जमावड़ा शहर पर लगेगा। वहीं, अनुकूल माहौल बनने की स्थिति में बारिश के साथ ओले गिरने की भी आशंका जताई है। लिहाजा, जनसामान्य और किसानों को जरूरी एहतियात बरतने का सुझाव दिया है। ताकि परिवर्तित हो रहे मौसम से कहीं कोई जन-धन हानि की संभावना न रहे। लोगों को सुरक्षित स्थान पर ठहरने को कहा है। मौसम विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर पश्चिमी राजस्थान समेत दक्षिण पश्चिम मध्य प्रदेश में बना है। लिहाजा, गरज-चमक समेत आंधी-पानी का माहौल बन रहा है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और कन्नौज की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** एकेटीयू ने उठाया कदम, बी.टेक और एम.टेक सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को इस व्यवस्था से काफी फायदा मिलेगा

# अब हिंदी में भी पढ़ाई कर बन सकेंगे इंजीनियर

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- विश्वविद्यालय से जुड़े 753 तकनीकी संस्थानों में यह व्यवस्था लागू होगी
- इस संबंध में कॉलेजों को निर्देशित कर दिया गया है
- छात्र तकनीकी शिक्षा को अपनी भाषा में ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकेंगे

**लखनऊ।** हिंदी भाषा को अब वास्तव में सम्मान मिलने लगा है मध्य प्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करने की जो पहल शुरू की अब उस पर उत्तर प्रदेश का डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय भी चल पड़ा है। विश्वविद्यालय ने परिसर और संबद्ध कालेजों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में भी कराने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध तकनीकी संस्थानों के छात्र अब अंग्रेजी के साथ हिंदी माध्यम में भी पढ़ाई कर सकेंगे। नए शैक्षिक सत्र से यह व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एकेटीयू में अब विद्यार्थियों को हिंदी माध्यम में पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी। संबद्ध कॉलेजों में बी.टेक और एम.टेक सहित अन्य सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को इस व्यवस्था से काफी फायदा मिलेगा। विश्वविद्यालय से जुड़े 753 तकनीकी संस्थानों में यह व्यवस्था लागू होगी। इस संबंध में कॉलेजों को निर्देशित कर दिया गया है। आगामी सत्र से विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम के साथ हिंदी माध्यम में पढ़ने का मौका मिलेगा। जिससे छात्र तकनीकी शिक्षा को अपनी भाषा में ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकेंगे।



#### हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे

पछले सत्र में विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं का विकल्प दिया गया था। अगले सत्र से छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे। इसके लिए पहले भी तकनीकी संस्थानों को निर्देश दिए गए थे। लेकिन कई कॉलेज हिंदी में बीटेक और एमटेक पढ़ाने के पक्ष में नहीं थे। अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद यानी एआईसीटीई ने तकनीकी विश्वविद्यालय और संस्थानों को अंग्रेजी के साथ मातृभाषा हिंदी में भी पढ़ाने के लिए निर्देशित किया है। जिसके मद्देनजर एकेटीयू की ओर से सर्कुलर जारी कर दिया गया है।

#### अपनी भाषा में पढ़ने से काफी आसानी होगी

एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के मुताबिक अब छात्रों को अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी तकनीकी विषय पढ़ाए जाएंगे। जिससे विद्यार्थियों को अपनी भाषा में पढ़ने से काफी आसानी होगी। सभी तकनीकी संस्थानों को दोनों भाषाओं में पढ़ाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र जिनकी अंग्रेजी कमजोर है वह भी आसानी से बीटेक और एमटेक के पाठ्यक्रमों को समझ सकेंगे।

# डीएम-एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न, सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने 236 विधानसभा चित्रकूट के अंतर्गत बल्नरेविल बूथ प्राथमिक विद्यालय बारामाफी, बंदरी एवं 237- विधानसभा मऊ-मानिकपुर के अंतर्गत बल्नरेविल बूथ कंपोजिट विद्यालय डोंडा माफी एवं प्राथमिक विद्यालय रम्पुरिया का औचक निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय परिसर में चैपाल लगाकर ग्राम वासियों से आने वाले लोकसभा के निर्वाचन के दौरान 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से निर्वाचन के दौरान आपसी विवादों के बारे में भी जानकारी की। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता किसी के प्रलोभन, डराने धमकाने तथा बहकावे पर नहीं आएंगे, अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी स्वेच्छा से करें, कोई व्यक्ति अगर आप लोगों को डराता या धमकाता है तथा प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल ऑफीसरों को निर्देश दिए कि इस निर्वाचन में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान कराना है। उन्होंने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कि बूथों पर मतदान के दिन छाया, पानी आदि सभी व्यवस्था सुनिश्चित करे लें। रम्पुरिया ग्राम के निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान सरैया को निर्देश दिए कि तत्काल बूथ पर रैंप बनवाया जाए। साथ ही अच्छी तरह से इसकी साफ सफाई कार्य कराया जाए। प्रकाश व्यवस्था, पानी आदि सभी रहना चाहिए। चैपाल के दौरान ग्राम वासियों ने पेयजल, विद्युत तथा आवासों के सम्बन्ध में समस्याएं बताईं। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आप लोगों को जल्द ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। साथ ही विद्युत व्यवस्था भी विद्युत विभाग के अधिकारियों को भेज कर ठीक कराई जाएगी। आवास के सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि जिन लोगों को आवास नहीं मिला है, उसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि निर्वाचन के बाद ग्राम वासियों को आवास दिलाया जा सके। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों से 85 प्लस मतदाता, मृतक मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महिला, पुरुष मतदाता एवं नए मतदाता के सम्बन्ध में जानकारी की। उन्होंने बूथ लेवल ऑफीसरों को निर्देश दिए कि 85 प्लस के जो मतदाता है, अगर वह मतदान केन्द्र पर मतदान करने में असमर्थ हों तो उनके प्रपत्र भरवाकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए ताकि मतदान दिवस के दिन उनके मताधिकार का प्रयोग कराया जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने ग्राम वासियों से कहा कि मतदान के दिन 20 मई को आप लोग भय मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, अगर कोई किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। मतदान के दिन जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया जाएगा। इसके पूर्व जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने 85 प्लस के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं से मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान किए जाने के सम्बन्ध में स्टीकर भी चस्पा कराया गया।

# शिकायतकर्ता पर पहले से दर्ज है करोड़ों की ठगी का मामला

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

बालू घाट में हिस्सेदारी को लेकर स्वयं को पीड़ित साबित करते हुए शिकायत करके चर्चा में आने वाली महिला चारू गुप्ता के खिलाफ करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी का ममला दर्ज है। स्थानीय अधिवक्ता ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि दिल्ली के ईस्ट रोहतास नगर शाहदरा निवासी चारू गुप्ता पत्नी योगेश गुप्ता ने पिछले सप्ताह बालू घाट में हिस्सेदारी को लेकर स्वयं के साथ धोखाधडी होने की शिकायत की थी। इस मामले के चर्चा में आने के बाद अब प्रतिदिन नए राज परत दर परत खुलते जा रहे हैं। बताया गया कि चारू गुप्ता के खिलाफ बीती 3 अगस्त 2023 को गाजियाबाद के राजनगर नन्दग्राम निवासी मुकेश कुमार ने 19373554 रूपए की धोखाधडी का मामला नन्दग्राम में दर्ज कराया है। मुकेश ने पहले इस मामले की शिकायत इलाकाई पुलिस से की थी। सुनवाई न होने पर उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद न्यायालय ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए इलाकाई पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके तहत इस मामले में चारू गुप्ता के साथ मोहित जैन, निमित जैन, नागेन्द्र कुमार आदि के खिलाफ धोखाधडी से रूपए हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता मुकेश के अनुसार मोहित, निमित, नागेन्द्र और चारू गुप्ता आदि ने 21 करोड़ का इलेक्ट्रानिक का सामना दिलाने का झांसा देते हुए उससे 19373554 करोड़ रूपए ले लिए, उसके बाद न तो सामान दिया गया और न ही पैसा वापस किया गया। पैसा मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गयी। इसके चलते उसने इस मामले की शिकायत की।

### ✻ अधिवक्ता ने की न्याय की मांग

गौरतलब है कि चारू गुप्ता ने विगत दिनों आरोप लगाया था कि मो. खालिद ने बालू घाट में 25 फीसदी की हिस्सेदारी देने के नाम पर उसके साथ 6 करोड़ रूपए की ठगी की है। जिसके बाद से यह मामला सुर्खियों में आ गया था। इस मामले में अतर्रा निवासी अधिवक्ता बृजेश द्विवेदी ने बताया कि चारू गुप्ता स्वयं को धौरहरा बालू खदान का पार्टनर बताती है, किन्तु इसके लेनदेन के सम्बन्ध में उन्हें जानकारी नहीं है। खदान से भी इसका कोई लेना देना नही है। वह खदान में असलहा धारियों के साथ कई बार धमकाने के अन्दाज में जाती है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के नाम बालू का डम्प है। जिसमें चारू गुप्ता और मनोज सिंघल अवैध धन उगाही करना चाहते हैं। इसके चलते फोन से उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। आरोपियों के विरूद्ध पहले से भी अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उन्होंने ने भी सरधुवा थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# अलग-अलग स्थानों पर खेत व खलिहान में लगी आग



**जन एक्सप्रेस। कालपी**

तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में अज्ञात कारणो के चलते खेत व खलिहान में आग लग गई। आग लगने की घटना से किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

शनिवार को ग्राम बबीना में आशाराम पुत्र रामआसरे 13 बीघा गेंहू, घासीराम का 4 बीघा गेंहू के खेत में अज्ञात कारणों की वजह से खेतो में आग लग गई। आग की चपेट में आकर फसल जलकर नष्ट हो गई। इसी प्रकार कल तथा परसो अज्ञात कारणों की वजह से मसगाया गांव में अमित सिंह पुत्र विनोद सिंह 1 बीघा, जगदीश पुत्र पुन्नू अहिरवार 2 बीघा, श्रीराम पाल के डेढ़ बीघा जवा के खेत मे आग लगने की घटनाएं हो गई। आग लगने की सूचना पाकर निकटवर्ती ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लिया। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन केंद्र के एफएसओ महेंद्र बाजपेई, विनोद नायक, फायरमैन रविंद्र कुमार शर्मा, वीरेंद्र सिंह, होमगार्ड सुधर सिंह, वीरेंद्र सिंह की टीम अग्निशन वाहन के साथ मौके पर पहुंची तथा भारी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया। आग लगने की घटनाओं की वजह से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।

## परमात्मा प्रत्येक जीवात्मा के पति है, यही मानवीय जीवन का परम धर्म है - किशोरी शरण

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने बताया कि जब राजा हिमांचल और रानी मैना अपनी पुत्री माता पार्वती की विदाई करते है तो विदाई में दास दासी, सोना चांदी, रथ घोडे, सोने के बर्तन आदि आदि वस्तुएं देते है, फिर भी इतना सब कुछ देने के बाद राजा हिमांचल भगवान शिव के पैर पकड़ कर रोते हुए प्रार्थना करते है कि हे प्रभु आपको कुछ नही दे पाया, मैं आपके देने लायक नही हूं। इसलिए महाराज ने कहा कि दहेज नहीं लेना चाहिए। माता मैना के बारे में बताते हुए कहा कि जब उनकी लाडली बेटी माता पार्वती विदा होने लगी तो उन्होंने भगवान शिव के पैर पकड़ कर रोने लगी और विनय करने लगी कि मेरी बेटी उमा अत्यंत सुकुमारी और हमारे प्राणों से प्यारी है। इससे कभी कोई भूल हो जाय तो प्रभु इसे क्षमा करिएगा। मां मैना के यह वचन सुन भगवान भोले नाथ भी भावुक हो गए। मां मैना अपनी प्यारी बेटी माता पार्वती को अपनी गोद पर बैठाकर शिक्षा देते हुई कहती है कि हे बेटी आज से अपने पति के चरणो की सेवा करना पति से बड़ा कोई देवता नही होता और पति की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही होता। कथा वाचक ने कहा कि जीवात्मा पार्वती है और परमात्मा उसके पति है। उन्होंने बताया कि पतियों के भी पति परम पिता परमेश्वर हैं। अर्थात प्रत्येक जीवात्मा के पति परमात्मा है। यही मानवीय जीवन का परम धर्म है।

# महाराज गुहराज की धूमधाम से मनाई गई जयंती



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

निषाद पंचमी के दिन प्रभु श्री राम की आत्म बालसखा महराजा गुहराज निषाद का जन्मोत्सव जयदेव दास अखाडा में मनाया गया। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम संयोजक राममिलन निषाद, प्रांतीय अध्यक्ष निषाद पार्टी कैलाश कुमार निषाद, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार, निषाद पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज बहादुर निषाद, संगठन जिलाध्यक्ष राकेश निषाद, आरएनईपी जिलाध्यक्ष शारदा निषाद, द ग्रेट युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, विधानसभा अध्यक्ष सुमेद निषाद, भारत लाल निषाद, रामबाबू निषाद, दुर्गेश निषाद, कौशांबी युवा नेता राहुल कुमार, शुभम निषाद, दुर्गेश निषाद, भारत निषाद, सुमन निषाद आदि मौजूद रहे।

### 8 के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले गुड्डू निवासी सकरौंहा, कुलदीप निवासी ऐलहा, चुनकौना निवासी कटरा मजरा गिदुरहा, राजेश निवासी गिदुरहा, जगनारायण निवासी चमरौड़ी, गुलाब पटेल, समरनाथ निवासीगण दराई व भोण्डा निवासी कोटरा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

### 265 लीटर कच्ची शराब व 3 क्विंटल लहन बरामद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली कर्वी, चैकी सीतापुर तथा चैकी खोही परिक्रमा मार्ग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कपसेठी में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान राकेश कुमार निवासी कटैया खादर को 265 लीटर कच्ची शराब, 3 क्विंटल लहन व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह, सीतापुर चैकी उप निरीक्षक मेवालाल मौर्या, सीतापुर चैकी प्रभारी उप निरीक्षक गौरव तिवारी, खोही परिक्रमा मार्ग चैकी प्रभारी उप निरीक्षक रामेश यादव, आरक्षी अतुल परिहार, अमर, महिला आरक्षी सोनी मिश्रा, राखी आदि मौजूद रहे।

# मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के साथ निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप अमृत पाल कौर के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अंतर्गत शनिवार को जनपद के अनेकों स्कूलों एवं कॉलेजों में मतदाता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाबू प्रशांत कुमार इंटर कॉलेज नांदिन कुर्मियांन एवं राजकीय महाविद्यालय पाही चित्रकूट में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय सपहा में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन करते हुए निबंध व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जबकि केदारनाथ रामस्वरूप महाविद्यालय खटवारा राजापुर में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 20 मई को मतदान करने एवं जन सामान्य को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शपथ ग्रहण की।

# एक बार फिर टप्पेबाजों ने वृद्ध को बाइक पर बैठाकर उड़ाए हजारों रुपए

**जन एक्सप्रेस। उरई**

### ✻ टप्पेबाजों का आतंक कायम एक के बाद एक घटना को दे रहे अंजाम, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

कोंच नगर में बाइक सवार टप्पेबाजों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पहले मंदिर से लौट रही महिला के गले से चैन खिंची। दूसरी घटना में महिला को बाइक पर बैठाकर उसे 10 हजार रुपये छीन लिये और शुक्रवार को एक बृद्ध व्यक्ति को बाइक पर बैठाकर उसकी जेब में पड़े चार हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित बृद्ध ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। तीनो ही घटनाओं में पीड़ितों ने बाइक और उस पर सवार दो युवकों का जिक्र किया है।

कोंच कोतवाली ग्राम कुँवरपुरा निबासी 75 वर्षीय मदार बक्स अपना उपचार कराने के लिए नगर के एक निजी चिकित्सक के लिए निकले थे।

जो बस स्टैण्ड से पैदल चिकित्सक के क्लिनिक पर जा रहे थे। तभी रास्ते में पड़ने बाली सागर पुलिस चौकी के पास एक बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए। जिन्होंने बाइक रोककर उनसे सलाम किया और बाइक पर बैठने की बात कही। इतना ही नहीं पहचान बनाने के लिए बाइक सवारों ने उनके गांव और उनके लड़को के नाम भी बताकर वृद्ध को बाइक पर बीच में बैठा लिया और बाइक जब 50 मीटर तक चलोगी होगी तो उन्होंने वृद्ध को यह कहकर उतार दिया कि उन्हें दूसरी जगह जाना है। बाइक सवारो के जाने के बाद उन्हें अपनी जेब का वजन कम महसूस हुआ तो उन्होंने जेब में हाथ डाला तो हाथ कुर्ते की जेब से पार हो गया। बाइक के पीछे बैठा युवक उनकी जेब काटकर उनके चार हजार रुपये निकाल चुका था। अपने साथ घटी घटना की जानकारी उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी। मामले में सीओ उमेश पांडेय का कहना है कि घटना की जानकारी कर जांच की जा रही है।

## अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्ति

# आठ करोड़ का मालिक निकला आठ हजार कमाने वाला सफाईकर्मी

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और अशरफ की बेनामी संपत्तियों का परत दर परत खुलासा हो रहा है। माफिया बंधुओं ने अपनी कुछ प्रॉपर्टी सफाई कर्मी के नाम लिखवाई थी। यह संपत्ति शहर के अलावा फूलपुर इलाके में भी हैं। पुलिस को इसकी जानकारी मिली है।

अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने कमाने वाले जिस सफाईकर्मी के नाम का इस्तेमाल किया गया, वह आठ करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला। उसके नाम नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में बेशकीमती जमीनों का बैनामा कराए जाने के सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। फिलहाल, पांच जमीनों के बारे में पता चला है। पुलिस इन संपत्तियों की जांच में जुट गई है।

एक दिन पहले ही नवाबगंज के करोली निवासी इस सफाईकर्मी श्याम जी सरोज का नाम तब चर्चा में आया, जब उसने माफिया भाइयों के चार करीबियों पर मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इन चारों ने अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों का बैनामा उसके नाम पर कराया। उसे बंधक बनाकर जबरन दस्तखत करवाए गए और दोनों की मौत के बाद उक्त संपत्तियों का बैनामा करने का दबाव भी बनाया गया।

मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी तो बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए। सूत्रों का कहना है कि उसके नाम पर फिलहाल, पांच जमीनों का बैनामा कराने की बात पता चली। इनमें से तीन अरैल के मीरखपुर उपरहार व मवैया और दो जमीनें हंडिया व फूलपुर के सरायइनायत में स्थित हैं। इनकी मौजूदा बाजार के अनुसार कीमत आठ करोड़ आंकी गई है।

खास बात यह है कि तीन साल पहले जब इन जमीनों का बैनामा कराया गया, तब वह महज आठ हजार महीने कमाता था। मामले में उसने अपने मालिक, माफिया के गुर्गों जावेद, उसके भाई कामरान व फराज अहमद खान निवासी जीटीबी नगर करेली व शुक्ला जी नाम के एक शख्स को नामजद कराया है।

जिन भी संपत्तियों से संबंधित जानकारी मिली है, उनके बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। राजस्व प्रशासन के सहयोग से इन सभी का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित संपत्ति मानकर इन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क भी कराया जाएगा। ब्लैंक चेक पर करा रखे थे दस्तखत, नोटिस श्याम जी सरोज ने पुलिस की पूछताछ में शुक्रवार को अन्य खुलासे भी किए। बताया कि आरोपियों ने उसके नाम पर आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुलवा रखा था। साथ ही चेकबुक, एटीएम व पासबुक अपने कब्जे में रखे थे। ब्लैंक चेक पर दस्तखत करा लिए थे। साथ ही समय-समय पर उसके नाम एनआई एक्ट के तहत नोटिस भी भेजते रहते थे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में टैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोंच कोतवाली के ग्राम भेंड़ निवासी सन्दीप जाटव 35 वर्ष कोंच के मुहल्ला तिलक नगर में अपने मौसा चेतराम के घर पर विवाह का लगुन कार्यक्रम समारोह से शामिल होने आया था। जब वह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद बाइक से अपने गांव भेंड़ बापस जा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही के चलते ग्राम पचीपुरा के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। लोगों ने सूचना पुलिस व गांव बालों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पिता अमर सिंह ने बताया कि उसका पुत्र ट्रैक्टर मिस्त्री था और उसका विवाह भी हो चुका था। जिसके दो पुत्र है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# सपा ने कौशाम्बी से इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र पर लगाया दांव

**जन एक्सप्रेस। कौशाम्बी**

पुष्पेंद्र सरोज सपा के पिता इंद्रजीत सरोज राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही मंझनपुर विधानसभा से पांच बार विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में भी वह मंझनपुर सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक मार्च 1999 को जन्मे पुष्पेंद्र सरोज प्रयागराज के धूमनगंज इलाके के सुलेमसराय में रहते हैं।

समाजवादी पार्टी ने कौशाम्बी लोकसभा (सुरक्षित) सीट से पुष्पेंद्र सरोज को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पुष्पेंद्र सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। कई दिनों से इनके नाम की अटकलें लगाई जा रही थीं। शुक्रवार को सपा ने आधिकारिक रूप से दो प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। इसमें कौशाम्बी से पुष्पेंद्र सरोज और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को उम्मीदवार बनाया गया है। पुष्पेंद्र सरोज सपा के पिता इंद्रजीत सरोज राष्ट्रीय महासचिव के साथ ही मंझनपुर विधानसभा से पांच बार विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में भी वह मंझनपुर सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक मार्च 1999 को जन्मे पुष्पेंद्र सरोज प्रयागराज के धूमनगंज इलाके के सुलेमसराय में रहते हैं। उन्होंने लंदन के क्वीन यूनिवर्सिटी से एकाउंटेंसी से स्नातक की डिग्री हासिल की है।

लंबे इंतजार के बाद सपा ने भी कौशाम्बी (अजा.) संसदीय क्षेत्र से अपने पत्ते खोल दिए। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय महासचिव एवं सदर विधायक इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है।

# अलग-अलग स्थानों पर नलकूप खराब होने से आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति ठप्प

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगरीय पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। नगर के दो अलग-अलग स्थानों में नलकूपों में खराबी आ जाने के कारण आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले में पानी की आपूर्ति ठप्प हो गई है। भीष्ण गर्मी को देखते हुए मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

नगर में जलापूर्ति करने के लिए अलग-अलग 15 स्थानों में जल संस्थान के नलकूप स्थापित हैं। जलसंस्थान के परिसर में स्थित नलकूप नंबर-2 से 10 लाख लीटर के क्षमता वाली ओवरहैंड पानी की टंकी को भरा जाता है। साथ ही हरीगंज, राजघाट, मिर्जामंडी आदि मोहल्ले में भी जलापूर्ति होती है। विगत 11 अप्रैल को नलकूप नंबर दो की 35 एचपी की सब्सेबिल की मोटर फुक गई। जिससे नलकूप का संचालन ठप्प हो गया। नलकूप बन्द हो जाने से उक्त मुहल्लों में जलापूर्ति ठप्प हो गई। साथ ही ओवरहैंड भी नही भर पा रहा है। अवर अभियंता



आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन पर नलकूप की मोटर को बदलने का काम शुरू कराया गया है। इसी प्रकार शनिवार की दोपहर को बंदरो के द्वारा हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया। जिससे सब्जी मंडी स्थित नलकूप नम्बर-12 में खराबी आ जाने से राजेपुर आदि मुहल्ले में आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो गई। वरिष्ठ लिपिक शुजाउत हुसैन ने बताया कि नलकूपों को सुधारने का काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर आ जायेगी।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | रविवार | 14 अप्रैल 2024


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पाँच दिनों मे मध्यम से घने बादल छाए रहने के कारण स्थानीय स्तर पर गरज-चमक, धूल भरी आंधी, तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 38.8 (+2.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 20.0 (-0.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 57 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 26 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- शान्त
वर्षा (मि0मी0) : 2.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# 14 साल की मासूम को मौलाना ने बना डाला अपनी हवस का शिकार




जन एक्सप्रेस | हिमांशू मिश्र

**कानपुर नगर।** शहर के थाना नौबस्ता क्षेत्र में निवास करने वाले एक मौलाना के द्वारा 14 साल की किशोरी के साथ उसका जबरन रेप कर गर्भपात कराने का शर्मनाक मामला सामने आया है, आरोप है कि मासूम किशोरी को मौलाना अपनी हवस का शिकार बनाता रहा और उसे गर्भवती भी कर दिया, समाज में उसकी हकीकत सामने न आ जाए इसलिए उसने किशोरी को गर्भपात की दवा खिला दी, दवा खाने के बाद किशोरी की हालत बिगड़ी तो घर वालों के सामने राज खुला, किशोरी का इलाज कराने के बाद थाना नौबस्ता में बीते दिन शनिवार को परिजनों ने तहरीर देकर आरोपी मौलाना के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नौबस्ता क्षेत्र स्थित बरकाती मस्जिद के पास सोनू हाफिज नाम का मौलाना रहता है। उसके द्वारा एक 14 वर्ष की किशोरी को रोजाना बहला फुसलाकर कर अपने घर बुलाया जाता था। मौलाना किशोरी को खाने पीने के लिए बहुत सी चीजें उपलब्ध कराता था।

लगभग तीन माह से किशोरी संग मौलाना जबरन रेप कर रहा था। हर मर्तबा मौलाना किशोरी को डरा धमका देता था कि अगर उसने किसी के सामने राज खोला तो वह उसकी जान ले लेगा और उसके साथ ही अगर वह उसके पास नहीं आई तो फिर उसे समाज में बदनाम कर देगा।

**गर्भपात के बाद खुला राज**

किशोरी के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटी को जब तीन माह का गर्भ ठहर गया तब मौलाना का राज न खुल जाए इसलिए उसने उनकी बेटी को गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाने के बाद उनकी बेटी की हालत बिगड़ गई, और जब उन्होंने बहुत ही प्यार से अपनी बेटी से सब कुछ पूछा तो उसने पूरी की पूरी घटना उनके सामने खोल कर रख दी कि कैसे मौलाना उसे अपनी हवस का शिकार बनाता था। पीड़ित परिजनों ने बच्ची का इलाज अस्पताल में करवाया और बीते दिन शनिवार को थाना नौबस्ता के कोतवाल से मिलकर तहरीर देकर आरोपी मौलाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है।

**मौलाना को पुलिस ने कर लिया है गिरफ्तार**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मासूम किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले हाफिज मौलाना सोनू को नौबस्ता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने मौलाना की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है।

**जन एक्सप्रेस की अपील**

जन एक्सप्रेस के माध्यम से आप सभी लोगों से निवेदन है कि विशेष तौर पर आप अपने बच्चों का ख्याल रखें, चाहे वह लड़की हो अथवा लड़का अगल-बगल में भी वह है किसी के घर पर जा रहे हैं तो उन पर मजबूती से निगाह रखें, छोटे-छोटे बच्चों को जब तक वह वयस्क नहीं हो जाते तब तक उन्हें गुड और बैड टच की भी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। बच्चों को ज्यादा देर अकेला खेलने के लिए ना छोड़े। जरा सी भी अनहोनी की आशंका हो तो बच्चों से बहुत ही प्यार से पूछें।

## भाजपाई करेंगे नुक्कड़ सभाओं का आयोजन, पन्ना प्रमुख करेंगे भोजन की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने शनिवार को बैठक कर अंबेडकर जयंती एवं नुक्कड़ सभाओं के बारे में योजना तैयार की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक साथ भोजन करने से पारस्परिक सद्भाव, आपसी समन्वय और सहयोग की भावना जागृत होती है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्ताओ द्वारा दलित वर्ग के शिक्षाविद, उद्यमी, वकील, व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, समाजसेवी एवं कलाकारों को उनके घरों पर सम्मानित किया जाएगा। बैठकों में डॉ.अंबेडकर के द्वारा दलित समाज उत्थान के विचारों एवं किए गए प्रयासों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों, बस्तियों में लगी डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण, मिष्ठान वितरण के उपरांत बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों में मंत्री, महापौर, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, पार्षद के अलावा प्रदेश, क्षेत्र,जिला, मण्डल पदाधिकारी सहित शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ कमेटी, पन्ना प्रमुख अपने घरों से




अपना भोजन टिफिन लेकर अपने आवंटित बूथों की बैठकों में पहुंचेंगे। बूथ पर सभी अपना अपना टिफिन खोलकर खायेंगे। पार्टी कार्यकर्ता घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क और संवाद करेंगे और उन्हें पीएम मोदी की उपलब्धियां के बारे में बताएंगे। पार्टी प्रत्येक शक्ति केंद्र स्तर पर नुक्कड़ सभाएं करेगी। नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के 50 पदाधिकारियों एवं नेताओं को वक्ता के रूप में भेजा जाएगा। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि दक्षिण जिले में 1142 बूथों पर टिफिन बैठकें होंगी। 20 से 27 अप्रैल के बीच सभी 169 शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, डॉ.वीना आर्य पटेल, प्रबोध मिश्रा, राम बहादुर यादव, राजन चौहान, के के सचान, संजय कटियार, अर्चना आर्या, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया, अनिल त्रिपाठी, वीरेंद्र दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## महिला डॉक्टर ने गरीब बच्चों संग मनाया अपना जन्मदिन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जनहित इंडिया फ़ाउंडेशन के उद्देश्यों और अभियान से प्रभावित होकर शहर की युवा विचारधारा की डाक्टर शशि कटियार ने अपना जन्मदिन बड़ी सादगी से मनाए जाने के संकल्प को लेकर अपने डाक्टर मित्रों और पारिवारिक जनों के साथ आर.ऐस. पुरम, के समीप गरीब बस्तियों के बच्चों के बीच मनाया, बच्चों के साथ केक काटा, बच्चों को उपहार भी बांटे। खाने पीने की सामग्री के साथ ही, सुन्दर गिफ्ट पाकर बच्चे प्रसन्नता से चहक उठे और मस्त होकर डांस करने लगे द्य डाक्टर शशि ने भी बच्चों को खुश पाकर अपने मित्रों सहित बच्चों के साथ डांस किया।

इस अवसर पर जनहित फ़ाउंडेशन की सचिव अर्चना सक्सेना, कोषाध्यक्ष आयुषी, एकता सक्सेना, महेंद्र जीत सिंह भी उपस्थित रहे।

## कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के 40 छात्रों का दल निकला औद्योगिक भ्रमण पर



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में शनिवार को कृषि व्यवसाय प्रबंधन विभाग के 40 छात्रों का दल औद्योगिक भ्रमण करने के लिये अमूल डेयरी प्लांट माती कानपुर देहात के लिए विभाग के विभागध्यक्ष डॉ.सी. एल. मौर्य ने विभाग के समन्वयक डॉ.अंशू सिंह, डॉ.नीतू, डॉ.सौरभ सोनकर की उपस्थिति में झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर डॉ. अंशू ने बताया कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन के छात्रों ने औद्योगिक भ्रमण से अमूल के उत्पादों की विभिन्न श्रृंखलाओं जैसे दूध संग्रह, पाश्चुरीकरण और पैकेजिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। छात्रों ने अमूल किस प्रकार क्षेत्र के किसानों से दूध एकत्र कर दुनिया की सबसे बड़ी दूध सहकारी समिति बना संबंधी जानकारी हासिल की। छात्रों ने यह भी जाना कि अमूल अपनी मशीनरी के साथ दूध पाउडर कैसे बनाता है और इसके अलावा बटर मिल्क और उनके पैकेजों का उत्पादन करना, सप्लाई चैन, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रमोशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं को पनीर बनाने में शामिल प्रक्रियाओं का निरीक्षण करने का अवसर मिला और साथ ही आइसक्रीम फैक्ट्री का दौरा किया जहां उन्होंने सीखा कि-40 ष्ट पर बर्फ कैसे बनती है और-18C पर बर्फ कैसे जमा होती है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि आनंद में अमूल फैक्ट्री की उनकी यात्रा वास्तव में ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने डेयरी और चॉकलेट उत्पादन प्रक्रियाओं की गहरी समझ हासिल की और गुणवत्ता और स्वच्छता के प्रति अमूल की प्रतिबद्धता से प्रभावित हुए। इस यात्रा ने ग्रामीण विकास में सहकारी समितियों के महत्व और क्षेत्र के लाखों किसानों के जीवन को बदलने में अमूल की सफलता के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ.सी एल मौर्य अधिष्ठाता कृषि संकाय ने डॉ.अंशु सिंह, डॉ.नीतू एवं डॉ.सौरव द्वारा छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धक एवं केरियर विकास के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

## अकबरपुर लोकसभा का नाम बदल करें हनुमंतपुर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर के सभी को अवगत कराया कि उन्होंने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि कानपुर - बुंदेलखंड क्षेत्र स्थित लोकसभा संख्या 44 का नाम अकबरपुर लोकसभा से बदलकर हनुमंतपुर लोकसभा करने किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह आवश्यक इस लिए भी है।

क्योंकि लोकसभा 44 के अन्तर्गत कई दिव्य दर्शनीय स्थल हैं जैसे की कुढ़नी स्थित हनुमान मंदिर, मैथा स्थित हनुमान धाम, भीतरगाँव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर, अकबरपुर स्थित काली माता मंदिर, घाटमपुर स्थित माँ कूष्मांडा देवी मंदिर आते हैं।

## तारणी कुमार पासवान का केंद्रीय संगठन मंत्री बनने पर किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



हिन्द मजदूर सभा, कानपुर मंडल एवं अन्य श्रमिक संघो द्वारा सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के ईंजीनियरिंग शाखा कार्यालय पुरानी रेलवे स्टेशन, रेलवे ग्राउंड के पीछे, जी0 टी0 रोड, कानपुर में तारणी कुमार पासवान को नागपुर में हुये हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्रीय संगठन मंत्री निर्वाचित होने पर शनिवार को भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महामंत्री योगेश ठाकुर ने मुख्य अथिति उपआयकर आयुक्त राघवेंद्र सिंह, विशिष्ट अथिति वरिष्ठ बैंक नेता रजनीश गुप्ता के साथ अध्यक्षता कर रहे मंडल संरक्षक शरद प्रकाश अग्रवाल सहित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि तारणी कुमार पासवान के नेतृत्व में हिन्द मजदूर सभा, कानपुर मंडल का पुनर्गठन लगभग गत तीन वर्ष पूर्व किया गया था। उसके बाद उत्तर प्रदेश के सफल अधिवेशन में का0 पासवान ने महत्वपूर्व भूमिका निभायी। इस वर्ष प्रांतीय उपाध्यक्ष के रूप में नागपुर में हुये केंद्रीय अधिवेशन में भाग लिया। जहां राष्ट्रीय संगठन सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित होने से कानपुर के श्रमिक को गौरव दिलाया है।

इस समारोह की अध्यक्षता मंडल संरक्षक एवं आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल ने की तथा सफल संचालन महामंत्री योगेश ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त गणमान्य लोगों के अलावा उपाध्यक्ष एवं एल0आई0सी0 के वरिष्ठ नेता रघुवीर सिंह, रेलवे यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, केस्को से राम शंकर मिश्रा, कोषाध्यक्ष राज कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप खत्री, मंत्री रमा शंकर, आडीटर वी0के0 यादव, महेंद्र सिंह यादव, नरेश यादव, सत्य नारायण, कैलाश पासवान, संजय बलानी, विनोद उर्फ पप्पू, सुदेश कुमार, बजरंग बहादुर, एन0के0 वर्मा, राकेश, राजेश यादव, अनिल वर्मा, जितेश जगन्नाथ साहू, राजकुमार गुप्ता, शिव कुमार, सिकंदर, वीरेन्द्र यादव, अनिल वर्मा, एन0 के0 मौर्य, रफीक सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्राइम ब्रांच टीम ने दबोचे आई.पी.एल. के सटोरिए

**✻ थाना हरवंश मोहाल क्षेत्र के होटल मेफेयर इन में चल रहा था आईपीएल सट्टे का कारोबार**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कानपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच पुलिस बहुत दिनों बाद नींद से जागी है। और उसके बाद आई पी एल के नाम पर सट्टा खिलाने वाले तीन सट्टेबाजों को एक मोटी रकम के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि शहर में लगभग 500 सौ सबसे अधिक सट्टेबाज और जुआड़ खानों का संचालन करने वाले बुकी हैं उन पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन फिर भी दे से आए दुरुस्त आए अगर यह सिलसिला इन्हीं तीन सट्टेबाजों पर रुक गया तो यह मान लिया जाएगा कि मामला संदिग्ध है लेकिन अगर अभियान चलता रहा तो यह माना जाएगा कि वाकई में क्राइम ब्रांच अब सट्टेबाजों का साम्राज्य खत्म करेगी। मिली जानकारी के अनुसार अपराध शाखा कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा आईपीएल खिलवाने वाले गैंग के लीडर व सदस्यों को गिरफ्तार किया गया गया। शनिवार को थाना हरवंश मोहाल चौकी हरवंशमोहाल क्षेत्र के होटल मेफेयर इन में आईपीएल सट्टा खिलवाने वाले गैंग द्वारा सट्टा का संचालन किया जा रहा था, मुखबिर खास की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम द्वारा दबिश देकर आईपीएल संचालक व सदस्यों को गिरफ्तार कर थाना हरवंश मोहाल पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गिरफ्तार किए गए सटोरिए सुमित आनंद उर्फ सोमू, राहुल गुप्ता, सोनू गुप्ता, ने पुलिस को बताया कि वह ऐप में आने वाले रेट के अनुरूप भाव लगाकर आई.पी.एल. के मैचों पर जीत हार का सट्टा मोबाइल पर अपने एजेन्टों के माध्मय से करवाते हैं। जीत हार की लेन देन का सारा हिसाब गैंग का साथी रोहित गुप्ता अपने एजेन्ट के माध्यम से कराता है तथा सारा हिसाब किताब लैपटाप में मौजूद रहता है। ASSISTANT साफ्टवेयर के माध्यम से आई.पी.एल. मैच में सट्टे की बोली लगाने बाले लोगो का विवरण तथा लाभ हानि का परिणाम प्रदर्शित होता है। IPL के अलावा अन्य देशों की लीग में भी सट्टा लगवाते थे।

## एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलपति को दी बधाई



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर मे कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक का 3 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने एवं कार्यकाल विस्तारित होने पर शनिवार को सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

इस अवसर पर सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कैंपस एलुमनाई एसोसिएशन के सचिव डॉ. विवेक सिंह सचान ने बताया कि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन मे विश्वविद्यालय के परिसर स्थित छात्र - छात्राओं के लिए विशेष रूप से एलुमनाई एसोसियेशन का गठन किया गया एवं विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में विगत वर्षों में एलुमनाई मीट एवं पुरातन छात्रों के सहयोग से सेमिनार, कॉन्फ्रेंस एवं इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, नवदीप श्रीधर, अंकित श्रीवास्तव, अर्पित मिश्रा एवं अमित गुप्ता आदि पुरातन छात्र मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बेकनगंज थाने में दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। थाना बेकनगंज के रिजवी रोड में रहने वाले मो. मुजम्मिल नाम के व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर नावेद नाम के युवक के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मोहम्मद मुजम्मिल का आरोप है कि बीती 12 अप्रैल को समय करीब रात 10 बजे ईद के त्यौहार के कारण उसके जीजा व बहन उसके घर अपनी कार से आये थे। इसी दौरान घर के बाहर बैठे अनवरगंज निवासी नावेद पुत्र इखलाक अहमद शराब के नशे मे गाली गलौज करने लगा मना किया तो उसके साथ मारपीट की जिससे उसकी आंख मे और शरीर पर कई चोटें आई और कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर बेकनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### गोविंद नगर पुलिस ने पशु तस्कर दबोचे

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। थाना गोविन्द नगर पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सब इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार चौकी प्रभारी रतनलाल नगर अपने हमराह हे.का.मनोज कुमार, संग सरकारी जीप चालक हेड का. राघवेन्द्र अवस्थी के साथ चौकी क्षेत्र मे रात्री गस्त पर थे। जैसे ही गस्त करते हुए दबोली मोड पर पहुचे तो जरिये मुखविर खास सूचना मिली की एक मैक्स पिक्प में पशु (भैसे) काटने के लिए ले जा रहे है। मुखविर खास की सूचना पर कामदगिरी होटल गुजैनी बाईपास आकर रुके तो कुछ देर बाद वाहन मैक्स पिकप सचेडी की दिशा से आता हुआ दिखाई दिया। वाहन मैक्स पिकप है जिसमें (पशु) भैसे भरी मिली मामले में प्रवीन कुमार मो0 एतशाम को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुरालली जनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाना कोहना में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना कोहना के पुराना कानपुर में निवास करने वाली रिचा कुमारी उर्फ दुर्गा देवी का आरोप है कि उनका विवाह थाना नौबस्ता क्षेत्र के राजीव विहार में रहने वाले रोहित दिवाकर से 17 फरवरी 2022 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार मुस्कान गेस्ट हाउस, आजाद नगर, गंगा बैराज रोड, से सम्पन्न हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही रोहित दिवाकर व अन्य ससुरालीजन सास शान्ति देवी, ससुर रामकिशन दिवाकर, चचिया ससुर, रामकरन दिवाकर, मौसेरी सास रानी, मौसेरी नन्द सोनम, देवर मोहित, देवर ममिया ससुर विनोद व मामी सुमन, मौसेरा देवर मनोज आदि सभी लोगों ने एक राय होकर नाजायज दहेज की मांग की जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो उसके साथ मारपीट कर उत्पीड़न किया जाने लगा। पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर थाना कोहना में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश के बाद पति समेत नौ ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।




## जे.पी. पैलेस में संपन्न हुआ श्री रामोत्सव का कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर दक्षिण द्वारा श्री रामोत्सव का कार्यक्रम जे पी पैलेस बाकरगंज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का श्रीगणेश विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन कर किया। विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, रामलला के साथ उनकी मर्यादाओं व हिन्दू संस्कृति की भी पुनः प्राणप्रतिष्ठा हुई। इस दिन यह सिद्ध हो गया कि राम ही राष्ट्र हैं और राष्ट्र ही राम हैं। पूज्य सन्तों और महापुरुषों के संकल्प, दूरदृष्टी और बलिदानों के बिना यह गौरवशाली पल नहीं आ सकता था। उन सभी ज्ञात-अज्ञात संतों-महापुरुषों को वंदन है, हिन्दू समाज सदैव उनका आभारी रहेगा। 22 जनवरी 2024 के पश्चात् एक नए युग का आरंभ हो गया है। अब राम मंदिर से रामराज्य की यात्रा आरम्भ हो गई है। यह एक सभ्यता का संघर्ष है जिसमें हिन्दू सभ्यता के सांस्कृतिक जीवन मूल्य स्थापित हो रहे हैं।वर्तमान कालखण्ड भारत के लिए गौरवशाली तथा सकारात्मक परिवर्तन का कालखण्ड है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अर्चना दीदी, आशीष, कालीचरण, सचिन, अर्चिता, वरुण, नैमिष, मोहित, मुकेश, रश्मी, रोहिणी आदि उपस्थित रहे।

### नवाबगंज पुलिस ने दर्ज किया मारपीट का मुकदमा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। थाना नवाबगंज में एक पीड़ित की तहरीर पर मारपीट करने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। थाना ग्वालटोली के खलासी लाइन क्षेत्र में निवास करने वाले दीपक दिवान नवाबगंज पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीती 12 अप्रैल को वह चिड़ियाघर घूमने आया था घूमने के दौरान उसकी मोसाईकिल आरीफ व उसके दो अन्य साथियो के साथ टकरा गयी थी जिस पर आरीफ व उसके साथियो ने उसके मारपीट कि गाली गलौच देते हुए जान से मारने कि धमकी दी और भाग गये।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

**साढ़।** आगामी होने वाले चुनाव का माहौल चारो ओर खूब जोरो से चल रहा जगह जगह लोगो का गुट जमा होकर सरकार की अच्छाईयों व बुराइयों की चर्चा सुनने व देखने को मिल रही है इसी क्रम में विधनू खण्ड शिक्षा अधिकारी भरत वर्मा ने न्याय पंचायत रमईपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा रमईपुर के छात्रों व संकुल के शिक्षकों की मतदाता जागरूकता रैली में प्रतिभाग करते हुए गाँव की सभी गलियों में रैली निकाली गई पूर्व माध्यमिक विद्यालय रमईपुर प्रथम प्राथमिक विद्यालय द्वितीय व कम्पोजिट विद्यालय रमईपुर के छात्र-छात्राये पोस्टर, बैनर व होल्डिंग के साथ सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो पहले मतदान फिर जलपान, लोकतंत्र की यह पहचान मतदाता और मतदान स्लोगन गाते हुए मतदान हेतु जनमानस को जागरूक किया गया रैली में संकुल प्रभारी अभय श्रीवास्तव, मीना त्रिपाठी, चन्दन जैन, रिजवाना, रानू त्रिपाठी, कुसुमलता, सुधाबाला व नीलम मिश्रा ने प्रतिभाग किया। संगीता एवम उनके समस्त स्टाफ द्वारा रैली का आयोजन किया गया।



# लोकतंत्र की यही पुकार, मतदान करें सब परिवार: राम किशन कश्यप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शनिवार को जनपद के विकासखंड तिलोई के खंड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप के नेतृत्व एवं धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उ.प्र.प्रा. शिक्षक संघ अमेठी की अगुवाई में एक सौ चालीस विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली को खंड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप और प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने झण्डी दिखाकर रवाना किया।रैली ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई से



निकल कर राजभवन तिलोई,राजा विश्वनाथ शरण इण्टर कालेज,सुभाष पशुपति नाथ इण्टर कॉलेज होते हुए तहसील परिसर पहुंची। जहां एसडीएम आशीष सिंह ने सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया।बृजेश कुमार सिंह एवं माधवेन्द्र प्रताप सिंह एआरपी ने संयुक्त रूप से पहले मतदान फिर जलपान, राष्ट्र का करे जो उत्थान, हम करें उसी को मतदान, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान।

के नारे लगवाते हुए रैली को गति दे रहे थे। रैली तहसील तिलोई परिसर से निकलकर मोहनगंज चौराहा होते घूमते हुए ब्लाक संसाधन केंद्र तिलोई पर समाप्त हुई। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए राम किशन कश्यप ने मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई। और शत्-प्रतिशत नामांकन कराने हेतु शिक्षकों को निर्देशित किया। और शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से कहा कि सभी समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी शिक्षकों से ससमय विद्यालय उपस्थित होने एवं अभिभावकों से सम्पर्क करके अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करने को प्रेरित किया।रैली में विद्यालयों के सैकड़ों शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## इलाज कराने जा रहे पिता-पुत्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिले के कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई ।कमरौली थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार सुबह लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर दो लोगों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई ।उन्होंने बताया कि तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।मृतकों की पहचान थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के अकबरपुर निवासी रामबरन यादव उम्र करीब 60 वर्ष और रंजीत यादव 32 वर्ष के रूप में हुई है ।जानकारी के मुताबिक दोनों सुबह घर से दवा लेने के लिए एक निजी अस्पताल में जा रहे थे। लेकिन तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी ।थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्ट मार्टम के लिए भेज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान में मनाया गया वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में कलतरंग-2024 का शुभारंभ संस्था के निदेशक प्रोफेसर ए.एस.के.सिन्हा एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।



समारोह में सभी शिक्षक गण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा में आरजीआईपीटी जायस अमेठी, फिरोज़ गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान रायबरेली, संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट लखनऊ आदि संस्थानों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं की शुरुआत संगीत सारंग एकल गायन के साथ हुई। जिसमें विभिन्न संस्थानों से आए छात्र छात्राओं ने मंच पर सुरो की सौगात बिखेरी। इसके साथ ही पैलेट पैंटमाइम चित्रकारी प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ कलाकृति बनाने की होड़ लग गई। मध्याह्न प्लाज़ा बिल्डिंग में ग्रूव फ्यूजन स्ट्रीट डांस का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के मध्य खेल भावना से ओत-प्रोत होकर प्रतिस्पर्धा देखी गई। जिसे अंत में आर जी आई पी टी के विद्यार्थियों ने जीत हासिल की।इस जीत के साथ ही स्पिट बार्स रैप बैटल की शुरुआत हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने लिखने और गाने की कला से समा बांध दिया।उधर दूसरी तरफ विवेकानंद सभागार में **एका कला** एकल नृत्य की शुरुआत के साथ प्रतिद्वंदियों ने स्वयं को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने की दौड़ में पूरे सभागार को अपनी कलाओं से रोमांचित कर दिया। समारोह में संस्था के छात्र छात्राओं द्वारा अनेकों संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसका सभी लोगों ने आनंद उठाया। समारोह में अधिष्ठाता छात्र मामले डॉ.देबाशिस पांडा, सांस्कृतिक परिषद के संकाय संयोजक डॉ. अनिर्बन मुखर्जी, सह संयोजक डॉ. अमित सक्सैना और डॉ. गार्गी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लाफ्टर चैलेंज के विजेता स्टैंड अप हास्य कलाकार रजत-सूद ने अपने शेरों शायरी और हसी ठिठोलो से पूरे जन समूह को बांधे रखा।

# जिलाधिकारी ने खेत पहुंचकर कराई गेहूं के फसल की क्रॉप कटिंग

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील अकबरपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम बरसावा हासिम पुर में रवी सीजन की फसल गेंहू की क्रॉप कटिंग cce agri app के माध्यम से की गई तथा उत्पादकता का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किसान के खेत में पक कर तैयार गेहूं को हसिया से कटाई की गई।इस दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम बरसावा हासिमपुर के गाटा संख्या 158 त्रिभुवन पुत्र रामनवल के खेत मे 10 मीटर भुजा वाले समबाहु त्रिभुज क्षेत्र के अन्तर्गत रबी फसल गेंहू की कटाई एवं उससे प्राप्त गैंहू का वजन भी कराया गया। निर्धारित क्षेत्रफल 0.0043 हेक्टेयर ( 43.3 वर्ग मीटर ) मे 19.93 किग्रा गेहूं की फसल प्राप्त हुई जिसके अनुसार प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 46.027 कुंतल होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उपज के सही



आँकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित लोगों से क्षेत्र में उत्पादित की जाने वाली प्रमुख फसलों, गेहूं की विभिन्न किस्मो व उत्पादकता संबंधी जानकारी भी प्राप्त की गई। क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा क्षेत्र में फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार कर शासन को भेजे जाते है और इसी आधार पर फसल बीमा धारकों को नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग के आंकड़ों को संग्रहित करके शासन को भेजता है इसके आधार पर ही जनपद के विभिन्न फसलों का प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार जायसवाल, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, अपर कृषि सांख्यकी अधिकारी और अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक मजबूती मिली: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने रूदौली विधान सभा के शुजागंज मंडल के ग्यारह गावों में चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद किया। उन्होंने कुढ़ा सादात, आसुमउ, भिटौरा, सराय अहमद, गेरौंडा, बहोरिकपुर, सीवन, खेद्दीपुर, सिठौली, जरायलकला, पुराएं में आयोजित चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही। चौपाल स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा सांसद का माला पहना कर स्वागत किया गया। आयोजित चौपाल में सासंद लल्लू सिंह ने कहा मोदी सरकार ने बिचौलियों को हटा कर योजनाओं का लाभ सीधा बैंक खाते में दिया है। जिससे योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र लाभार्थियों को मिला है। किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक मजबूती मिला है। कन्या विद्या धन, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी पढाओ-बेटी बचाओ योजनाओं से महिलाओं का उत्थान हुआ है। पीएम आवास योजना के माध्यम से लोगों को आवास दिए गए है। अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया गया है। अयोध्या आज विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में उभरी है। चार जून को अयोध्या को भगवा मय करने का संकल्प लें।

# जनसहभागिता के आधार पर समरसता दिवस के कार्यक्रमों का करें आयोजन: विजय प्रताप सिंह

**समरसता दिवस की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय पर बैठक सम्पन्न**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को भाजपा वृहद रूप में मनाने की तैयारियों में जुट गई है। 14 अप्रैल को समरसता दिवस के रूप में सभी बूथ पर मनाया जाएगा। महानगर स्तर का पदाधिकारी मौजूद रहेगा। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सहादतगंज कार्यालय पर महानगर, मोर्चा, मंडल व शक्ति केन्द्र प्रभारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह पदाधिकारी की उपस्थिति व सांगठनिक रिर्पोट ली तथा बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण बताने को कहा।

बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अम्बेडकर जयंती को महानगर के सभी बूथों पर मनाया जाना है।

जिसके लिए महानगर के 56 शक्ति केंद्रो पर महानगर पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जो शक्ति केंद्र के सभी बूथों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेगा। बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में बूथ समिति के सभी 11 सदस्य, पन्ना प्रमुखों की उपस्थित अनिवार्य है। समरसता दिवस पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बूथ पर निवास करने वाले लोगों को भी आमंत्रित करें। जनसहभागिता के आधार पर समरसता दिवस कार्यक्रमों का आयोजन करें। अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन 29 अप्रैल को होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंडल व शक्ति केंद्रों की बैठकें जल्द कर ली जाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चल कर डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के हितों में योजनाओं की श्रंखला प्रदान की है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता में उत्साह का माहौल है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि बूथों पर आयोजित समरसता दिवस पर कार्यकर्ता सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो तथा जनकल्याण कारी योजनाओं की चर्चा अवश्य करें।

बैठक में संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, विधानसभा संयोजक रमापति पांडे, विधानसभा प्रभारी अशोक कसौधन, परमानंद मिश्रा, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित महानगर, मोर्चा, मंडल व शक्ति केन्द्र प्रभारियों की मौजूदगी रही।

## एक दर्जन कांग्रेसियों ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का साथ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के प्रतिष्ठित होटल में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष द्वारा प्रेस कांफ्रेंस की गई जिसमें लगभग 1 महीने पूर्व 1 दर्जन लोगों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी आज चुनाव के 1महीने पहले सभी दर्जन भर कांग्रेसियों ने भाजपा के जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी दिनेश प्रताप सिंह मंत्री स्वतंत्र प्रभार व पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी के सम्मुख सभी लोगो ने सदस्यता ली अगुआई कर रहे उप्र कांग्रेस के सदस्य व जिलाकांग्रेस के महामंत्री रविन्द्र सिंह के साथ महामंत्री नागेन्द्र सिंह अभिषेक दिवाकर पी सी सी सदस्य जितेन्द्र द्विवेदी सचिव जिलाकांग्रेस राजकिशोर सिंह बगेल अध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ पूर्व प्रत्याशी बछरावां साहब सरन पासवान युथ कांग्रेस के मोहित सिंह अजीत सिंह प्रकाश मोरारका पूर्व जिलापंचायत सदस्य श्रीमती शकुंतला यादव धर्मेन्द्र सिंह प्रधान सहित तमाम लोगों ने भाजपा की शदस्यता ली इस मौके पर पार्टी के तमाम वरिष्ट लोग मौजूद रहे।

# जलियांवाला बाग नरसंहार के अमर शहीदों को किया गया याद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार के अमर शहीदों को और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये कार्यक्रम में भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।




इस अवसर पर स्कूल के बच्चों में से अनुकल्प, रूद्रसिंह, हंसिका, रोशनी, आराध्या, अनुश्का, स्मृति, ईशा, पलक तथा उनके साथियों ने मिलकर जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड पर आधारित लघु- नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी की आंखें नम कर दीं। बाबा साहेब के रूप को जीवन्त करने वाले छात्र कार्तिक दीक्षित की भूमिका विशेष आकर्षक रही। विद्यालय के हिन्दी प्रवक्ता अवधेश शर्मा ने अम्बेडकर जी के जीवन की आद्योपन्त जानकारी से बच्चों को अवगत कराया। एक्टिविटी इंचार्ज प्रमान्शु श्रीवास्तव जी के कुशल निर्देशन में इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में सार्थक शुक्ला, आशीश कुमार, भावना श्रीवास्तव, सुप्रिया अवस्थी, दीपांजलि सिंह, अनामिका मिश्रा, मीनू श्रीवास्तव, माधवी अवस्थी, प्रिया शुक्ला और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड ने देशवासियों को ऐसी चोट पहुंचाई कि आजादी की लड़ाई जन-जन के आन्दोलन में परिवर्तित हो गयी।

जलियांवाला बाग में शहीद उन सभी अमर बलिदानियों एवं भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी को उनकी जयंती पर हम शत्-शत् नमन करते हुए सिख समुदाय के मुख्य उत्सवों में से एक बैसाखी की शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हाफिज मोबीन को अपना दल ने बनाया रायबरेली संसदीय से प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



संसदीय क्षेत्र रायबरेली महत्वपूर्ण सीट पर कृष्णा पटेल की पार्टी अपना दल ने प्रदेश उपाध्यक्ष हाफिज मोहम्मद मोबीन को प्रत्याशी बनाया है। पल्लवी पटेल और कृष्णा पटेल की पार्टी अपना दल ने रायबरेली में अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष हाफिज मोहम्मद मोबीन को रायबरेली लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। हाफिज मोहम्मद मोबीन ने कहा है कि वह सामाजिक न्याय की व्यवस्था को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ेंगे और पीडीएम मतलब पिछड़ा दलित और मुसलमान का गत जोड़कर के चुनाव जीतने का प्रयास करेंगे।

# भागीदारी पार्टी ने बिगाड़ा दिग्गजों का खेल

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

प्रजापति समाज को आज भी उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। शिक्षा सरकारी नौकरियां और राजनीतिक क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में यह समाज पिछड़ा है। जब कि यह कभी सपा तो कभी बीजेपी तो कभी बसपा का वोटर रहा है। यह बातें भागीदारी पार्टी (पी)के अंबेडकर नगर लोकसभा के प्रत्याशी रामनरेश प्रजापति ने कही है।

भागीदारी पार्टी (पी)के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने इस बार लोकसभा चुनाव में रामनरेश प्रजापति को अंबेडकर नगर लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। रामनरेश प्रजापति के मैदान में कूदने से दिग्गजों का गणित गड़बड़ा गया है। प्रजापति समाज हमेशा से ही कभी बीजेपी तो कभी बसपा तो कभी सपा का मतदाता रहा है लेकिन आज तक इस समाज को किसी भी क्षेत्र में



उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है। इसलिए पार्टी ने बिना किसी पार्टी से गठबंधन किए अकेले ही मैदान में उतरने का फैसला किया है।

रामनरेश प्रजापति पिछड़ा व दलित वर्ग में अच्छी पकड़ रखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में हमारी पार्टी कभी सत्ता में आई तो सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वह गांव गांव जाकर महिलाओं युवा मतदाताओं वृद्ध जनों से मुलाकात कर रहे हैं। और उनसे आशीर्वाद ले रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से पार्टी को मजबूत करने की अपील की है। गांव गांव गोष्ठी के माध्यम से मतदाताओं से अपना समर्थन मांग रहे हैं।

रामनरेश प्रजापति के मैदान में उतरने से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। वही अन्य पार्टियों की मुश्किल बढ़ती नजर आ रही है। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से अन्य पार्टियों के नेताओं की धड़कनें बढ़ गई है। अन्य पार्टियां भी गरीब मतदाताओं को अपने पाले में जोड़ने के लिए हर जतन कर रहीं हैं। भागीदारी पार्टी (पी)के प्रत्याशी रामनरेश प्रजापति ने कहा कि गरीब समाज हमेशा से ही ठगा जाता रहा है। वोट लेकर राजनेता भूल जाते हैं। अब यह समाज इनके झांसे में आने वाला नहीं है।

# भाजपा शासन में महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पर: तेज नारायण पांडेय

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने महानगर और विधानसभा कमेटी की संयुक्त बैठक की, शनिवार को समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने महानगर और विधानसभा कमेटी की बैठक की बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव ने किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी के शासन में महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी गण गांव में चौपाल लगाकर समाजवादी पार्टी सरकार में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें जिससे समाजवादी पार्टी के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत सुनिश्चित हो। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा सभी जोन प्रभारी अपने सभी सेक्टर




प्रभारी से मिलकर बूथ अध्यक्षों के साथ लेकर अपने- अपने वार्डो में अखिलेश यादव द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें महानगर राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव प्रदेश सचिव रामअचल यादव महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव उपाध्यक्ष संजय वर्मा, नागेश्वर नाथ कोरी, राकेश पांडे, सचिव शक्ति जायसवाल शंकरजीत यादव, जगन्नाथ यादव अभय दत्त दुबे, अंसार अहमद बबन, रामनेवल पाल गौरव पांडे, शिक्षक सभा महासचिव डॉ घनश्याम यादव ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गौड़, गोपीनाथ वर्मा, जेपी यादव, लाल बहादुर शुक्ला, जगदीश यादव, आशीष वर्मा, राजेश कोरी, अमित यादव, पिंटू तिवारी, सुरेंद्र यादव, उदल यादव, प्रदीप यादव, सूबेदार यादव, राजेश यादव, कन्हैया लाल वर्मा, लल्लन पासवान, राम सवेरे, शमशेर यादव, चंदन वंशराज चौरसिया भगवान दिन निषाद प्रदीप निषाद सुरभान यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## अविवि के सिविल इंजीनियरिंग के 25 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आई0ई0टी0 संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया जिसमें सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 25 छात्रों का चयन एसीसी व अंबुजा सीमेंट की कंपनी में कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव पद के लिए गया। शुक्रवार को संस्थान में विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देशन में एसीसी व अंबुजा सीमेंट लिमिटेड कंपनी की ओर रिजनल टेक्निकल सर्विस मैनेजर महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव के सदस्यों द्वारा तीन से साढे तीन लाख पैकेज के लिए प्लसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें प्रतिनिधि द्वारा 71 से अधिक छात्रों के साक्षात्कार के उपरांत 25 छात्रों का चयन किया गया।

इस उपलब्धि पर आई0ई0टी0 संस्थान के निदेशक प्रो0 राजीव गौड़ ने बताया कि देश की प्रमुख कंपनी में छात्रों को जॉब करने का सुअवसर मिला है जो संस्थान के लिए गर्व की बात है।

# मनुष्यों को मानवता की शिक्षा देने हेतु प्रभु ने मनुष्य का अवतार लिया: श्री धराचार्य महाराज

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

प्रसिद्ध पीठ श्री अशर्फी भवन में चैत्र रामनवमी के अवसर में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हैं श्री रामचरितमानस पारायण पुरुष सूक्त श्री सूक्त पाठ भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का आगम पद्धति से पूजन अर्चन नित्य किया जा रहा है आज अशर्फी भवन के आराध्य भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का महा अभिषेक 111 कलश द्वारा सरयू जल गौ दूध दही घी मधु केसर सर्व औषधि जल एवं फलों के जूस से वैदिक सूक्त पाठ से किया गया जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री धराचार्य महाराज श्री ने भगवान के अर्चा विग्रह का महत्व बताते हुए कहा हम सभी जीव प्रभु के अंश हैं एवं प्रभु ही हमारे अंशी हैं जीवन में बिना प्रभु भक्ति कुछ भी संभव नहीं है अतः हमें निरंतर प्रभु के स्मरण चिंतन भजन में लगे रहना चाहिए महाराज श्री ने कहा आज 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम लला



अपने निज मंदिर में विराजमान हो गए हैं यह बड़ा ही सौभाग्य है इस रामनवमी में हम प्रभु श्री राम का दर्शन उनके निज मंदिर में करेंगे सभी मनुष्यों को मानवता की शिक्षा देने के लिए प्रभु मनुष्य रूप में सप्त पूरियो में प्रतिष्ठित श्री अवधपुरी में पधारते हैं भगवान श्री राम के जीवन चरित्रों में से एक चरित्र भी हम अपने अंदर उतार लें तो निश्चित ही हमारे मानव जीवन में कली का प्रभाव व्याप्त नहीं होगा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम प्रभु के सभी जीवन चरित्र प्रेरणास्पद हैं श्री अवधपुरी में एक क्षण निवास कर लेने से करोड़ों जन्मों के हमारे पाप नष्ट होते हैं और पुण्य उदित हो जाते हैं भगवान का पुष्पों से दिव्य श्रृंगार किया गया मध्यान में वृहद भंडारे का आयोजन हुआ सभी भक्तजन भगवान का अभिषेक दर्शन एवं प्रसादी पाकर आनन्दित हों गए।

## बोल्ड विंग्स ट्रेनिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रायबरेली रोड स्थित प्रकाश लान में बोर्ड विंग्स ट्रेनिंग सेंटर का हुआ भव्य शुभारंभ ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने फीता काटकर किया। वही बोल्ड विंग्स की मैनेजिंग डायरेक्टर अंजू गुप्ता ने बताया कि यह हमारा ट्रेनिंग सेंटर एवियशन और हॉस्पिटैलिटी सेंटर है यहां पर हम बच्चों को ट्रेंड करेंगे ब्लू कॉलर जॉप इंडस्ट्री बड़े-बड़े फाइव स्टार होटल और जो बच्चे एयरपोर्ट में जाने के लिए इच्छुक है उनके ट्रेनिंग के लिए हमने इस सेंटर का शुभारंभ किया। अंजू गुप्ता ने कहा कि आज के समय में अयोध्या देश ही नहीं पूरे विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। हमारे अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है बड़े-बड़े फाइव स्टार होटल बन रहे हैं और हमारे अयोध्या के बच्चे इससे पहले दिल्ली मुंबई या अलग-अलग शहरों में नौकरी करने के लिए जाते थे क्योंकि अयोध्या में हाई क्लास की जॉब अपॉर्चुनिटी उपलब्ध नहीं थी। लेकिन अब हमारे अयोध्या के बच्चों को कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी।

# देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह महाराज ने की खालसा पंथ की स्थापना: सीएम

- बैसाखी के अवसर पर नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- सीएम ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष टेका मत्था, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





गुरु गोविंद सिंह महाराज ने वर्ष 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। बैसाखी का पावन पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में कही। इससे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने भी प्रधान सेवादार गुरुद्वारा नजरबाग अयोध्या बाबा महेंद्र सिंह, गुरुनानक विद्यालय चंदन नगर की प्रिंसिपल रंजित कौर, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बांसमंडी की प्रिंसिपल निशा तिवारी, खालसा इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाने के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### देश और धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह महाराज का योगदान प्रेरणा का केंद्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए एक नई प्रेरणा का है, क्योंकि गुरु गोविंद सिंह महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए एक लीला रचते हुए खालसा पंथ की स्थापना की, जो एक नए पथ के सृजन का आधार बना। साथ ही यह दिन पूरे समाज के लिए स्मरणीय हो गया। गुरु गोविंद सिंह महाराज और सिख गुरुओं ने देश के साथ धर्म की रक्षा के लिए अनके योगदान दिये, जो आज और भविष्य के लिए भी हमारी प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। सीएम योगी ने कहा कि सिख बंधुओं की मांग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीरबाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। हम सभी इसका अभिनंदन करते हैं। यह हमारे युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा है, जो देश और धर्म के लिए योगदान देगा, समाज उसके प्रति इसी रूप में नतमस्तक होगा। हम सभी देश के विभाजन की कीमत को जानते हैं क्योंकि गुरु नानक देव के पावन स्थल करतारपुर साहिब पर जाने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉरिडोर का निर्माण कर लोगों को अपने अतीत के साथ जोड़ने और गुरु परंपरा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह देश ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। वहीं यह देश सिख गुरुओं के योगदान और बलिदान के प्रति सदैव कृतज्ञता भाव से ऋणी रहेगा।

### आगे बढ़ना है तो गुरु परंपरा का अनुसरण जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजधानी लखनऊ सिख गुरुओं की तमाम स्मृतियों का केंद्र है। यहां पर गुरु तेग बहादुर महाराज आए थे और कुछ दिन गुजारे थे। उन्होंने कहा कि हम जब तक गुरु परंपरा का अनुसरण और आदेशों का पालन करेंगे, हम आगे बढ़ते रहेंगे। साथ ही सफलता की नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी। ऐसे में हमें गुरु परंपरा का अक्षरशः पालन करते हुए खालसा पंथ की स्थापना के उद्?देश्य को पूरा करने के लिए सदैव कार्य करना है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को बनाना है प्रधानमंत्री : धर्मपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आज शनिवार को अलीगढ़ में ब्रज क्षेत्र के लोकसभा प्रवासियों, विधानसभा प्रभारी व संयोजको के साथ चुनाव प्रबंधन पर मंत्रणा की। उन्होंने कहा कि जनसभाएं, रैलियां, नुक्कड सभाएं, गोष्ठियां, सम्मेलन सहित जनसम्पर्क के माध्यम से बार-बार और हर बार अबकी बार 400 पार का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचना है। बूथ समिति की मजबूत संरचना तथा सक्रियता संगठन की रणनीति को माइक्रोलेबल पर प्रभावी बनाती है। भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख के रूप में बूथ समिति का सदस्य है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि विपक्ष प्रत्याशी चयन व प्रत्याशी परिवर्तन के दौर में है जबकि भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ता कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से घर-घर संवाद कायम किये हुए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए मतदानविकसित भारत का संकल्प पूर्ण करने के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कल 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती है ,भाजपा समरसता दिवस के रूप में अम्बेडकर जयंती मनायेगी। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वह सभी संकल्प पूर्ण हो रहे है, जिन संकल्पों के साथ हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बनें थे। वैभवशाली राष्ट्र निर्माण का स्वप्न साकार रूप ले रहा है। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण करने के लिए तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। हमें अपनी समग्र शक्ति के साथ प्रदेश के 80 लोकसभा सीटें जीतने के लिए जुटना होगा जिसको जो दायित्व मिला है, उस दायित्व को सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास हम सभी को करना है। विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है। झूठ, छल, प्रपंच से चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास करेगा। सावधानी से विपक्ष के हर षडयंत्र को समाप्त करना है।

# पीडीएम गठबंधन ने सात प्रत्याशी किए घोषित, रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन और बरेली से सुभाष पटेल को उतारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अपना दल कमेरावादी ने शनिवार को सात लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। कार्यालय स्थित लखनऊ में डॉ पल्लवी पटेल के उपस्थिति में कल देर शाम तक चली बैठक के बाद पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुस्लिम) गठबंधन के प्रत्याशियों की पहली सूची आज सुबह जारी की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल ने कहा कि पीडीएम उत्तर प्रदेश मजबूती से चुनाव लड़ेगी। शेष अन्य सीटों पर शीघ्र ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन और बरेली से सुभाष पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द, चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि अखिलेश यादव के पीडीए के जवाब में अपना दल कमेरावादी ने तीन और पार्टियों के साथ मिलकर पीडीएम न्याय मोर्चा का गठन किया है। इस गठबंधन में अपना दल कमेरावादी, ए.आई.एम.आई.एम., राष्ट्र उदय पार्टी एवं प्रगतिशील मानव समाज पार्टी शामिल हैं। यह गठबंधन यूपी की कई सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। पल्लवी पटेल ने इस गठबंधन को लेकर कहा था कि नए राजनीतिक परिस्थितियों में विभिन्न सामाजिक समूहों खासकर अन्य पिछड़ा वर्ग की अनेक जातियों, दलित एवं मुसलमान का दमन उत्पीड़न एवं अन्याय बढ़ा है। सरकार की कार्यशैली एवं मुख्य विपक्ष का इन सवालों पर पीछे हटना नए राजनीतिक विकल्प की मांग करता है। इसलिए हम पीडीएम के नारे के साथ पिछड़ा दलित, मुसलमान की भागीदारी के सवाल पर और दमन, उत्पीड़न एवं अन्याय के खिलाफ नए राजनीतिक विकल्प की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

# अखिलेश यादव को सनातन से नफरत, चुनाव में साफ हो जाएगी सपा : उप मुख्यमंत्री केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। विपक्ष जानता है कि वो हार चुका है फिर भी लकीर पीटने जा रहा है। अमेठी व रायबरेली की सीटों को लेकर उन्होंने कहा कि यहां चाहे दीदी लड़ें या जीजा दोनों की ही हार होगी। बता दें कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुष्टिकरण के युग को खत्म कर दिया है। देश के 80 करोड़ लोगों को बिना किसी भेदभाव के राशन दिया जा रहा है। मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की भी गारंटी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमलावर होते हुए केशव ने कहा कि उनको सनातन से नफरत है। लोकसभा चुनाव में सपा यूपी में पूरी तरह साफ हो जाएगी। सभी को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपना भविष्य दिख रहा है। भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। उनका भ्रष्टाचार और अपराधियों से नाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अकेले 370 से अधिक सीटें प्राप्त होंगी और गठबंधन 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगा। लोकसभा चुनाव के लिए हम 2022 से ही तैयारी कर रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश के 80 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है। 52 करोड़ खातों में 34 लाख करोड़ से ज्यादा की रकम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पहुंच चुकी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हटाई गई 92,91,280 प्रचार-प्रसार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 92,91,280 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 56,03,727 तथा निजी स्थानों से 36,87,553 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,96,253, पोस्टर के 26,37,004, बैनर के 15,99,824 एवं अन्य 7,70,646 मामलों में कार्यवाही की गयी।निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 4,79,746, पोस्टर के 16,82,332 बैनर के 8,95,990 एवं अन्य 6,29,485 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1222 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 52 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित 57 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### सैकड़ों सपा बसपा नेता भाजपा में शामिल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा अंतर्गत आज गंगागंज में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादी और बसपा नेता भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए जिसमे सत्यम पटेल प्रधान , प्रेम वर्मा प्रधान, सोनू वर्मा अमरीश वर्मा अरविंद प्रधान, लालजी वर्मा, पिंकू वर्मा संतोष गौतम , जगजीवन , सुनील वर्मा पूर्व प्रधान विनोद वर्मा बीडीसी शिवमंगल गौतम मुन्नू गौतम वासुदेव गौतम रवि गौतम रामू गौतम गुड्डू गौतम रामराज पूर्व प्रधान कन्हैयालाल वर्मा बीडीसी शिव शंकर वर्मा अवधेश कुमार बीडीसी सुरेंद्र कुमार बीडीसी छेदी लाल बीडीसी जितेंद्र कुमार बीडीसी अनिल कुमार बीडीसी बलराम वर्मा बीडीसी पुष्पेंद्र कुमार बीडीसी राजकमल बीडीसी अनिल कुमार बीडीसी अनूप कुमार बीडीसी चंद्रपाल बीडीसी सुनील कुमार बीडीसी सज्जन लाल बीडीसी अखंड प्रताप सिंह ने अपने समर्थकों के साथ सपा बसपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। सभी ने कहा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान करने और जनता की जेब का सांसद बनाने के लिए भाजपा में सम्मिलित हुए हैं और सभी मिलकर मोहनलालगंज लोकसभा में जोरों से कमल खिलाएंगे।केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर द्वारा सभी को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियां व उड़नदस्ते मुस्तैद, ले रही एक्शन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों ने 01 मार्च से 12 अप्रैल तक 14367.38 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त की। इसमें 2393.09 लाख रुपये नकद धनराशि, 3480.68 लाख रुपये कीमत की शराब, 5361.92 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1981.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1150.62 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।
आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 12 अप्रैल को 278.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 16.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 67.26 लाख की 22912.60 लीटर शराब, 70.67 लाख की 44833.90 ग्राम ड्रग, 103.12 लाख की 1449.65 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 20.66 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# हाईकोर्ट का फैसला : विवाहित पुत्री भी अनुकंपा नियुक्ति की दावेदार, मृतक आश्रितों की सेवा मामले में अहम फैसला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक मृतक आश्रितों की सेवा मामले में दिए अहम फैसले में माना कि मृतक आश्रित कर्मी की विवाहित पुत्री भी अनुकंपा नियुक्ति का दावा कर सकती है। इस नजीर के साथ कोर्ट ने सिंचाई विभाग के मृतक कर्मी की विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति की अर्जी पर दो माह में दोबारा गौर करने का आदेश अफसरों को दिया। पहले विवाहित पुत्री की अनुकंपा नियुक्ति के दावे की अर्जी को यह कहकर खारिज कर दिया गया था कि वह परिवार में आश्रित नहीं है, उसके दो भाई नौकरी करते हैं और उसकी माता को पेंशन मिलती है। इसके खिलाफ पुत्री ने फिर कोर्ट की शरण ली थी। यह फैसला व आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने मृतक आश्रित कर्मचारी की पुत्री कविता तिवारी की याचिका मंजूर करके दिया। याची ने अर्जी को खारिज करने के आदेश को चुनौती देकर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया था। याची का कहना था कि उसके पिता सिंचाई और जल संसाधन विभाग में बतौर ड्राइवर लखनऊ में कार्यरत थे। जिनकी वर्ष 2019 में सेवाकाल में मृत्यु हो गई थी। जब याची ने अनुकंपा नियुक्ति देने के आग्रह के साथ विभाग को अर्जी दी तो अर्जी को यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि विवाहित होने से वह परिवार में आश्रित नहीं है, उसके दो भाई नौकरी करते हैं और उसकी माता को पेंशन मिलती है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने पहले वर्ष 1974 के संबंधित नियमों के तहत विवाहित पुत्री के अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर पुनः गौर करने का निर्देश दिया था। क्योंकि यह नियम ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं करते हैं कि याची के भाई सरकारी सेवा में हैं या फिर उसकी माता को पेंशन मिलती है। उधर, सरकारी वकील ने याचिका का विरोध किया।

### आदेश को रद्द किया

कोर्ट ने कहा कि वर्ष 1974 के नियमों के तहत अनुकंपा नियुक्ति के दावेदार के लिए यह जरूरी नहीं है कि वह मृतक कर्मी पर आश्रित हो। साथ ही कोर्ट ने एक अन्य नजीर के हवाले से कहा कि मृतक कर्मी के पुत्र का सरकारी सेवा में होना भी अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्रतिबंध नहीं है। क्योंकि पुत्र की आय अपनी पत्नी व बच्चों वाले परिवार के लिए है। सिर्फ मृतक की पत्नी या पति में से अगर कोई सरकारी सेवा में है,तो इनमें से कोई अनुकंपा नियुक्ति का दावा नहीं कर सकता। ऐसे में याची के भाईयों का सरकारी सेवा में होना और उसकी माता को पेंशन मिलना, विवाहित पुत्री को अनुकंपा नियुक्ति मांगने से प्रतिबंधित नहीं करते। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याची के अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया।

# 'जो कर्मचारी हित की बात करे, उसे वोट दें कर्मचारी'

- देश में ऐसी सरकार का गठन होना चाहिए जो देश की मूलभूत समस्याओं का हल निकालने का संकल्प लें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इप्सेफ ने देश भर के कर्मचारियों से अपील की है कि अपने परिवार के साथ वोट उसे दे, जो कर्मचारियों की मांगें एवं उनका सम्मान करें। जो कर्मचारियों के हित की बात करे और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें, उसे ही वोट दें।इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र एवं महासचिव प्रेमचन्द्र ने देश भर के कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ वोट देने अवश्य जाये। जहाँ तक वोट देने का प्रश्न है, वे उसे अपना मत दे जो कर्मचारियों की मांगों एवं उनका सम्मान करता हो। प्रायः यह देखने को मिला है कि चुनाव के समय वादा तो बहुत करते है, परन्तु चुनाव जीतने के बाद पहचानता भी नहीं है।
इप्सेफ का कहना है कि देश में लोकतांत्रिक समाज की मजबूत सरकार बनने में सहयोग आवश्यक है। वर्तमान में देश में निरन्तर बढ़ती बेरोजगारी,महंगाई को समाप्त करना, पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना आवश्यक हो गया है। देखने को मिलता है कि कुशल युवाओं को अकुशल से कम वेतन मिल रहा है। भीषण महंगाई में उसके परिवार को दो जून की रोटी खाना एवं बच्चों को शिक्षा दिला पाना कठिन हो गया है। कर्मचारी समाज का दायित्व बढ़ गया है । देश में ऐसी सरकार का गठन होना चाहिए जो देश की मूलभूत समस्याओं का हल निकालने का संकल्प लें।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से फिर गूंजी राजधानी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख की हत्या का प्रयास, एक की मौत

- पोस्टमार्टम के बाद घर पंहुचा अनंत यादव का शव
- अंतिम संस्कार में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहित क्षेत्रीय ग्रामीण पहुंचे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





काकोरी/लखनऊ। बीती रात पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर रामविलास रावत व उनके साथियों पर हुए हमले के दौरान अनंत राम यादव की मौके पर मौत हो गई थी। इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को होते ही घटना पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर लेकर पहुंचे जहां भारी पुलिस की मौजूदगी में अनंत राम यादव का अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 8~30 से 9~00 के बीच पूर्व ब्लाक प्रमुख कुंवर रामविलास अपने साथियों संग कुंवारे के तिलक समारोह में शामिल होने गए, वहां से निकलने के उपरांत पुरानी रंजिश के चलते मोनू रावत अपने अन्य साथियों संग मिलकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख को मारने की साजिश रची और घात लगाकर बैठ गए।पूर्व ब्लॉक प्रमुख अपने साथियों संग जैसे ही तिलक समारोह से निकले ही थे वैसे ही मोनू रावत व श्रीकृष्ण रावत ने गोली चलाना शुरु कर दिया। तीन गोली लगने से अनंत यादव की मौके पर ही मौत हो गई। ब्लॉक प्रमुख के सीने के नीचे गोली लगी और अमित उर्फ छोटू हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं इस घटना में जयकरन भी घायल हुए, पूर्व ब्लाक प्रमुख अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जहां अब उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पांच टीम लगाई गई थी। घटना के कुछ घंटे बाद मुख्य आरोपी मोनू रावत को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके पास से एक अवैध असलहा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अनंत यादव के अंतिम संस्कार में इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी आर.के चौधरी, सी.एल. वर्मा व पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती राजबाला रावत व क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

> "अन्य अभियुक्तों की तलाश के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है, जल्द ही उन सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> -नवाब अहमद, कोतवाली प्रभारी काकोरी

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा 'तिरंगा'?

**उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है। इसलिए उन्होंने दो टूक कहा है कि गाजियाबाद का चुनाव वो स्थानीय मुद्दों पर भी लड़ेंगी। क्योंकि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण, स्वच्छता, सुरक्षा, मेट्रो पहुंच आदि को वह सबके अनुकूल करने का इरादा रखती हैं। महंगाई व बेरोजगारी दूर करने का जज्बा रखती हैं। यहां पर कांग्रेस का पलड़ा कैंडिडेट के तेवर की वजह से भारी है और यही तेवर उनकी असली सियासी पूंजी है।**

*देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है। शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से काँग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है। यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुई। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है।**

# कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी



ललित गर्ग

**इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा।**

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं। बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है। देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा। पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं।



**बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है।**

## एक्सप्रेस कविता

*जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें,*
*वो सचमुच नायाब हीरा बन जाये।*
*चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये।*
*वो सच मुच राधा और मीरा हो जाये।*
*जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,*
*वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।*

*कई जन्मों से प्यासे है दरस को तेरे*
*तुझे देख समझो चारों धाम पा जाये।*
*तेरी भक्ति में लीन जो हो जाये,*
*वो राधा -कृष्ण में खो जाए।*
*जो तेरे चरणों की धूल पा जाये,*
*वो मीरा सी दीवानी हो जाये।*
*जिस पानी से चरण कमल धुल जाये,*
*वो नीर समझो अमृत हो जाये।*

*संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जब तक आप चीजों को अलग तरीके से नहीं देखते तब तक आप उसे अलग तरीके से नहीं कर सकते***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्टी 11:44 तक |
| नक्षत्र: | आर्द्रा 25:34 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | अतिगण्ड, 23:32 |
| सूर्योदय: | 05:57 |
| सूर्यास्त: | 18:45 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 17:09-18:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### तेज़ी से प्रचार !

*धुआंधार रैली और ।*
*तेज़ी से प्रचार ।।*
*अपनी और पार्टी की ।*
*है लानी बहार ।।*
*धीरे-धीरे बढ़कर ।*
*आ गए नज़दीक ।।*
*है अब पूरी कोशिश ।*
*प्रहार हो सटीक ।।*
*उसी दिशा में अग्रसर ।*
*है लगाया ज़ोर ।।*
*बढ़ जाए मुनाफा ।*
*रहे आज झकझोर ।।*
*खोलेंगे फिर पत्ते ।*
*हो जाए बस जीत ।।*
*रहा कुरेद बार बार ।*
*अपना जो अतीत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हाई कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने के लिए पिएं रोजमेरी की चाय, मिलेंगे अनोखे फायदे



खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के कारण शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लगती है। बहुत ज्यादा तला-भुना और फैटी खाना खाने की वजह से आपके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल बनते हैं- एक हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है और दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल कहते हैं। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की स्थिति हो ही हाई कोलेस्ट्रॉल कहते हैं।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में रोजमेरी की चाय पीने के फायदे:** रोजमेरी एक प्राकृतिक हर्ब है, जिसका इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं में औषधि के रूप में किया जाता है। नोएडा स्थित आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷रोजमेरी में मौजूद समस्याओं के उपचार में मदद कर सकता है। रोजमेरी में कार्नोसिक एसिड और रोसमारिनिक एसिड सहित शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से निपटने में मदद करते हैं। रोजमेरी की चाय का सेवन करने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में रोजमेरी चाय के फायदे:** कोलेस्ट्रॉल को कम करना~ रोजमेरी में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। हार्ट के लिए फायदेमंद~ रोजमेरी में मौजूद गुण हार्ट को हेल्दी बनाने और इससे जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करने में मदद करते हैं। शारीरिक और मानसिक तनाव को कम करना~ रोजमेरी का सेवन तनाव को कम करने में मदद कर सकता है और मानसिक संतुलन को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**हाई कोलेस्ट्रॉल में कैसे करें रोजमेरी चाय का सेवन?:** रोजमेरी की चाय का सेवन नियमित रूप से खाली पेट करने से हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। इसे आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। रोजमेरी की चाय तैयार करने के लिए रोजमेरी के 4 से 5 पत्ते लें और इसे धीमी आंच पर कुछ देर तक पानी में डालकर उबालें। उबालने के बाद इसे छान लें और शहद मिलाकर इसका सेवन करें। नियमित रूप से खाली पेट इसका सेवन करने से फायदा मिलता है। जीवनशैली में कुछ बदलाव करके आप कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रण में रख सकते हैं। इसके लिए आप रेग्युलर एक्सरसाइज करें। इससे एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है। अगर आप शराब का सेवन करते हैं, तो इसे नियंत्रित करें। रोजाना हाई फाइबर फूड्स, सब्जियां और फलों का सेवन करें। हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला



रमेश सर्राफ धमोरा

**बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है।**

**पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।**

**हरियाणा** सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चर्चाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है। कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है।

# पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत, परिजन का आरोप पुलिस की पिटाई से गई जान

* सड़क पर रखा शव छह घंटे तक हंगामा सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समझाने पर डेड बॉडी लखीमपुर पोस्टमार्टम के लिए हुई रवाना

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। मितौली क्षेत्र में गला दबाकर पांच साल की बच्ची अंशू की हत्या के मामले में पूछताछ को हिरासत में लिए गए व्यक्ति की मौत हो गई।उसकी मौत के बाद आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने शनिवार सुबह करीब आठ बजे लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कस्ता चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया।पुलिस की पिटाई से मौत होने का आरोप लगाया।लोगों की भीड़ जुटने पर स्थिति इतना बिगड़ गई कि पीएसी को बुलाना पड़ा।करीब छह घंटे तक सड़क पर जमकर हंगामा किया।अफसरों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए।इसके बाद जाम खुल सका।गौरतलब है कि तीन अप्रैल को पकरिया जलालपुर गांव में लापता पांच साल की बच्ची अंशू की गला दबाकर हत्या की गई थी। लापता होने के 26 घंटे के बाद उसका शव घर से महज 100 दूरी पर बरामद हुआ था। इस मामले में ही पुलिस ने गांव के ही आसाराम को हिरासत में लिया था। रात में आसाराम की मौत हो गई। इससे पुलिस में खलबली मच गई। थानाध्यक्ष का कहना था कि बच्ची की हत्या में शुक्रवार की शाम चार बजे आसाराम को थाने लाया गया। आसाराम का पेट खराब था, उसको सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। उधर आसाराम के परिजन ने आरोप लगाया कि मितौली थाना परिसर में पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा।करंट भी लगाया,जिससे उसकी मौत हो गई। जब मौत हो गई,तब हम लोगों को सूचना दी।रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया था।सुबह गांव में तनाव फैल गया। परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए। सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई।पुलिस अफसर भी सक्रिय हो गए।आसाराम के परिजनों और ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश था। परिजन दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। भीड़ में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। एएसपी, सीओ समेत कई अफसर और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।कस्ता चौराहे पर लगे भीषण जाम को खुलवाने पहुंचे एडिशनल एसपी नैपाल सिंह ने हेलमेट पहनकर मोर्चा संभाला। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को रोका तो भिड़ने को तैयार हो गए। पुलिस से नोंक-झोंक के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने लोगों को कस्ता चौराहे पर जाने से रोकने का प्रयास किया। इससे लोग और आक्रोशित हो गए। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतक की पीठ पर चोटों के निशान भी दिखाए। तनाव देखते हुए पीएसी भी बुला ली गई।

चौराहा जाम होने से बड़ी संख्या में लोग फंस गए। मृतक आसाराम की पत्नी रो-रोकर बेहोश हो रही थी। अफसरों ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया इसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए।दोपहर करीब 12.45 बजे कस्ता चौराहे से हटे। भीड़ के हटने के बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ वहीं पुलिस ने राहत की सांस ली।

## हैवान पति ने सो रही पत्नी को फावड़े से काट की हत्या

* पत्नी के पैर शरीर से अलग किया,भतीजी पर भी किया वार ग्रामीणों ने खंभे से बांध पुलिस को दी सूचना



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

युवक ने पत्नी को फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। भतीजी चाची को बचाने को पहुंची तो आरोपी ने उसकी भी अंगुली काट दी। शोर शराब सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी रोज किसी न किसी बात पर विवाद करता था। बताते चलें

पढुआ थाना के गांव परमेधपुर अयोध्या प्रसाद अपनी पत्नी 40 वर्षीय अवधेशा देवी व दो बच्चों के साथ रहता था अयोध्या प्रसाद गांव में ही खेती का काम करता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, उस समय मामला शांत हो गया था। इसके बाद सब सो गए। शनिवार सुबह अयोध्या प्रसाद उठा और सो रही पत्नी अवधेशा देवी पर फावड़े से वार करना शुरू कर दिया। हमले में अवधेशा देवी का पैर कट गया। पूरे कमरे में खून ही खून फैल गया। बताते चलें कि हैवानियत की हद पार करते हुए पैर कटने के बाद भी लगातार वार करता रहा अवधेशा की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच उसकी भतीजी बीच बचाव करने आई तो उस पर भी हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठे हो गए। भीड़ को देख आरोपी अयोध्या भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़कर पकड़ लिया और घर के खंभे से बांध दिया। पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बीच बचाव में घायल हुई युवती को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक, अवधेशा देवी का मायका मझगई थाना क्षेत्र के बौधिया गांव में है। करीब 25 साल पहले अवधेशा की शादी परमेधपुर के अयोध्या प्रसाद से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं। एक बेटा शुभम है, जिसकी उम्र 19 साल है। वहीं एक बेटी शिवानी है। जिसकी उम्र 17 साल है। पुलिस का कहना है कि पति ने पत्नी की फावड़ा मारकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। परिजन जो तहरीर देंगे उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम ने की कांसेप्ट कार मालिक की सराहना

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के सम्बन्ध में आज स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद के उद्योगपतियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी उद्योगपतियों से कहा कि अपने स्तर से भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। कॉन्सेप्ट कार के मालिक यश अग्रवाल ने घोषणा की कि मतदान के बाद उनका जो भी कर्मचारी अपनी ऊँगली में स्याही दिखाएगा उसको इंसेंटिव दिया जायेगा। यश अग्रवाल ने अन्य उद्योगपतियों से भी इस प्रकार के उपाय करने की अपील की। जिलाधिकारी ने व्यवसायी के इस कदम की सराहना की। अन्य उद्योग व व्यापार संगठनों ने भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, डीसी उद्योग दुर्गेश कुमार, डीसी जीएसटी आदि उपस्थित रहे।

### मतदान के दौरान सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में दो पालियों में लोकसभा चुनाव में लगने वाले माइक्रो ऑब्जेर्वर का प्रशिक्षण हुआ।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने माइक्रो ऑब्जेर्वर से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी वेबकॉस्टिंग वाले बूथों पर माइक्रो ऑब्जेर्वर रहेंगे। मतदान के दौरान सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। मतदान समाप्ति के बाद निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरकर जमा करें। पीठासीन अधिकारी व अन्य कार्मिकों के दायित्वों के बारे में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जेर्वर का दूसरा प्रशिक्षण जनरल ऑब्जेर्वर द्वारा किया जायेगा। अनुपस्थित रहने वाले माइक्रो ऑब्जेर्वर को प्रशिक्षण का दूसरा मौका दिया जायेगा। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। उन्होंने कार्मिकों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मां ने बड़े पुत्र, पुत्री और दामाद पर छोटे पुत्र को अगवा करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुलेमानी में एक अजीब प्रकरण प्रकाश में आया है। एक मां मां ने अपने बड़े पुत्र,पुत्री और दामाद पर छोटे पुत्र को बुलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला सुलेमानी निवासी शीरी फात्मा पत्नी अब्दुल हफीज ने बताया उसके बड़े पुत्र ने घरवालों की बिना मर्जी विवाह कर लिया था। बकौल शीरी फातिमा उसने कह दिया था वह घर में बड़े पुत्र को कोई हिस्सा नहीं देगी सब कुछ छोटे पुत्र को देगी।उसका बड़ा पुत्र अब्दुल शुएब मुंबई में काम करता है, उसने अपने पास ही उसकी पुत्री शबनम और दामाद जाबिर पुत्र नूर हसन को भी रख रखा है। उन लोगों ने 12 अप्रैल को उसके 15 वर्षीय किशोर पुत्र अब्दुल समीर को बरगला कर अपने पास बुला लिया है। उसने विपक्षियों से फोन कर पुत्र की जानकारी चाही तो उन्होंने उसे गंदी गंदी गालियां देते हुए पुत्र को वापस न भेजने की धमकी दी। घटना की लिखित सूचना उसने पुलिस को दी है। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

### ककरघटा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। विकास खंड शाहाबाद की ग्राम पंचायत ककरघटा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ पंचायत घर से हुआ। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली ग्राम सभा की विभिन्न गलियों में होते हुए प्राथमिक विद्यालय पहुंची जहां रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुश्री काजल रावत ने ग्रामीणों को मतदान करने हेतु जागरूक करते हुए कहा सभी लोग अपने गांव आसपास एवं नाते रिश्तेदारों को आने वाले 13 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा मतदान महायज्ञ है इस यज्ञ में अपने वोट की आहुति करें। खंड विकास अधिकारी ने अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील भी की। ग्राम प्रधान शरद सिंह ने अपनी ग्राम सभा ककरघटा के समस्त निवासियों से अपील की। अपने घर के सभी बुजुर्गों, महिलाओं एवं युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और आने वाली 13 मई को मतदान करके सरकार के चुनाव में अपना योगदान दें। रैली में सहायक विकासअधिकारी पंचायत जीतेन्द्र सिंह,ग्राम प्रधान शरद कुमार सिंह,विकास खंड के सभी पंचायत सचिव व विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।

### मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। कोतवाली के आँझी चौकी क्षेत्र में मालगाड़ी से कटकर युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मृतक की पहचान हो गई है। कोतवाली के आँझी चौकी क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के हरदोई जाने वाले ट्रैक पर शनिवार को शर्मा हाल्ट से आगे खंभा नंबर 1202 के 09 व 11 के बीच में ट्रेन से कटकर युवक की मृत्यु हो गई ।रेलवे की सूचना पर चौकी प्रभारी अमित सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।चौकी प्रभारी ने बताया शव की शिनाख्त कर ली गई है। युवक सुधीर 32 वर्ष पुत्र स्वर्गीय भारत निवासी ग्राम फतेहपुर मजरा बहरामपुर थाना पचदेवरा का निवासी है। अप लाइन पर आ रही मालगाड़ी से हादसा हुआ है। परिजनों को सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### संविदा सफाई कर्मी की पिटाई के मामले में चार पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। नगर पालिका परिषद में संविदा पर कार्य करने वाले एक सफाई कर्मी ने चार लोगों पर जाति सूचक गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला मौलागंज निवासी सियाराम पुत्र शंकर ने बताया वह नगर पालिका परिषद में संविदा पर सफाई कर्मी का कार्य करता है। शनिवार को सुबह की ड्यूटी में वह वार्ड नं 3 सुलेमानी में इस्माइल के घर के निकट तकरीबन नौ बजे सड़क पर झाड़ू लगा रहा था। मोहल्ले के लाला शेख, तारिक, आमिर, खालिद शेख पुत्रगण शाहिद शेख ने उसे जाति सूचक गाली देते हुए कहा पहले उसके घर पर सफाई कर बाद में मोहल्ला साफ करना। बकौल संविदा कर्मी उसने गाली देने से मना किया तो विपक्षियों ने उसकी गर्दन दबाकर उसे गिरा दिया।शोर सुनकर मोहल्ले के आशाराम पुत्र इतवारी,सुनील पुत्र नत्थू, रतीराम,राकेश व अन्य लोग आ गए। उन लोगों ने उसे छुड़वाया।

## मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी है: डीएम

* जनपद में महिलाओ, युवाओं व दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज गाँधी भवन में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सौजन्य से जनपद के उद्यमी, व्यापारी, मेडिकल स्टोर बन्धुओं की जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि कहा कि सभी लोग स्वयं व अपने परिवार के साथ वोट अवश्य करें, क्योकि मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी है और पूर्व के चुनाव में कम मतदान को हम सभी को गंभीरता से लेते हुए मतदान में जनपद को शीर्ष पर लाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद की वोटर लिस्ट को बेहतर बनने का प्रयास किया गया है। जेन्डर रेशियो व इपी रेशियो बढ़ा है। महिलाओ, युवाओं व दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है। मतदान केन्द्रो को सजाया जा रहा है। सभी लोग 13 मई को मतदान करने अवश्य जाए क्योंकि एक और एक मिलकर ही ग्यारह होता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगो को 7 मई तक मतदाता पहचान पर्ची पहुंचा दी जाएगी। प्रत्येक परिवार में एक वोटर गाइड पहुंचा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी व्यापारी बन्धुओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सभी लोग मतदान कर जनपद को मतदान प्रतिशत में शीर्ष पर लेकर आएं। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रमों में सभी वर्गों को जोड़ा जा रहा है। सभी व्यापारी बंधु मतदाता जागरूकता के सन्देश को जन जन तक पहुंचाएँ। उन्होंने क्यू आर कोड के बारे में बताते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने मोबाइल में सी विजिल ऐप अवश्य डाऊनलोड कर लें। इस ऐप पर आचार संहिता के उल्लंघन की आडियों व वीडियो के माध्यम से शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते है। स्वीप प्रभारी उपनिदेशक कृषि ने कहा कि सभी लोग एक वोट देश के लिए करें। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारी बन्धुओं ने मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किये। जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता से सम्बंधित पम्पलेट व कैलेंडर लांच किया। अनुषा त्रिवेदी ने स्वीप गीत गाकर सभी को मुग्ध कर दिया। गोष्ठी के उपरान्त जिलाधिकारी ने उद्यमी, व्यापारी एवं मेडिकल स्टोर बन्धुओं की आयोजित रैली को गांधी भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक खाद्य सुरक्षा सतीश कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष आदि उपस्थित रहे।

### पुत्री और दामाद पर छोटे पुत्र को अगवा करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुलेमानी में एक अजीब प्रकरण प्रकाश में आया है। एक मां मां ने अपने बड़े पुत्र, पुत्री और दामाद पर छोटे पुत्र को बुलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला सुलेमानी निवासी शीरी फात्मा पत्नी अब्दुल हफीज ने बताया उसके बड़े पुत्र ने घरवालों की बिना मर्जी विवाह कर लिया था। बकौल शीरी फातिमा उसने कह दिया था वह घर में बड़े पुत्र को कोई हिस्सा नहीं देगी सब कुछ छोटे पुत्र को देगी।उसका बड़ा पुत्र अब्दुल शुएब मुंबई में काम करता है, उसने अपने पास ही उसकी पुत्री शबनम और दामाद जाबिर पुत्र नूर हसन को भी रख रखा है। उन लोगों ने 12 अप्रैल को उसके 15 वर्षीय किशोर पुत्र अब्दुल समीर को बरगला कर अपने पास बुला लिया है। उसने विपक्षियों से फोन कर पुत्र की जानकारी चाही तो उन्होंने उसे गंदी गंदी गालियां देते हुए पुत्र को वापस न भेजने की धमकी दी।

## अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई, एक गिरफ्तार



**बरामद उपकरण**
- एक टॉर्च
- ड्रिल मशीन
- बर्मा लोहे का
- हथोड़ा
- हथौड़ी
- लोहे की छेनी
- लोहा काटने की आरी
- सड़सी
- आरी ब्लेड
- रेती
- स्प्रिंग
- स्क्रू
- दो किलो कोयला
- एक लोहे का ठीहा
- एक प्लास

* नौ तमंचा 19 कारतूस सहित जखीरा बरामद

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

शनिवार को गोला पुलिस ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसलीपुर के निकट जंगल में संचालित की जा रही एक अवैध शस्त्र की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पता चला कि ग्राम बसलीपुर से कुकरा जाने मार्ग वाले मार्ग पर जंगल के अंदर एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। पुलिस ने टीम गठित करके मौके पर दविश की। फैक्ट्री संचालक संजय उर्फ पप्पू पुत्र बेचेलाल निवासी ग्राम गदियाना थाना गोला को मौके पर गिरफ्तार किया गया। मौके से भारी मात्रा में अवैध असलहा, कारतूस, निर्मित, अर्ध निर्मित असलहा, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और बनाने के उपकरण आदि बरामद किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मौके से पांच तमंचा निर्मित 12 बोर निर्मित, चालू हालत में एक तमंचा 315 बोर निर्मित चालू हालत में, दो तमंचा 12 बोर पुराने चालू हालत में नहीं थे। 315 बोर पुराना एक तमंचा 12 बोर अर्ध निर्मित, दो तमंचा 315 बोर अर्ध निर्मित तीन तमंचा, नाल 12 बोर, आठ जिंदा कारतूस 12 बोर, 11 जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। उन लोगों का भी पता लगाया जाएगा जो लोग इस अवैध फैक्ट्री से शस्त्रों की खरीद और फरोख्त करते थे।

## पंतवारी देवी मंदिर पर होगा विशाल मां दुर्गा जागरण

जन एक्सप्रेस । हरदोई




पाली। कस्बा के मां पंतवारी देवी मंदिर प्रांगण पर आज 13 वें विशाल मां दुर्गा जागरण का आयोजन होगा। जिसको लेकर मंदिर कमेटी ने सारी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। सुंदर झांकियों के साथ जागरण में दूर-दराज से आ रहे गायक अपनी रचनाओं से भक्तों को भक्ति में सराबोर करेंगे।

चैत्र नवरात्रि पर हर वर्ष मां पंतवारी देवी मंदिर पर दुर्गा जागरण होता है। जागरण से पहले मंदिर पर ज्वाला देवी से माता रानी की पावन ज्योति को लाकर स्थापित किया जाता है उसके बाद जागरण का योजन होता है। उसी क्रम में 10 अप्रैल को ज्वाला देवी से माता रानी की पावन ज्योति को लाकर भक्त मंदिर पर स्थापित कर चुके हैं।आज वैशाली जागरण ग्रुप द्वारा मंदिर पर विशाल जागरण होगा। जिसमें अल्मोड़ा की गायिका शुभी सरगम, मुरादाबाद की भावना तम्मना, मेरठ के कपिल बोहरा सहित अन्य गायक अपनी-अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। कमेटी सदस्य अजय गुप्ता ने बताया मंदिर पर यह 13 वां जागरण है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। 17 अप्रैल को ज्योति विदाई कार्यक्रम और 20 अप्रैल को विशाल भंडारा होगा।

### छात्राओं को मतदान के लिए किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । हरदोई

पाली। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर लगातार रैली आदि के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उसी क्रम में शनिवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने पाली कस्बा के पंत इंटर कालेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज पहुंचकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए उनसे कहा आप सभी अपने परिजनों व आस-पास के लोगों को सभी काम छोंड़कर सबसे पहले मतदान करने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बच्चों को मताधिकार का महत्व समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। हमे इसका उपयोग अवश्य करना चाहिए। इस लिए नित्य कार्यो की तरह मतदान के दिन सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाये। इस दौरान सुनील गौतम, पंत इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार पांडेय, राकेश रंजन, आज़र, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह, शिवम तिवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कछौना पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस द्वारा गैरकानूनी रूप से शस्त्र निर्माण करते हुए दो व्यक्तियों को निर्मित व अर्द्ध निर्मित शस्त्रों एवं शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना कछौना राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ रैसों चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गढ़ी कमालपुर मार्ग पर बबूल के जंगल में कुछ लोगों द्वारा अवैध शस्त्रों का निर्माण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अवैध शस्त्र बनाते हुए दो अनिल कुमार पुत्र सेवकराम निवासी भगवंतपुर थाना संडीला व भरत पुत्र रामविलास निवासी भीरीघाट थाना कछौना सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो निर्मित तमंचा 12 बोर, दो अर्ध निर्मित तमंचे, दो जिंदा कारतूस व दो खोखा एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए।

पुलिस ने गिरफ्तार दोनो आरोपियो के खिलाफ आयुध अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है। पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### संचारी रोगों से निपटने के लिए 11 विभागों को दी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। संचारी रोग और दिमागी बुखार पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग समेत 11 विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। फ्रंटलाइन वर्कर के घर-घर जाने के साथ विभिन्न विभाग अपने स्तर से जागरूकता अभियान चलाएंगे। स्वास्थ्य टीमों ने कार्य करना शुरू भी कर दिया है। अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ कर दिया गया। दस अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए टीमें भी गठित कर दी गई हैं। इस अवधि में लोगों को संचारी रोग और दिमागी बुखार से बचाने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाया गया है। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बताया कि घर-घर जाने के दौरान सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वेक्टर घनत्व के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाएगा। इस बीच रोगियों में क्षय मरीजों के उपचार की व्यवस्था कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर विकास विभाग को स्वच्छता के उपाय, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग व उद्यान विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## 12 करोड़ से तीन केजीबीवी होंगे उच्चीकृत

* कक्षा 12 तक की होगी पढ़ाई, 100 छात्राओं के लिए बनेगा छात्रावास
* छात्राओं को इंटर की पढ़ाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूर

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के तीन कस्तूरबा विद्यालयों को उच्चीकृत किया जा रहा है। अभी तक इन स्कूलों में कक्षा आठ तक पढ़ाई होती है। इन विद्यालयों के उच्चीकृत होने से आस-पास की बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

जिले के सभी 14 ब्लॉक क्षेत्रों व वन क्षेत्र में कुल 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चित्तौरा, तेजवापुर तथा विशेश्वरगंज को उच्चीकृत किया जा रहा है। इन विद्यालय में कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

सभी विद्यालयों के निर्माण कार्य में 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एक विद्यालय में चार करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रत्येक विद्यालय में नया शैक्षिक ब्लॉक, 100 छात्राओं के लिए नया छात्रावास बनाया जाएगा। तीनों विद्यालयों के उच्चीकृत होने के बाद इस क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

जिले के तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत या जा रहा है। इन विद्यालयों में कक्षा से आठ तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उच्चीकरण होने के बाद कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

## फोम फैक्टरी में लगी भीषण आग

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली के परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक फोम फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सीबीगंज थाना क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में आग लगने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जैसे ही आग की लपटें दूर तक दिखाईं दी तो लोगों की भीड़ लग गई। आसमान में धुएं का गुबार देख इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सड़क पर आवागमन रोक दिया। दमकल की तीन गाड़ियां आग बुझाने मौके पर पहुंची। सीबीगंज थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से काफी नुकसान होने का अनुमान है। .अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। परसाखेड़ा शहर के बाहरी हिस्से में झुमका रोड पर है

# लोक कला गांव में तब्दील हुई जोगिया जूनोबी पट्टी

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**





जिले के जोगिया जनूबी पट्टी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14-15अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाले 17 वें लोकरंग की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसे मूर्त रूप देने में संभावना कला मंच गाजीपुर की 12 सदस्य टीम आयोजन के दो दिन पूर्व से ही गांव में गांव को कला गांव में में तब्दील कर दिया है।

कलाकृतियों से लोक संस्कृति के संवर्धन के लिए आयोजित लोकरंग को अपने कला का रंग विगत 12 वर्षों से प्रदान करने वाले कार्यक्रम के आयोजन को अंतिम रूप देने लग गई है। टीम गांव के दिवाल, बखार, कुएं आदि जगहों पर भित्ति चित्र बनाकर गांव की सूरत को ही बदल दिया है।

बताते चलें कि सांस्कृतिक भड़ैती व फूहड़पन के विरुद्ध जन संस्कृति के संवर्धन के लिए लोकरंग सांस्कृतिक समिति जोगिया जनूबी पट्टी फाजिलनगर के तत्वावधान में विगत 17 वर्षों से लोकरंग का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष भी लोकरंग को अपने कलाकृतियां को सजाने के लिए संभावना कला मंच गाजीपुर के संयोजक डा. राजकुमार सिंह, डा. राजीव कुमार गुप्ता, सुधीर सिंह,पंकज शर्मा, शिवांशी शर्मा, ऋषि प्रजापति, रिती सिंह, प्रिया मौर्या, बृजेश कुमार, राजेश कुमार, आदित्य कुमार,चंदन यादव, आदित्य भारतद्वाज आदि के द्वारा गांव में भित्ति चित्र बनाकर गांव को कला गांव के रूप में सजा दिया है।इस आयोजन में प्रत्येक वर्ष देश व विदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारो का लोकरंग के मंच पर प्रस्तुति स्थानीय लोगों को देखने को मिलती रहती है। कार्यक्रम प्रस्तुत करने नीदरलैंड व सूरी नाम से कुल पांच कलाकार लोकरंग के कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे।

पहली बार इस मंच पर 4 विदेशी कलाकार लोकरंग के सांस्कृतिक मंच का हिस्सा बनेंगे। सुप्रसिद्ध सुरीनाम भोजपुरी गायक राजमोहन के अलावा भोजपुरी पाप रैपर, रग्गा मेन्नो, सोनभद्र हीरा व रूण नंदा और किशन हीरा की प्रस्तुतियां आकर्षक का केन्द्र रहेगी।

# प्रभु श्रीराम के साथ निषादराज ने निभाया था मित्रवत धर्म: जितेन्द्र

**जन एक्सप्रेस। बरहज**



प्रभु श्री राम के परम मित्र व श्रृंगवेरपुर के महाराजा निषादराज गुह्य की जयंती शनिवार को मत्स्यजीवी फिश फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में धूमधाम से मनाई। विजय कटरा स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने महाराजा गुह्यराज का पूजन-अर्चन किया और समाज की उन्नति, तरक्की व स्वरोजगार की रूपरेखा तय की। मत्स्यजीवी एफएफपीओ के चेयरमैन निषाद जितेन्द्र भारत ने कहा कि महाराज निषादराज गुह्य का जन्म त्रेतायुग में चैत शुक्ल पक्ष पंचमी को श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज में हुआ था। प्रभु श्री राम के विषम परिस्थितियों में साथ देकर निषादराज ने मित्रवत धर्म निभाया था। वनगमन के दौरान श्रीराम ने अपनी पहली रात अपने मित्र निषादराज के यहां बिताई थी। निषादराज ने ही केवट हरिवंश से प्रभु श्रीराम को गंगा पार करावाया। अनिल निषाद व चिंतामणि साहनी ने कहा कि इस देश के मूल निवासी निषाद वंश के लोग हैं।

देश की सभ्यता व संस्कृति निषाद संस्कृति रही है।भाजपा नगर अध्यक्ष विजय सिंह रिंकू ने कहा कि देश के स्वाधीनता संग्राम में निषादों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सेवानिवृत शिक्षक मोहन निषाद ने कहा कि इतिहास की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए धन तो आता है और चला जाता है, धन से हीन होने पर कुछ नष्ट नही होता किंतु इतिहास और अपना प्राचीनतम गौरव नष्ट होने पर उस समाज का विनाश निश्चित है।

निषादो की वर्तमान दशा एवं स्थिती इसका परिणाम है। इस अवसर पर सूरज प्रसाद निषाद, मुकेश पटेल, बृजा नन्द निषाद,नन्दलाल निषाद, गजानंद मौर्य दीनानाथ निशाद, ऋतुराज प्रजापति, राकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर।** कोतवाली पुलिस ने तारा परसियां गांव की फुलेसर प्रसाद की पत्नी बबिता देवी की तहरीर पर मारपीट, अपमानित करने व धमकी का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि वह 10 अप्रैल की रात 9:30 बजे बाहर परदेश से आए सूर्यभान उनकी पत्नी कीशा, जानकी पत्नी तारकेश्वर तथा मंगेश पुत्र तारकेश्वर ने अचानक ही गाली देते हुए उसे मारना-पीटना शुरू कर दिए। मंगेश ने टांगी से प्रहार किया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। जान से मारने की नीयत से गला दबा दिए थे। शोर सुनकर लोग इकट्ठा हुए तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट, अपमानित करने व धमकी देने का केस दर्ज किया है। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

# सीएम सिटी पुलिस ने फर्जी दरोगा को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के क्रम में कैंट थाना पुलिस द्वारा किए जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया। फर्जी दरोगा अपनी कार के डैस बोर्ड पर उत्तर प्रदेश पुलिस का एक कैप रखकर जिले में रौब जमाते घूम रहा था।

बताते चलें कि गिरफ्तार फर्जी दरोगा दुर्गेश पासवान नाम से जाना जाता है जो जिले के खजनी क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। उक्त फर्जी दरोगा के पास से पूर्व में भी एक बार पुलिस के फर्जी पहचान पत्र तथा पुलिस विभाग की वर्दी भी इसके पास से बरामद हुई थी।

अभियुक्त दुर्गेश पासवान अपनी पत्नी और ससुराल वालों को खुश करने के लिए बना था फर्जी दरोगा।

एस पी सीटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कैंट थाना पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज क्षेत्र से इस फर्जी दरोगा को गिरफ्तारी किया। पुलिस इस प्रकरण की गहनता से जांच में जुट गई है तथा आरोपी फर्जी दरोगा को जेल भेज दिया गया।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सिद्धांतों की होती है जीत: राघवेंद्र

**जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया**



नगर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में गोरखपुर विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (गुआक्टा) चुनाव में भारी बहुमत से उपाध्यक्ष पद पर चुने गए महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रोफ़ेसर राम अवतार वर्मा को महाविद्यालय के यशस्वी प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह द्वारा बुके तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय तथा प्राचार्य प्रोफ़ेसर सतीश चंद्र गौड़ के साथ महाविद्यालय के सभी आचार्य गण उपस्थित रहे।इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंधक राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि संगठन में पदाधिकारी का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक हिस्सा है। चुने हुए प्रतिनिधियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने सदस्यों के विश्वास को कायम रखें तथा उनके हित के संवर्धन के लिए कार्य करें। उक्त अवसर पर डॉ श्रीनिवास, प्रोफेसर मनोज कुमार, डॉ मनीष नाथ त्रिपाठी, डॉ अमीर लाल, डॉ दिनेश कुमार शर्मा, डॉ सुशील कुमार पांडेय, डॉ अवनीत सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ महेंद्र कुमार मिश्र, डॉ एस के पाठक, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ अभिमन्यु पांडेय, डॉ कनक लता, डॉ अरुण मद्धेशिया, डॉ कमलेश कुमार, डॉ अजय सिंह, डॉ शिव शंकर प्रजापति, डॉ जय सिंह यादव, डॉ अमन तिवारी, डॉ कीर्ति जायसवाल, डॉ सुदीप रंजन, डॉ रवि सिंह, डॉ प्रवीण प्रजापति, डॉ सौरभ पाल, शिव प्रसाद, प्रवीन शाही, शिव प्रताप सिंह सहित समस्त कर्मचारी वर्ग ने प्रति भाग की हैं।

# दोनों बोल रहे थे एक-दूसरे से झूठे: पति ने खुद को बताया दरोगा तो पत्नी ने कुंवारी बनकर रचाई शादी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर में पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने फर्जी दरोगा पति को गिरफ्तार किया है। पत्नी का आरोप है फर्जी दरोगा बनकर युवक ने उससे शादी की। वहीं, गिरफ्तरी के बाद पति ने भी पत्नी पर आरोप लगाया है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी पहले से शादीशुदा थी।

गोरखपुर कैंट पुलिस ने पत्नी को रिझाने के लिए दरोगा बनकर रौब जमाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि उसने असली पुलिस दिखने के लिए तीन हजार रुपये में पुलिस की वर्दी खरीद ली थी और फिर कार के डैशबोर्ड पर पुलिस की टोपी रखकर चलता था। इतना ही नहीं पत्नी से उसने हापुड़ में तैनाती होने जैसा झूठ भी बोला था। पत्नी की शिकायत के बाद ही पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

आरोपी की पहचान खजनी के कन्दराई गांव निवासी दुर्गेश कुमार पासी के रूप में हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई व एएसपी आंशिका वर्मा ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करके आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शनिवार को कैंट पुलिस चुनाव को देखते हुए वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक कार सिक्टौर की तरफ से आती दिखी। चेक करने पर कार के डैशबोर्ड पर एक पुलिस की टोपी थी, जांच में सामने आया कि वह नकली दरोगा बन धौंस जमाता है।

आरोपी दुर्गेश ने पुलिस को बताया कि उसने मड़ापर के एक डिग्री कॉलेज से स्नातक किया। इसके बाद एसआई का फॉर्म भरा था। इस बीच उसकी मुलाकात पूजा नामक महिला से हुई, जिसका मायका पिपरौली में था। उसने उसे एसआई के फॉर्म के बारे में बताया।

बाद में वह परीक्षा में फेल हो गया। दरोगा के नाम पर ही पूजा ने शादी की थी, लिहाजा उसने यह झूठ बोल दिया कि वह चयनित हो गया और सीतापुर में ट्रेनिंग कर रहा है। पूजा बार-बार फोन करती लिहाज पकड़े जाने के डर से उसने सीतापुर से ही एक ट्रेलर के यहां से पुलिस की वर्दी खरीद ली और फोटो खींचकर भेज दी।

# नाले में मिला वाटरपार्क कर्मचारी का शव, हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

वाटरपार्क में काम करने वाले वर्कर का शव शुक्रवार को जोल्हिनिया खोड्डा मार्ग पर नाले में मिला। युवक औंधे मुंह नाले में गिरा था और पास में उसकी बाइक गिरी पड़ी थी। उसके सिर पर चोट के निशान थे। जेब से मिले मोबाइल फोन की मदद से पुलिस ने शव की पहचान कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के घर वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं। घर वालों का कहना है कि रात से ही युवक वाटर पार्क से लापता था और जिम्मेदारों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी। मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर पुलिस छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने से मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा पीठ पर भी चोट है। पुलिस के अनुसार घर वालों के लगाए गए आरोप के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मऊ जिले के सराय थाना क्षेत्र के रणधीरपुर गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक मौर्या हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली नगर पंचायत में संचालित वाटरपार्क में काम करते थे। बृहस्पतिवार की शाम वह उन्होंने घर वालों से बात की थी और सबकुछ ठीक बताया था। शुक्रवार को सुबह जोल्हिनिया के पास नाले में औंधे मुंह उसका शव और सड़क किनारे गिरी बाइक देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। युवक के शरीर का सिर्फ अगला हिस्सा करीब दो फीट पानी में था।

## अमरमणि त्रिपाठी की चल-अचल संपत्ति कुर्क


**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** अमरमणि के खिलाफ यह कार्रवाई बस्ती में व्यापारी के बेटे अपहरण मामले में फरार होने के चलते हुई है। अमरमणि को अदालत में सरेंडर होना था, लेकिन अमरमणि सरेंडर नहीं हुए। अमरमणि त्रिपाठी की चल-अचल संपत्ति की कुर्की हो रही है। पुलिस बल के साथ एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्य के साथ कोतवाली बस्ती के इंस्पेक्टर अनिल कुमार यादव मौजूद हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश पर कुर्की हो रही है। कार्रवाई के चलते नौतनवा कस्बे में स्थित अमरमणि त्रिपाठी का आवास पुलिस छावनी तब्दील हो गया है। बता दें कि पूर्व मंत्री के खिलाफ यह कार्रवाई बस्ती में व्यापारी के बेटे अपहरण मामले में फरार होने के चलते की गई है। अमरमणि को अदालत में सरेंडर होना था। अमरमणि सरेंडर नहीं हुए, जिसके चलते उनकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। छह दिसंबर 2001 को व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। इस मामले में कोतवाली थाने में अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में अमरमणि समेत नौ लोगों को आरोपी बनाया था। आरोप है कि लखनऊ के जिस मकान से अपहृत बालक मिला था, वह तत्कालीन मंत्री अमरमणि का था।

# बंजारों की इष्ट देवी मां सिंधरिया के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामना होती है पूर्ण

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**







कुशीनगर जनपद में तो अनेको देवी स्थान है जहां नवरात्रि के समय भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगी रहती है।

उन्हीं मंदिरों में एक मंदिर माता सिंधिया देवी का स्थान भी आता है। जो कोटवा घुघली मार्ग से कोहरगड्डी को जाने वाली सड़क से एक किमी की दूरी पर स्थित कोटवां कला के सिंधिया ताल स्थित माता सिधररिया देवी का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर की मान्यता है कि कोई भी भक्त श्रद्धांभाव से मन में कामना लिए माता रानी के दरबार में मथा टेकता है तो उसकी मुराद मां जरूर पूर्ण करती है। मंदिर के पुजारी काबिल यादव बताते हैं कि नवरात्रि में नौ दिन तक मंदिर में श्रद्धालुओं की की काफी भीड़ रहती है। सुबह 5 बजे मंदिर का कपाट खुल जाता है। माता रानी का दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं ।इस मंदिर में सच्चे मन से पूजा करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं निश्चित पूर्ण होती है। क्षेत्रीय लोगों में नागेश्वर यादव, गाजर यादव, सीताराम कुशवाहा, पुरूषोत्तम तिवारी, नरेंद्र पांडेय, रामधनी कुशवाहा, शेषनाथ यादव, शिवशंकर तिवारी,राजू शर्मा आदि ने बताया कि जंगल के बीचों बीच बंजारों ने पिन्डी की स्थापना कर मातारानी की अराधना कर अपनी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते थे। धीरे धीरे इस स्थान की प्रसिद्धि बढ़ती गई जानकारी होने पर श्रद्धालुओं का इस स्थान पर आना जाना शुरू हुआ अब तो पूरे साल भक्तों का इस स्थान पर भारी संख्या में आना जाना लगा रहता है। 'श्रद्धालु' कोटवां कला गांव की निवासीनी बिन्दु देवी बताती है कि मां सिधरिया देवी के दरबार से आज तक कोई भी भक्त निराश नहीं लौटा है।यह एक ऐसा सच्चा दरबार है जहां हाजिरी लगाने पर सभी भक्तों की मनोकामना मातारानी पूर्ण करती है। कहती हैं कि नवरात्रि के पावन पर्व पर हम पुरे परिवार के साथ मां का दर्शन करने आती रहती हूं। मेरे द्वारा मातारानी से मांगी गई सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

'मंदिर की प्रमुख विशेषता' मां सिंधिया देवी को चुनरी नारियल व हाथी की मूर्ति पसन्द है। इसलिए जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है वह मंदिर में पहुंच कर नारियल चुनरी व हाथी की मूर्ति चढ़ाते हैं। मंदिर के अन्दर सात पिन्डी स्थापित है।पिन्डी के बीच में सिंधिया देवी मां की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है।

'क्या कहते हैं मंदिर के पुजारी' मंदिर पुजारी काबिल यादव कहते हैं की नौ दिन तक मन्दिर मे चहल पहल रहती है। सुबह पांच बजे मन्दिर का कपाट खुलता है। मां का दर्शन करने दूर दूर से श्रद्धालु आते है। सच्चे मन से पुजा करने वाले भक्त कभी निराश नही होते। भक्तो की सभी मनोकामना माता रानी पूर्ण करती है।

# 15 को देश छोड़ने वाला था दारा सिंह लेकिन चढ़ गया पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस। गौरीबाजार**

युवतियों पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने का मुख्य आरोपी व पुलिस मुठभेड़ में घायल दारा सिंह 15 अप्रैल को विदेश जाने वाला था। वह अक्सर विदेश कमाने के लिए आया-जाया करता था। पत्नी के कैंसर होने के बाद बीमार रहने के कारण वह घर पर ही रहता था। करीब एक वर्ष पहले पत्नी ने बीमारी से लड़ते-लड़ते दम तोड़ दिया। इधर, उसने विदेश जाने की योजना बना ली। उसने अपना टिकट व वीजा सब तैयार करवा लिया। इसी बीच उसकी युवती से अनबन हो गई। उसने समय का लाभ उठाते हुए युवती पर ज्वलनशील पदार्थ फेंकवा कर घर छोड़ने की योजना बना ली। वह अपने दोनों साथियों के साथ गोरखपुर सीमा में प्रवेश करना चाहता था। रात होने पर वह दोनों के साथ घर से निकला, लेकिन पुलिस की वाहन जांच ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया। हालांकि, इस घटना में दारा व शेखर पुलिस के हत्थे मुठभेड़ में चढ़ गए, लेकिन तीसरा युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# हिस्ट्रीशिटरों पर नजर...75 फीसदी असलहे जमा

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले की पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोली है। पुलिस की ओर से असलहे भी जमा कराए जा रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं, जो बाहर रहते हैं। उनका असलहा जमा करने में पुलिस को मुश्किल हो रही है। पुलिस ने रोजाना शाम को पैदल गश्त कर सीमावर्ती क्षेत्रों के शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखनी शुरू भी कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, जिले में 904 हिस्ट्रीशिटर चिह्नित किए गए हैं। इसमें नौ लोगों की मृत हो चुकी है। वहीं 126 लोग बाहर रहते हैं, जबकि 41 लोग लापता हैं। वहीं 40 लोग जेल में हैं। 688 लोग अभी मौजूद हैं। 29873 लोगों का चालान किया गया है। 7752 लोगों को पाबंद किया गया है। पुलिस का मानना है कि लोकसभा चुनाव से पहले माहौल बिगाड़ने में भी इनकी अहम भूमिका होती है। इन सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विवादों से निपटने के लिए उचित इंतजाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

भारत-नेपाल बार्डर के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस सतर्क है। असलहे जमा कराने के साथ ही रोजाना गश्त कर रही है। अब तक करीब 75 फीसदी असलहा जमा करा दिया गया है। शेष असलहे भी जमा कराने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। इतना ही नहीं थानों पर पुलिस की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

## मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अनुनय झा ने दिव्यांग मतदाताओं की मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कलक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। जिलाधिकारी ने रैली में सम्मिलित सभी दिव्यांग मतदाताओं का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने मतदाता जागरूकता पर आधारित चित्र/स्लोगन प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, एसडीएम सदर रमेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश, तहसीलदार सदर अमित सिंह, नायब तहसीलदार सदर देशदीपक त्रिपाठी, ईओ नगरपालिका आलोक कुमार मिश्रा, दिलीप गुप्ता मौजूद रहे।

# अराजकतत्वों ने तोड़ी भगवान बुद्ध और आंबेडकर प्रतिमा, गांव में तनाव

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

चौक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा विजयपुर में बृहस्पतिवार की रात अराजकतत्वों ने भगवान बुद्ध और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तोड़ दी। शुक्रवार की सुबह बुद्ध विहार की सफाई के लिए पहुंचे गांव के लोगों ने प्रतिमा देखी तो आक्रोशित हो गए। थोड़ी देर में भीड़ जुट गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रतिमा की मरम्मत कराने के बाद पेंटिंग करा दी। दोपहर बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

चौक थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में अनुसूचित जाति की बस्ती के पास वर्षों से भगवान बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित है। बाबा साहब की जयंती और पुण्यतिथि पर बस्ती के लोग समारोह का आयोजन करते हैं। बृहस्पतिवार की रात अराजकतत्वों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के अराजकतत्वों ने प्रतिमा तोड़ी है। जब तक अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तब तक वह चुप नहीं बैठेंगे। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने ग्रामीणों को किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। दोपहर बाद प्रतिमा की मरम्मत के बाद पेंटिंग करा दी गई। सीओ ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द अराजकतत्वों को पकड़ लिया जाएगा।

# कुशीनगर के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी रिश्वत लेते धरा गया

**✱ एंटी करप्शन टीम गोरखपुर को शिकायतकर्ता ने दिया प्रार्थना पत्र**

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



जनपद कुशीनगर के मत्स्य विकास अधिकारी को गोरखपुर की एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को उनके कार्यालय से 25000 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोच लिया। जिले के सपहा महतो पोस्ट लक्ष्मीगंज तहसील कप्तानगंज थाना रामकोला निवासी महेंद्र कुमार चौधरी ने रिश्वत के मामले में शिकायती पत्र भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोरखपुर को किया था। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता का चयन प्रधानमंत्री मत्स्य योजना 2023-24 के अन्तर्गत मीठे जल में वायोफ्लांक निर्माण परियोजना के लिए हुआ था जिसके अन्तर्गत प्रथम किश्त के रूप में शिकायतकर्ता को 5 लाख 4 हजार रुपए मिलना है।उक्त धनराशि में से 25 प्रतिशत अर्थात 1 लाख 25 हजार रूपए सहायक मत्स्य अधिकारी बृजेश यादव द्वारा कमीशन ध् रिश्वत के रूप में मांग की जा रही थी।जिसको लेकर शनिवार के दोपहर समय 2 बजकर 20 मिनट पर आरोपी बृजेश कुमार यादव को उसके कार्यालय से अग्रिम धनराशि 25000 हजार रूपये लेते हुए एन्टी करप्शन गोरखपुर की टीम द्वारा समक्ष लोकसेवक साक्षी गण के रंगें हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पड़रौना जनपद कुशीनगर में धारा 7,13(1)ख सपठित धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संबोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018के तहत अभियोग पंजीकृत करा कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्यवाही को लेकर जनपद में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गाड़ी का शीशा तोड़कर 45 हजार रुपये चोरी

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के लोनी तिराहा पर चोर ने सड़क किनारे खड़ी अधिवक्ता की गाड़ी का शीशा तोडकर 45 हजार रुपये चोरी कर लिए। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। गढ़ी जस्सी गांव में सत्येंद्र धामा परिवार के साथ रहते हैं। वह अधिवक्ता हैं। उन्होंने बताया कि वह किसी काम से लोनी तिराहा पर गए थे। गाड़ी खड़ी कर कुछ सामान लेने गए थे। वापस गाड़ी के पास आए, तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। डैश बोर्ड में रखे करीब 45 हजार रुपये गायब थे। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। जल्द चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### युवतियों ने किया गाड़ी से खतरनाक स्टंट

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** कोतवाली क्षेत्र की वसुंधरा चौकी के पास दो युवतियों का चलती गाड़ी से स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ है। हैरत की बात है कि चौकी के सामने से गाड़ी निकलने के बावजूद पुलिस ने इन पर कोई ध्यान नहीं दिया। गनीमत रही कि तेज गति से चल रही गाड़ी में युवतियों के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो करीब 27 सेकेंड की है। युवतियों की गाड़ी के पीछे दूसरे वाहन में बैठा युवक उनकी वीडियो बना रहा था। वीडियो इंदिरापुरम से आते वसुंधरा चौकी की तरफ से वाया बुध चौकी की तरफ की है। वीडियो में गाड़ी की गति काफी तेज नजर आ रही है। जिसमें हरे और काले रंग के कपड़े पहने दो युवतियां चालक व परिचालक की तरफ की खिड़कियों के बाहर बैठकर अपनी जान को जोखिम में डाल रही हैं जबकि सनरूफ को खोलकर एक युवक बीच सीट पर बाहर की तरफ खड़ा है। एक्स पर वीडियो का संज्ञान लेकर डीसीपी ट्रांस हिंडन ने तत्काल इंदिरापुरम पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि वीडियो से गाड़ी नंबर लखनऊ का नजर आया है। जांच के दौरान जो संपर्क नंबर मिला है वह बंद है। टीम दूसरे एंगल से युवतियों की पहचान कर रही है।

### बीएसए कार्यालय में शराबी ने किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में एक व्यक्ति ने हंगामा खड़ा कर दिया। उसका बच्चा एक निजी विद्यालय में पढ़ता है और वह अपने बच्चे का शुल्क माफ कराने की मांग कर रहा था। बीएसए के अनुसार वह व्यक्ति शराब के नशे में था। विभागीय कर्मचारियों ने व्यक्ति को समझाने की कोशिश की कि निजी विद्यालय का शुल्क वह माफ नहीं करा सकते हैं। वह भड़क गया और कर्मचारियों पर रिश्वत लेने का आरोप लगाने लगा। मौके पर कार्यालय के कर्मचारियों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लेकर वहां से चली गई। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इस संबंध में बीएसए उपेंद्र गुप्ता का कहना है कि एक व्यक्ति अपने बच्चे के विद्यालय का शुल्क माफ कराने की मांग कर रहा था। वह शराब के नशे में प्रतीत हो रहा था। वह कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर बेबुनयाद आरोप लगाने लगा।

---

अमित शाह का फोन से दो मिनट का भाषण

# बोले- महेश शर्मा को दिया गया एक एक वोट मोदी को बनाएगा पीएम

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**




गौतमबुद्ध नगर के भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट की अपील करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आपका एक-एक वोट नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएगा।

गौतमबुद्ध नगर के भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा और कमल के निशान को दिया गया एक-एक वोट नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगा। आप इनको गौतमबुद्ध नगर से जीत दिलाएं। वादा करता हूं कि डॉ. महेश के विजय जुलूस में शामिल होने नोएडा आउंगा। यह बातें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनता को फोन से दिए संबोधन में कही। वह खराब मौसम की वजह से नोएडा नहीं आ पाए।

गृह मंत्री को अलवर में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद नोएडा आना था। लेकिन शाम पांच बजे के आसपास एकाएक मौसम खराब हो गया। तेज आंधी और हल्की बारिश की वजह से अमित शाह अलवर में ही फंस गए। मौसम ठीक होने का इंतजार किया। लेकिन बात नहीं बन पाई तो आखिरकार उन्होंने नोएडा की जनता को फोन पर ही संबोधित करने का फैसला लिया।

उन्होंने फोन से दिए गए संबोधन में कहा कि मैं डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट की अपील करने आने वाला था। डॉ. महेश को आपका दिया एक-एक वोट नरेंद्र मोदी को मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि मोदी ने बीते 10 साल में गरीब कल्याण से लेकर शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ढेर सारे काम किए। महेश शर्मा और नरेंद्र मोदी की जोड़ी यहां बड़ा एयरपोर्ट लेकर आई। ढेर सारे हाइवे से जोड़ा। डॉ. महेश ने नोएडा के चहुंमुखी विकास में काफी योगदान दिया है।

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने पूरे उत्तर प्रदेश में एक मजबूत कानून व्यवस्था कायम की है। इसकी वजह से उत्तर प्रदेश में विकास का नया रास्ता खुला है। उन्होंने अंत में महेश शर्मा को एक बार फिर जीत दिलाने की अपील की और भाजपा का हाथ मजबूत करने को कहा। रैली में दोपहर से ही बसों व अन्य वाहनों से आने वाले कार्यकर्ता काफी जोश में थे। लेकिन मंच से जैसे ही यह घोषणा हुई कि अमित शाह नहीं आ पाएंगे। वैसे ही उनका जोश ठंडा पड़ गया। अमित शाह के फोन से संबोधन समाप्त होते ही जनता और कार्यकर्ता मौके से खिसकने शुरू हो गए। हालांकि भाजपा के नेताओं की ओर से कुछ नेताओं को पार्टी में शामिल कराने का कार्यक्रम था। लेकिन जनता वहां नहीं रुक पाई। आंधी और हल्की बारिश के बीच मंच से लोगों के बीच जोश भरा जाता रहा। लोगों को बार-बार कहा गया कि अमित शाह आने वाले हैं। वह उत्साह बनाए रखें। इसी बीच आंधी का कहर ज्यादा होने पर लोग असहज नजर आए। बीच-बीच में बूंदाबांदी ने पूरा माहौल खराब कर दिया।-

---

### बैसाखी पर गुरु की वाणी का गायन, संगत ने टेका मत्था

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा में गुरुद्वारा श्री कलगीधर सदर बाजार पर केंद्रीय स्तर पर बैसाखी पुरब (खालसा पंथ सृजना दिवस) मनाया गया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के साथ कीर्तन दरबार की आरंभता हुई। संगत ने परिवार सहित मत्था टेक कर अपने गुरु से पावन पवित्र बैसाखी पुरब की खुशियां साझा की। भाई साहिब सिंह श्री दरबार साहिब अमृतसर वालों ने गुरवाणी का गायन किया। इन्ही की कृपा के सजे हम हैं नहीं मोसे गरीब करोड़ परे, आवो सजना हो देखा दर्शन तेरा राम शबदों का गायन किया। भाई जसपाल सिंह अखंड कीर्तनी जत्था, भाई हरजोत सिंह गुरुद्वारा मिढ्ढा खुह वाले, भाई हरजीत सिंह हजुरी रागी गुरुद्वारा गुरु का ताल वाले, बीबी बलबिंदर कौर ,भाई हरजीत सिंह हजुरी रागी जत्था सदर बाजार ने भी गुरवाणी का गायन किया। अमरीक सिंह द्वारा गुरु महाराज की अरदास की गई। बैसाखी का इतिहास बताते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 बैसाखी के दिन को सिक्खों के इतिहास का दिन बनाया था। गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर पांच प्यारों को सिंह बनाया था। कीर्तन दरबार में प्रधान रमन साहनी,बंटी ओबेरॉय, राजू सलूजा, हरजीत सिंह प्रिंस,श्याम भोजवानी,रविंद्र सिंह ओबेरॉय,जी एम मग्गो,सरदार बब्लू अरसी आदि उपस्थित रहे।

---

## मकनपुर में झुग्गियों में लगी भीषण आग, दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे



**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के मकनपुर में झुग्गियों में शनिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाना शुरू किया।

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के मकनपुर में झुग्गियों में शनिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाना शुरू किया। बताया जा रहा है कि सिलेंडर

---

## कार सवार युवक की पिटाई, टाइल्स टूटने से हुआ विवाद, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



गाजियाबाद में गाड़ी से टाइल्स टूटने पर विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने कार सवार युवक को पीट डाला। पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यूपी के गाजियाबाद के ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र के खुशहाल पार्क कॉलोनी में सड़क किनारे रखी टाइल्स पर गाड़ी चढ़ाने से दबंगों ने गाड़ी सवार युवक के साथ मारपीट की और गाड़ी में तोड़फोड़ की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

खुशहाल पार्क कॉलोनी में खालिद परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार को वह किसी काम से दिल्ली देहरादून मार्ग की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति के घर का निर्माण चल रहा था। सड़क किनारे पत्थर की टाइल्स रखी हुई थी। रास्ता छोटा होने के कारण ड्राइवर ने जैसे अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई तो कुछ टाइल्स टूट गई। इस पर दबंगों का गुस्सा फूट पड़ा और कार सवार खालिद के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे।

मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में तीन से चार लड़के लाठी डंडों से खालिद के साथ मारपीट कर रहे हैं। खालिद की गाड़ी में भी तोड़फोड़ करते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। लोनी एसीपी सूर्य बली मौर्य ने बताया पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

### मोबाइल व्यापारी की कार से 22 लाख नकद और दस फोन जब्त

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** कोतवाली पुलिस को बृहस्पतिवार रात हिंडन एयरफोर्स रोड पर चेकिंग के दौरान मोबाइल व्यापारी की गाड़ी से 22 लाख रुपये और 10 फोन मिले। पूछताछ में व्यापारी और चालक दोनों ही पुलिस को नकदी व फोन के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए। पुलिस ने नकदी और फोन जब्त कर लिए हैं। डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि साहिबाबाद प्रभारी निरीक्षक अजय चौधरी टीम के साथ हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के सामने बैरियर लगाकर चेकिंग कर रहे थे। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगने की वजह से वाहनों में शराब और नकदी ले जाने की चेकिंग की जा रही थी। इस बीच पुलिस को दिल्ली की तरफ से कार आती दिखी। उसे इशारा देकर बैरियर के पास रोका गया। गाड़ी में सवार प्रवीण कुमार निवासी नजफगढ़ दिल्ली और चालक विनोद कुमार निवासी यमुनोत्री एंक्लेव नजफगढ़ दिल्ली से जानकारी की।

---

## जेल में अधिकार छीनकर सीएम का मनोबल तोड़ने की साजिश : आप

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

आप ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जेल में केजरीवाल को परेशान करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि केंद्र के कहने पर ही जेल प्रशासन सीएम को न्यूनतम अधिकारों से वंचित कर रहा है। आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल और भगवंत मान को मुलाकाती जंगला से मिलने की अनुमति दी। जबकि जेल प्रशासन के पास आमने-सामने बैठाकर मुलाकात कराने का अधिकार है। जेल में अपराधियों की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जाती है। जेल मैनुअल में मिले न्यूनतम अधिकार और सुविधाएं छीनकर केजरीवाल का मनोबल तोड़ने की साजिश है, लेकिन दिल्ली की जनता इसका जवाब वोट से देगी। उन्होंने कहा कि जेल का नियम 602 और 605 यह कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जा सकती है। यह अधिकार जेल प्रशासन को होता है। केजरीवाल का हालचाल जानने के लिए जब सुनीता केजरीवाल आवेदन करती हैं तो कहा जाता है कि आप आमने-सामने मुलाकात नहीं कर सकते, जबकि जेल में अपराधियों की भी मुलाकात बैरक में होती है।

संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल से मान और मेरी मुलाकात के लिए हमारे वकील आवेदन करते हैं तो टोकन नंबर 4152 दे दिया जाता है, लेकिन मुलाकात से एक रात पहले मेल आती है कि सुरक्षा कारणों से इतने शार्ट नोटिस पर मुलाकात नहीं कराई जा सकती। बाद में केजरीवाल और मान की मुलाकात कांच की दीवार में कराने की बात की जाती है। जेल प्रशासन ने मेरी मुलाकात तो रद्द ही कर दी। इसी जेल में सुब्रत रॉय सहारा की मुलाकात इंटरनेट, फोन, ऑफिस आदि सुविधाओं के साथ होती थी। चंद्रा ब्रदर्स बैठक करते थे और कई कागज पर साइन करते थे, लेकिन केजरीवाल को सुविधा नहीं दी जा रही है। बाद में केजरीवाल और मान की मुलाकात कांच की दीवार में कराने की बात की जाती है। जेल प्रशासन ने मेरी मुलाकात तो रद्द ही कर दी। इसी जेल में सुब्रत रॉय सहारा की मुलाकात इंटरनेट, फोन, ऑफिस आदि सुविधाओं के साथ होती थी। चंद्रा ब्रदर्स बैठक करते थे और कई कागज पर साइन करते थे, लेकिन केजरीवाल को सुविधा नहीं दी जा रही है।

---

## पत्नी की चाकू मारकर हत्या, पति करता था शक, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

- पति की फोटो स्टेट की दुकान है
- पत्नी ककुआ के एक हॉस्पिटल में नर्स थी।

आगरा के थाना सदर क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या के बाद पति घर से फरार हो गया। सुबह लोगों ने घर में पत्नी का शव देखा। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार कॉलोनी में गोविंदा अपनी पत्नी मंजू और 3 बच्चों के साथ रहता था। पति की फोटो स्टेट की दुकान है। पत्नी ककुआ के एक हॉस्पीटल में नर्स थी। पति पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। पत्नी के दोस्तों का घर पर आना जाना भी उसे पसंद नहीं था। इसको लेकर उनके बीच में अक्सर विवाद होते थे। बताया गया है कि शुक्रवार शाम को पत्नी हॉस्पीटल से घर आई। उस समय गोविंदा घर पर था। पत्नी मंजू फोन पर किसी से बात कर रही थी। गोविंदा ने उसको टोका। दोनों के बीच में विवाद हो गया। बताया गया है कि पत्नी मंजू अपने पति से झगड़ा करते हुए घर के बाहर आ गई। उसने पति को चांटा मारा दिया। हंगामा होने पर दूसरी गली में रहने वाले गोविंदा के परिजन आ गए। उनकी भी मंजू से कहासुनी हो गई। विवाद में मंजू को धक्का लग गया।

रात करीब दो बजे मंजू और गोविंदा घर लौट आए। बताया गया है कि इसके बाद गुस्से में गोविंदा ने मंजू की चाकू मारकर हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि दो दिन पहले भी दोनों के बीच में झगड़ा हुआ था। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

## 25 हजार कार्ड धारकों ने एक वर्ष में बंद कराए क्रेडिट कार्ड

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

नोएडा। भारी भरकम ब्याज से परेशान करीब 25 हजार क्रेडिट कार्ड धारकों ने बीते वित्तीय वर्ष में अपने क्रेडिट कार्ड बंद करा दिए हैं। इसके पीछे बैंक अधिकारियों ने कई वजह बताई है। मुख्य वजह इसपर लगने वाला ब्याज ही बताया जा रहा है। जहां एक ओर क्रडिट कार्ड की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है वहीं, दूसरी ओर अब ऐसे लोग भी सामने आ रहे हैं जो इसपर लगने वाले ब्याज से परेशान हो गए हैं।

जिले में पांच लाख से अधिक एक्टिव क्रेडिट कार्ड हैं। धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ती जा रही है। जाहिर है कि क्रेडिट कार्ड पर ब्याज तभी लिया जाता है, जब उपभोक्ता क्रेडिट कार्ड के पूरे बिल का भुगतान नहीं करते या जब आप कैश एडवांस लेते हैं। सबसे अधिक ब्याज तब ही लगता है जब काफी समय तक उपभोक्ता पैसा जमा नहीं करते हैं ऐसी स्थिति में बैंक भारी भरकम ब्याज लगाते हैं। क्रेडिट कार्ड कैंसिल कराने वालों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने काफी समय से बिल का भुगतान नहीं किया था। लेकिन अंत में भुगतान करने के बाद उन्होंने क्रेडिट कार्ड बंद करवा दिया। लीड बैंक मैनेजर विदुर भल्ला बताते हैं कि क्रेडिट कार्ड बंद कराने वालों में कई तरह के लोग शामिल हैं पहले वह जिन्होंने ब्याज की वजह बताकर कार्ड बंद करा दिया। दूसरे वह जिसे किसी अन्य बैंक द्वारा अच्छा ऑफर मिला। इसके अलावा इनमें वह उपभोक्ता भी शामिल हैं जो कई क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं इस वजह से उन्होंने क्रेडिट कार्ड को बंद करा दिया। क्रेडिट कार्ड बंद कराने में कोई बुराई नहीं है अगर आपको लगता है कि आप क्रेडिट कार्ड का बिल भरने में सक्षम नहीं है तो इसे बंद कराया जा सकता है। कई लोग क्रेडिट स्कोर को ठीक रखने के लिए भी ऐसा करते हैं।

### कैसे बंद करा सकते हैं क्रेडिट कार्ड

1- सबसे पहले अपना बकाया चुकता करें
2- अपने रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम करें
3- स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन चेक करें
4- बैंक को जानकारी देकर उसे बंद करा सकते हैं

### यह रखें ध्यान

अपने क्रेडिट कार्ड को बंद करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप उसे तिरछा काट दें. वरना अगर वह किसी गलत हाथ में आ गया तो मुमकिन है कि उससे आपकी कुछ जानकारियां चुराई जा सकती हैं या फिर हो सकता है कि आपके नाम पर कोई फ्रॉड ही हो जाए. कार्ड को सिर्फ डस्टबिन में ना फेंकें, पहले उसे काटें, उसके बाद ही फेंकें।.

---

## सुरक्षाकर्मियों ने फिर की हड़ताल, एक घंटे बंद रखा गेट

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**



ग्रेनो वेस्ट की फ्यूजन होम्स सोसाइटी के सुरक्षाकर्मियों ने वेतन नहीं मिलने पर शनिवार सुबह फिर से काम बंद कर हड़ताल कर दिया। दो दिन पहले भी सुरक्षाकर्मियों ने हड़ताल की थी। तब एक दिन में वेतन देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बिल्डर ने वेतन नहीं दिया। वहीं सुरक्षाकर्मियों ने एक घंटे तक सोसाइटी का गेट भी बंद रखा। जिससे निवासियों को परेशानी हुई। वेतन मिलने पर दोपहर बाद सुरक्षाकर्मी काम पर लौटे।

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में करीब 50 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। उनको तीन माह से वेतन नहीं मिला था। शनिवार सुबह 8 बजे सुरक्षाकर्मियों ने फिर से हड़ताल कर दी। इस दौरान गेट करीब एक घंटे तक बंद रहा। किसी को भी बाहर नहीं जाने दिया गया। सोसाइटी की एओए ने सुरक्षाकर्मियों को समझाकर गेट खुलवाया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने काम शुरू नहीं किया। सोसाइटी में अनजान लोग बिना जांच के अंदर आ-जा रहे थे। जिससे निवासियों को सुरक्षा कर डर सताता रहा। आरोप है कि बिल्डर के कारण निवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दोपहर में करीब तीन बजे वेतन मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने सोसाइटी की सुरक्षा का जिम्मा संभाला।

---

## जेपी गर्ल्स, इस्माश और वंडर्स अकादमी ने जीते मुकाबले

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

नॉलेज पार्क स्थित ग्राउंड पर राइजिंग स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को चार मुकाबले हुए। एक मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। पहले मैच में आयुषी सोनी ने शानदार नाबाद 109 रन बनाए। दूसरे मैच में त्रिवेणी ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए चार विकेट लिए और 18 रन बनाए। तीसरे मैच में एकता भडाना को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कोच जेपी नौटियाल ने बताया कि पहले मैच में जेपी गर्ल्स क्रिकेट अकादमी की सलामी बल्लेबाज आयुषी सोनी ने ताबड़तोड़ 62 गेंदों पर 17 चौकों व एक छक्के की मदद से नाबाद 109 रन बनाए। उनके साथ मलिका ने भी नाबाद रहते हुए 56 रन बनाए। जेपी गर्ल्स ने 20 ओवर में एक विकेट खोकर 208 रन बनाए। एफसीएए गर्ल्स की टीम 19.2 ओवर में 114 रन बनाकर आउट हो गई। एफसीएए के लिए साक्षी लोहिया ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। जेपी गर्ल्स के लिए माही चौहान ने तीन और साक्षी नागर ने दो विकेट लिए।जेपी गर्ल्स के लिए माही चौहान ने तीन और साक्षी नागर ने दो विकेट लिए।

दूसरे मैच में दिल्ली चैलेंजर्स क्लब की सलामी बल्लेबाज दीपिका चांद 36 और निधि 26 के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चली। इसके चलते टीम 17.3 ओवर में मात्र 108 रन बनाकर आल आउट हो गई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इस्माश अकादमी की टीम ने सलामी बल्लेबाज तनिष्का शर्मा 31 रन की मदद से 19.5 ओवर में 111 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस्माश के लिए त्रिवेणी ने 18 रन बनाए और चार विकेट लिए।

तीसरे मैच में एफसीएए गर्ल्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी वंडर्स क्लब की टीम ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 139 रन बनाए। इसमें एकता भडाना ने 61 और रिया ने 37 रन का योगदान दिया। एफसीएए की टीम 117 रन ही बना पाई और 22 रन से मैच हार गई।

---

## शराबी ने खंडित की शिव की मूर्ति, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**

11 अप्रैल को शराबी रात करीब दस बजे गांव के बाहर स्थित मंदिर पहुंचा। उसने पहले मंदिर के बाहर रखे तखत को तोड़ दिया। इसके बाद मंदिर के अंदर भगवान शिव की मूर्ति को खंडित कर दिया और भाग निकला।

11 अप्रैल की देर रात गांव रुखाला में एक शराबी ने मंदिर के बाहर रखे तखत सहित मंदिर के अंदर स्थापित भगवान शिव की मूर्ति खंडित की। 12 अप्रैल की सुबह लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। कोतवाल ने बाजार से नई मूर्ति मंगवाकर पूजा-अर्चना के साथ पुन~ मंदिर में स्थापित कराई। गांव रुखाला निवासी हसन देव ने बताया कि गांव निवासी अर्जुन पुत्र विजयपाल 11 अप्रैल को शराब पीकर रात करीब दस बजे गांव के बाहर स्थित मंदिर पहुंचा। उसने पहले मंदिर के बाहर रखे तखत को तोड़ दिया।

इसके बाद मंदिर के अंदर भगवान शिव की मूर्ति को खंडित कर दिया और भाग निकला। सुबह मूर्ति खंडित देखते ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बाजार से नई मूर्ति मंगवाकर पूजा-पाठ के साथ मंदिर में स्थापित करा दिया गया है। बाजार से नई मूर्ति मंगवाकर पूजा-पाठ के साथ मंदिर में स्थापित करा दिया गया है।

---

## बच्ची की गैरइरादतन हत्या के दोषी को दस वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस। अलीगढ़**



सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने बच्ची की गैरइरादतन हत्या के मुकदमे में एक दोषी को दस वर्ष के कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

इसी मुकदमे में एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एक आरोपी की मृत्यु मुकदमे के दौरान हो गई थी। निगोही थाना क्षेत्र के गांव जिंदपुरा निवासी अमरपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 अप्रैल 2004 को उनका बेटा रंजीत नल से पानी भरने गया था, तभी वहां पर आए साधु ने उसकी बाल्टी में थूक दिया। इसी बात पर दोनों में गाली गलौज हो गई थी।

थोड़ी देर बाद सियाराम, प्रेमपाल और साधु अपने हाथों में लाठी-कांता लेकर आए और अमरपाल को गालियां देने लगे। विरोध पर हमलावरों ने अमरपाल को पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर अमरपाल की पत्नी राजबेटी अपनी एक साल की बेटी कुसुम को गोद में लेकर उसे बचाने का प्रयास करने लगी। इस दौरान कांता बच्ची के सिर पर लग गया। उसकी मौत हो गई।

विवेचना के बाद सियाराम, प्रेम पाल और साधु के खिलाफ आरोप पत्र अदालत भेजा गया। गवाहों के बयान और सरकारी वकील भावशील शुक्ला के तर्कों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने सियाराम को दोषी पाते हुए उसे दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सियाराम के बेटे साधु को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। प्रेमपाल की मुकदमे के दौरान मौत हो गई थी।

# बिल्हौर इंटर कॉलेज में यूपीएससी की फ्री कोचिंग विधायक के प्रयास से हुई चालू

**अधिकारियों की उदासीनता के चलते छात्र मायूस**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर विधानसभा में विधायक राहुल बच्चा के अथक प्रयास से बिल्हौर इंटर कॉलेज में पिछले दिनों उद्घाटन हो गया क्लास चालू हो गई लेकिन मंत्री पर भारी समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह की हठधर्मिता के चलते के चलते केवल एसएससी की कोचिंग पढ़ाने एक शिक्षक आ रहे हैं वहीं पर नीट व एनडीए के बच्चे मायूस होकर वापस जा रहे हैं। अध्यापक ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने कहा है नीट, एनडीए नहीं चलाएंगे। गांव के मेधावी बच्चों को भी शहरों की तरह फ्री कोचिंग दिलाकर डाक्टर ,इंजीनियर,कर्नल, और आईएएस बनाने की योगी सरकार की योजना को अफसर अपनी जिद में पलीता लगाए दे रहे हैं। बिल्हौर इंटर कालेज में एक माह पूर्व मुख्यमंत्री



### क्या कहते हैं जिम्मेदार

"जो बड़ी बड़ी बातें कर कोचिंग खुलवाई गई थी,उसके बाद सब भूल गए। विभाग वाले पहले ही कहीं कागजों पर खोलने में इंटरस्टेड थे। अब मैं मंत्री जी को पूरा मामला बताऊंगा। कोचिंग को समय से खुलवाया गया था कि बच्चों की पढ़ाई न प्रभावित हो। एस एस सी, नीट और एनडीए के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ अच्छी बात नहीं है। मैं मंत्री को फोन द्वारा और मुख्यमंत्री को पत्र लिख इनकी कार गुजारियां बताऊंगा
**प्रभाकर श्रीवास्तव**, प्रबंधक

अभ्युदय योजना का शुभारंभ हुआ था।एक माह बाद भी केवल यू पी एस सी कोचिंग चल रही है,उसमे 55 प्रतियोगी छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था,जिसमे 35 से 40 प्रतिदिन आते हैं। कोचिंग में एन डी ए और नीट के छात्र छात्राएं आती हैं,और वापस लौट जाती हैं। अध्यापक भारती ने बताया सीडीओ साहब और मंत्री जी ने भी चालू करने के लिए कहा है लेकिन अभी साहब (समाज कल्याण अधिकारी) चालू नहीं कर रहे हैं। नीट की कोचिंग कर डाक्टर बनने का सपना लेकर आईं निधि राठौर,निक्की कैथवार, साक्षी राठौर,नितिज्ञा कटियार बताती हैं कि लगातार कई दिनों से आ रहीं है शायद किसी दिन शुरू हो जाए।कुल 35 बच्चे नीट में एनरोल्ड हो चुके हैं।इसी तरह अर्पित वर्मा,कौशल,नितिन,अक्षय, एन डी ए की कोचिंग का सपना लेकर वहीं मिले,बताते हैं कि 20 तक छात्र हैं,लेकिन अभी तक कोचिंग शुरू ही नहीं हुई है।। सर बच्चों का मन रखने के लिए उन्हें भी उसी क्लास में बैठा लेते हैं।

### झूठ पर झूठ..

उद्घाटन के दिन मंच से बड़ी बड़ी बातें की गईं थीं ।अब हर जिम्मेदार पूरी गैरजिम्मेदारी से काम कर रहा है ।हमने कोचिंग के कोऑर्डिनेटर बनाए गए हरिहर मिश्र से बात की,वे कहते हैं नहीं अभी मैंने कल ही पता किया था,अभी केवल 5 या 6 बच्चे आएं हैं। पहले दिन से एक्टिव मोड में दिख रहे सर के के भारती कहते है नीट के 30 बच्चे एनरॉल्ड हो गए हैं,चालू हो तो और आ जायेंगे ।सबसे मस्त जवाब दिया समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह ने जो कहते हैं अब तो आचार संहिता लग गई है,अब तो जून में ही कुछ होगा। कोचिंग में बच्चे का एडमिशन,दूसरा क्लास इसमें आचार संहिता का क्या रोल तो कहते हैं तो मैं फाइल भिजवाता हूं डी एम साहब को आप दिला दीजिए परमिशन।

### मंत्री ने खुलवाई थी

कोचिंग खुलने की दास्तान कम निराली नहीं है ।स्थानीय विधायक राहुल बच्चा के बार बार प्रयासों के बाद जब समाज कल्याण अधिकारी किंतु परंतु कर महीनो टालते रहे तो उन्होंने मंत्री असीम अरुण और बिल्हौर इंटर कालेज प्रबंधक प्रभाकर श्रीवास्तव को कांफ्रेंस पर जोड़ लिया और फिर जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह से बात की गई ।मंत्री ने उनसे पूछा आप कालेज प्रबंधक से मिले हैं आज तक ।नहीं कहने पर मंत्री ने उन्हें जमकर लताड़ पिलाई,और उसी समय एक व्हाट्सएप ग्रुप बना खुद को हर चीज से डे टू डे बताने को कहा।

# चन्द्रोदय कुमार कन्नौज के नए जनपद एवम सत्र न्यायाधीश बने

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

ललितपुर के जनपद एवम सत्र न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार कन्नौज के नए जिला जज होंगे। आज अपरान्ह इलाहाबाद उच्च न्यायालय के महानिवन्धक राजीव भारती ने यह आदेश जारी किया। आगंतुक जनपद न्यायाधीश कन्नौज के लिए नए नही है। एचजेएस सेवा में अपनी नियुक्ति की तिथि15 दिसम्बर 2008 से 06 अप्रैल 2012 तक वे लगातार पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद में एडीजे, एडीजे डकैती उन्मूलन, और एडीजे ईसी एक्ट के रूप में तैनात रहे हैं। 21 दिसम्बर 1968 को सीतापुर के श्री जगन्नाथ सिंह के पुत्र के रूप में जन्मे चन्द्रोदय कुमार को 8 अप्रैल 2012



को पीलीभीत का अपर जिला जज बनाकर भेजा गया जहां वे19 जनवरी 2015 तक तैनात रहे। 19 जनवरी 2015 को उन्हें एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट के रूप में भदोही स्थानांतरित किया गया जहा वे 17 फरवरी 2017 तक रहे। इसी बीच उन्होंने वहां परिवार न्यायालय का भी नेतृत्व किया। 20 फरवरी 2017 को उन्हें उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का लॉ आफिसर बनाकर लखनऊ भेज दिया गया जहां वे 3 जनवरी 2020 तक रहे।6 जनवरी 2020 को उन्हें मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के अधिष्ठाता बनाकर झांसी भेजा गया जहां वे 26 अगस्त 2021 तक तैनात रहे। 27 अगस्त 2021 को चन्द्रोदय कुमार का तबादला ललितपुर के जनपद एवम सत्र न्यायाधीश के रूप में किया गया जहां वे अभी तक तैनात है और अब उन्हें कन्नौज का जनपद एवम सत्र न्यायाधीश बनाकर भेजा गया है। यहां वे रिक्त पड़े पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। अभी यह दायित्व प्रभारी जिला जज के रूप में एडीजे लोकेश वरुण देख रहे हैं।

## गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस में युवक की पिटाई, फिर घरवालों को भेजे फोटो...अब नहीं लग रहा सुराग

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा में गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस में युवक की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। युवक बुलंदशहर के अनूपशहर क्षेत्र का रहने वाला है। मुंबई से घर आने को ट्रेन में सवार हुआ था। हैरानी की बात यह है कि उसके साथ पिटाई करने वालों ने उसके फोटो खींचकर परिजनों को भेजे। शुक्रवार देर रात युवक के परिजन जीआरपी थाने पहुंचे। आरोप लगाया कि उनका बेटा घर नहीं पहुंचा है। आमिर निवासी अनूपशहर, बुलंदशहर ने बताया कि उसका बड़ा भाई नदीम मुंबई में कपड़े बेचने का काम करता है। ईद पर घर आने के लिए नदीम गोल्डन टेंपल एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में मुंबई से सवार हुआ था। इसकी परिजनों को फोन पर जानकारी दी थी।



# दो महिला पुलिस कर्मी पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

महिला सशक्तिकरण में उनके उत्कृष्ट/सराहनीय योगदान के लिये 02 महिला पुलिस कर्मियो को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति-पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा जनपद कन्नौज में मिशनशक्ति कार्यक्रम/ऑपरेशन जागृति में उनके उत्कृष्ठ/सराहनीय योगदान के लिए नामित महिला एवं बाल संगठन इकाई कन्नौज में नियुक्त महिला आरक्षी महिमा सिंह व थाना इंदरगढ़ पर नियुक्त महिला आरक्षी प्रज्ञा को अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र व प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया एवं भविष्य में भी पूर्ण दक्षता के साथ कार्य करने के लिये उत्साहवर्धन किया गया ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस कमिश्नर ने सचेंडी थाना क्षेत्र का किया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस/पनकी कानपुर।** लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कानपुर कमिश्नर अखिल कुमार निरंतर कानपुर नगर में भ्रमण करते हुए लगातार निरीक्षण भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज थाना क्षेत्र संचेण्डी के अन्तर्गत आने वाले बिनौर क्रॉसिंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस उपायुक्त पश्चिम को निर्देशित किया गया कि बिनौर क्रॉसिंग संचेण्डी से गुजरने वाले हाइवे से जुडा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है ।असामाजिक तत्वों पर सतर्क व सतत निगरानी किये जाने की आवश्यकता है ।अत- बिनौर क्रॉसिंग को ऑपरेशन त्रिनेत्र से जोडकर सीसीटीवी कैमरों का व्यवस्थापन कराया जाये।

### रॉक कैंपेनिंग संग पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस/अकबरपुर कानपुर देहात।** शिक्षा के क्षेत्र में क्वालिटी एजुकेशन के साथ साथ को करीकुलर एक्टिविटीज में अग्रणी कस्बे के ब्राइट एंजिल्स एजुकेशन सेंटर मे चल रहे दो दिवसीय रॉक कैम्प में आज छात्र छात्राओं को नई-नई खेल गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। आज की खेल गतिविधियों में जिप लाइन, क्राउलिंग, वाटर रोलर, वी शेप ब्रिज, रिवर क्रॉसिंग, सूमो फाइट, रेन डान्स, टैटू आर्ट, पॉटरी एवं मैजिक शो ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके साथ आए अभिभावकों का मन मोह लिया। अन्य गतिविधियों में आज विद्यालय की ओर से एक पैरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य माता-पिता को विषय के अध्यापन के तरीको से अवगत कराना था। जनपद का अग्रणी संस्थान होने के नाते ब्राइट एंजिल्स एजुकेशन सेंटर शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डा. बलवीर सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती मीनाक्षी सिंह एवं समस्त अध्यापक उपस्थित रहे। एक अन्य शैक्षिक गतिविधि में आज विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालय के स्तर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

### 'लोकतंत्र में प्रत्येक मत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है'

**जन एक्सप्रेस/ मैनपुरी।** चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शहर के विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी,मैनपुरी के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा.राम मोहन मतदान करने के लिए नागरिकों में विशेष रूप से जागरूकता उत्पन्न कर रहे हैं ।विद्यालय में भी विभिन्न-विभिन्न प्रकार की कार्ययोजनाएं उनके दिशा निर्देशन में नित्यप्रति कराई जा रही हैं ।इसी कड़ी में विद्यालय में वरिष्ठ प्रधानाचार्य डा.राम मोहन ने सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है ।आप सभी अपने माता-पिता,परिवार में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके भाई-बहनों एवं अन्य परिवारीजनों से अनुरोध अवष्य करें कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें ।लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की सहभागिता के बिना स्वच्छ शासन स्थापित नहीं किया जा सकता है ।मतदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। मतदान के दिन हमें अपने घर में बैठकर आराम नहीं करना चाहिए बल्कि अपने मत का प्रयोग करना चाहिए तथा अपने आस पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु जागरूक करना चाहिए ।हमारा एक मत भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि एक से ही अनेक का निर्माण होता है। मत के द्वारा ही एक अच्छे शासन, प्रशासन की स्थापना की जाती है और जब देश में सुशासन स्थापित हो जाता है,तो प्रत्येक व्यक्ति अपना जीवन सहज एवं निर्भयतापूर्वक व्यतीत कर सकता है उन्होंने सभी से अपील की कि हम आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए अवश्य जागरूक करें ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक प्रधानाचार्य डा.कुसुम मोहन, प्रबन्ध निदेशक डा.लव मोहन एवं उपप्रधानाचार्य जय शंकर तिवारी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने रंगोली के माध्यम से किया मतदाताओं को जागरूक

**जन एक्सप्रेस/ रसूलाबाद कानपुर देहात।** दिन शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय अंता विकासखंड रसूलाबाद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने पूर्ण मनोभाव के साथ स्वीप कानपुर देहात की मुहिम वोट फॉर नेशन राष्ट्र के लिए वोट अवश्य करें को आधार बनाकर बहुत ही सुंदर रंगोली तैयार की। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक और सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।स्वीप के द्वारा लगातार प्रयास कर रहा है कि जनपद के सभी मतदाताओं को जागरूक करना है कि इस बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के चुनाव में सभी लोग बढ़-चढ़कर मतदान करें जिससे कि शत-शत मतदान संभव हो सके मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार मेहंदी प्रतियोगिता, वाददृविवाद प्रतियोगिता, पतंग प्रतियोगिता, चित्र लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार जनपद कानपुर देहात के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान में अन्य विभागों के साथ मिलकर बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय भी अपनी महत्पूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसी क्रम में समस्त शिक्षक और बच्चों ने मिलकर आज की इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### जिलाधिकारी ने विद्यालयों में चलाया जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस/ औरैया।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत ज्ञानस्थली एकेडमी,गजेंद्र सिंह पब्लिक डिग्री कॉलेज,श्री देहाती इंटर कॉलेज नेवलगंज अछल्दा, 1059 इंदिरा गांधी उ0मा0 वि0दिबियापुर,मानस इंटर कॉलेज कंचौसी बाजार में आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये ।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें मतदान करने की शपथ एवं आगामी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया और कहा कि मतदान के दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें ।इस अवसर पर मानव श्रृंखला,पोस्टर तथा रैली में स्लोगन की पट्टिकाओं के माध्यम से भी प्रेरित किया।

# चौबेपुर पुलिस ने दबंग को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना चौबेपुर में दबंग युवक ने युवक को बहाने से घर बुलाकर बेरहमी से मारपीट करने और कान पड़कर माफी मंगवाने के मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरक़त में आई पुलिस ने युवक को दबोचने के बाद विधिवत पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। चौबेपुर थाना क्षेत्र मकानपुरवा गांव निवासी अमन ठाकुर ने बीते दिनों अपने एक साथी के साथ मिलकर गांव के ही एक युवक को शराब पिलाने के बहाने घर पर बुलाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की थी। युवक को थप्पड़ों से मारने के बाद डंडे से पिटाई की और उसके बाद मुर्गा बनाया तथा कान पकड़ कर माफी मंगवाई और पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर वायरल करा दिया। सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्मों पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए दबंग युवक की पहचान होने के बाद उसे दबोच लिया और उससे पूछताछ शुरू की।



### पुलिसिया अंदाज में पूछताछ से ही उतर गया दबंगई का नशा

युवक को पकड़ने के बाद पुलिस ने अपनी चर्चित शैली में कई घंटे तक युवक से मामले को लेकर पूछताछ की। खाकी का ऐसा प्रभाव कि पूछताछ में ही युवक की दबंगई का एकदम उतर गया। जिसे वीडियो में उसके झुककर चलने के तरीके को देखकर ही पता लगाया जा सकता है। पूछताछ के बाद पुलिस ने भी कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया और उसके साथ में मौजूद रहे अन्य युवक की तलाश शुरू की।

## मकनपुर इलियासपुर स्थित हैदरी मस्जिद में हुई इस्लामिक परीक्षा में 100 बच्चों में तीन उत्तीर्ण



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर इलियासपुर स्थित हैदरी मस्जिद में स्लामिक परीक्षा में 100 से अधिक परीक्षा में बैठे हैं तीन बच्चे सफल ईरान से तालीम हासिल करके आये मौलाना अज़ीम रिज़्वी सहाब ने रमज़ान के मुबारक महीने पर हैदरी मस्जिद में स्लामिक सवालों की परिक्षा करवाई थी जिसमे सैकड़ों की संख्या में बच्चो ने परीक्षा में भाग लिया था वही परीक्षा में प्रथम स्थान अयान खान, द्वितीय स्थान मुंताजिर रिजवी, तृतीय स्थान मोजीज़ रज़ा रिजवी ने बाज़ी मारी इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अपोलो ग्रुप के मैनेजमेंट डायरेक्टर डा मजहर अब्बास नक़वी द्वारा बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस दौरान इशरत हुसैन , कल्बे हैदर, हाशम अब्बास , फैमी रिजवी , फराज जाफरी समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## गेहूं का उत्पादन जांचने बिधूना पहुंचीं डीएम

जन एक्सप्रेस । औरैया

जनपद में गेहूं फसल का उत्पादन जांचने के लिए जिलाधिकारी नेहा प्रकाश शुक्रवार को बिधूना तहसील के गांव अरियारी पहुंचीं। यहां बारिश के बीच किसान रामनिवासी तिवारी के खेत में क्रॉप कटिंग कराई। त्रिभुजाकार मानक में क्रॉप कटिंग करने पर 9.5 किलो ग्राम गेहूं की पैदावार का पता चला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्रॉप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। जिलाधिकारी ने किसानों से नजदीक के क्रय केंद्र पर गेहूं बेचने की बात कही। जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल सके। बता दें कि शासन से गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

# 'वृक्षारोपण की तैयारी अभी से शुरू करें'



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जो बच्चे तैरना नहीं जानते है उन्हें गंगा नदी मे स्नान हेतु प्रतिबंधित किया जाये द्य कहा कि बच्चों के परिवारिक जन भी गंगा नदी मे स्नान करने हेतु बच्चों पर प्रतिबंध लगाए ताकि अप्रिय घटना की संभाना न रहें। कहा कि सभी विभाग वृक्षारोपण की तैयारी अभी से कर ले। जो लक्ष्य दिया गया है उस लक्ष्य के परिप्रेक्ष्य में में भूमि चिन्हित कर ली जाये द्य भूमि चयन की सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराई जाए। पूर्व वृक्षारोपण में लगाए गए वृक्षों के सूखने वाले स्थान पर नए पौधे रोपित किए जाएं। डीएम ने बायो मेडिकल वेस्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राइवेट हेल्थ मेडिकल सेंटर को नोटिस जारी करें कि बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानक के अनुसार किया जाए। बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानक के अनुसार न होने पर संबंधित का पंजीकरण निरस्त किया जाए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-वेस्ट निस्तारण पर प्रभावी कार्यवाही करें। कुछ गंगा ग्रामों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हो गया है इस संबंध में गांव के नागरिकों को जागरूक किया जाए द्य उन्होंने गुरसहायगंज में सड़क के किनारे कूड़ा हटाने के निर्देश दिए। कहा कि जिला अस्पताल के पास एवं लाख बहोसी रोड, तिर्वा तथा तिर्वा से ठठिया जाने वाले रास्तों व माँ अन्नपूर्णा मंदिर के पास कूड़ा यथाशीघ्र हटाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, आपके पशु चिकित्सा अधिकारी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### यमुना में चलने से पहले ही फिर टूट गया क्रूज का आगे का हिस्सा टूटा, दोबारा होगी वेल्डिंग

**जन एक्सप्रेस/मथुरा।** वृंदावन में यमुना में चलने से पहले ही केशीघाट के सामने क्रूज एक बार फिर टूट गया। सफाई और अन्य कार्य के लिए हाइड्रा मशीन से बाहर निकाले जा रहे क्रूज का आगे का हिस्सा टूट गया, जिसकी अब दुबारा से वेल्डिंग होगी। शुक्रवार दोपहर को पिछले छह दिनों से यमुना में उतरे क्रूज की सफाई और रखरखाव के लिए उसे यमुना से बाहर नदी किनारे दो हाइड्रा मशीनों से निकाला जा रहा था, तभी क्रूज का आगे फाइबर का एक तरफ का हिस्सा टूटकर बिखर गया। फाइबर निकलने के बाद क्रूज की तकनीकी टीम अब फाइबर की वेल्डिंग कर उसकी मरम्मत करेगी। इसके अलावा उसकी सफाई और रखरखाव के साथ ही अन्य कार्य किया जाएगा। इसकी मरम्मत में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी पानीगांव रोड पर ढाबे के पास से ट्रॉला में रखकर केशीघाट के सामने दूसरी पार लाने के दौरान पेड़ की डाली से टकराने से क्रूज की हैड लाइट टूट गई थी, जिसकी मरम्मत कराई गई थी। क्रूज के कैप्टन निहार प्रधान ने बताया कि क्रूज की सफाई और रखरखाव के लिए यमुना से निकालकर उसे दो हाइड्रा मशीन की मदद से किनारे पर लाया जा रहा था।

# आभूषण खरीदने के नाम पर सराफ से 37 लाख रुपये की ठगी, दर्ज हुई एफआईआर

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा के वृंदावन में एक सराफ के साथ सोने के आभूषण खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। सराफ ने लाखों की ठगी के मामले में न्यायालय के आदेश पर वृंदावन कोतवाली में एक नामजद समेत तीन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पागल बाबा मंदिर के पास स्थित गिर्राज नगर कॉलोनी निवासी लोकेश अग्रवाल पुत्र शंकरलाल अग्रवाल की कॉलोनी में ही आध्या ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सराफ ने नोएडा एक्सटेंशन के सेक्टर-2 निवासी नवीन चौरसिया पर आरोप है कि 17 अगस्त 2023 को वह दुकान पर आया और खुद को गाजियाबाद में सराफा कारोबारी बताते हुए 40 लाख रुपये के आभूषण का ऑर्डर दिया। सराफा व्यवसायी ने नवीन को गहनों की डिजाइन दिखाई जिसके बाद उसने हार, चूड़ी, कड़े, टॉप्स, पेंडिल, चेन आदि आभूषण पसंद किए। इनमें



566 ग्राम वजन के आभूषण बीस कैरेट तथा 90 ग्राम आभूषण 18 कैरेट के खरीदने पर सहमति बनी। इसके लिए नवीन ने 50 हजार रुपये एडवांस दिए और अपना पैन व आधार कार्ड जमा कराकर 10 दिन बाद माल ले जाने की बात कही। पीड़ित ने नामजद पर आरोप लगाया है कि 27 अगस्त को उसका फोन आया और कहा कि वह दुकान के बाहर कार में है। आभूषण लेकर आ जाओ, यहीं पर बकाया पेमेंट कर दिया जाएगा। लोकेश कर्मचारी वैजू निवासी सतोहा गोवर्धन के साथ कार के पास पहुंचे। जेवरात से भरा बैग देकर रकम मांगी तो नवीन ने 58 हजार रुपये और यश बैंक के दो चेक 21 लाख और 15 लाख के दिए और कहा कि उनका सब काम नंबर एक में होता है। चेकों को जब बैंक में लगाया तो पता चला कि नवीन ने भुगतान रोका हुआ है। उसके बाद आधार कार्ड की जानकारी करने पर उसके फर्जी होने की बात सामने आई। 37 लाख रुपये की ठगी के बाद सराफ 18 सितंबर को एसएसपी से मिले और प्रार्थना पत्र दिया। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने पर व्यवसायी ने न्यायालय के आदेश पर 11 अप्रैल को नवीन चौरसिया व उसके कार चालक के साथ एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक रणजीत सिंह को दी गई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# इस बार मीडिया कर्मी भी कर सकेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान, दिया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत मीडिया कर्मियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस पर मीडिया कवरेज पर लगे प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है द्य उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मीडिया कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग ने 'आवश्यक सेवा श्रेणी' में रखा है और इसके लिए चुनाव कवरेज में लगे मीडिया कर्मी अब पोस्टल बैलेट के माध्यम से भी मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसका लाभ उन मीडिया कर्मियों को ही मिलेगा जिन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए प्राधिकार पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन मीडिया कवरेज की व्यस्तता होने पर मतदान करने में असमर्थ ऐसे मीडिया कार्मिकों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने का विकल्प दिया गया है। ऐसे मीडिया कर्मी प्रारूप 12 डी भरकर मतदाता पहचान पत्र के साथ 23 अप्रैल तक अपना आवेदन जिला सूचना अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। दिनांक 7, 8, 9 मई को सुबह 9ः00 बजे से 5ः00 बजे तक कलेक्ट्रेट भवन के हाल में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने अपील की हैं कि सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मुख्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने सभी संवाददाताओ को मतदान के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित समस्त मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# राजद का घोषणापत्र जारी : 1 करोड़ नौकरी का वादा, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए

## तेजस्वी बोले, इंडी सरकार बनी तो अग्निवीर योजना खत्म करेंगे, 500 रु. में देंगे सिलेंडर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल का घोषणा पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने राजद कार्यालय में प्रेस वार्ता की और राजद के वरीय नेताओं के साथ घोषणा पत्र जारी किया। तेजस्वी यादव ने देश की जनता के लिए 24 वचन दिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं लंबे समय से नौकरी, महंगाई, गरीबी और बेरोज़गारी के बारे में बोल रहा हूं। लेकिन, प्रधानमंत्री जनमुद्दों और काम की बात का नोटिस ही नहीं लेते। उन्हें तो बस अपने मन की बात सुनानी है। 10 वर्षों में उन्होंने बिहार को क्या दिया? अपने वादे पूरे क्यों नहीं किए? इन पर नहीं बोलते, वो मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बातें करते है।

### रक्षाबंधन से गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपए देंगे

घोषणा पत्र जारी करने के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा- आने वाली 15 अगस्त से देश के युवाओं को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। सरकार बनने पर इसी 15 अगस्त से 30 लाख रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 70 लाख नए पदों का सृजन किया जाएगा। यानि कुल 1 करोड़ युवाओं को नौकरी। इस आने वाली रक्षाबंधन के दिन से गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी



### अब राजद के घोषणा पत्र पर राजनीतिक पार्टियों के रिएक्शन..

#### 23 सीट पर लड़ रहे, एजेंडा देश का सेट कर रहे : जेडीयू

जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जो पार्टी 23 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वो पूरे देश का एजेंडा सेट कर रही है। ये बताता है कि राष्ट्रीय जनता दल का नेतृत्व राजनीतिक रूप से नाबालिग है। देश में 500 से ज्यादा लोकसभा की सीटें हैं, उनमें से आप केवल बिहार की 23 सीट पर लड़ रहे हैं, वो भी प्रदेश में 0 पर आउट होंगे। इंडी गठबंधन के बाकी दलों को छोड़ कर अकेले राष्ट्रीय एजेंडे की घोषणा करना ये बताता है कि आपके सामने कांग्रेस, माले और बाकी सहयोगी दलों की क्या औकात है।

#### कैसे नौकरियां बांटते हैं ये बताने की जरूरत नहीं : चिराग

राजद के घोषणापत्र पर [illegible] राम विलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा एक लंबे समय तक इन्हीं( तेजस्वी यादव) के परिवार के लोग बिहार की सत्ता में रहे। उस समय कैसे नौकरियां बांटी गई, ये हमें बताने की जरूरत नहीं है। आज लोकसभा के चुनाव हैं जिसमें बिहार की जनता मन बना चुकी है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीएम बनाना है। बिहार के लोग भी उत्तर प्रदेश को उदाहरण के तौर पर देख चुके हैं कि सही मायनों में एक डबल इंजन की सरकार ही राज्य का विकास कर सकती है।

#### एक करोड़ नौकरी के लिए कितनी जमीन लेंगे : सम्राट चौधरी

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी घोषणा पत्र पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा है कि लालू प्रसाद के परिवार ने ये नहीं बताया कि वे 1 करोड़ लोगों को रोजगार देने के नाम पर जमीन कितनी लेंगे। लालू यादव और उनका पूरा का पूरा परिवार केवल भ्रष्टाचार कर सकता है और उन्होंने भ्रष्टाचार करने का रोडमैप बनाया है कि 1 करोड़ नौजवानों को सपना दिखाकर कैसे उनकी जमीनों को लिखवाया जाए।

#### बीजेपी ने बताया झूठ की पोटली

पाटलिपुत्र से बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने राजद के घोषणा पत्र को झूठ की पोटली बताया। उन्होंने कहा कि 15 साल क्या हुआ सब जानते हैं। मैं भी उस वक्त वहां था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जो नौकरी दी गई है, वो सीएम ने दी की है। रामकृपाल यादव ने उस वक्त के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का बिना नाम लिए कहा कि वो मेरे पीछे ही रहते थे। एक दिन भी दफ्तर नहीं जाते थे। बीजेपी एक साल में 10 लाख नौकरी देगी। जनता राजद को नकार चुकी है।।

### 15 अगस्त से नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान करते हुए कहा कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो पूरे देश में एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। पूरे देश में 30 लाख पद रिक्त पड़े हैं। उसको तो भरेंगे ही। लेकिन, 70 लाख पदों का सृजन करेंगे। आपलोग जानते हैं नौकरी, बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। भाजपा के लोगों ने दो करोड़ नौकरी हर साल देने का वादा किया था। हमलोग सच्चे लोग हैं। जो कहते हैं, वह करते हैं। 15 अगस्त से नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### बिजली की दर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी

तेजस्वी यादव ने कहा कि आगामी रक्षा बंधन से देश के गरीब महिला को एक लाख सहायता देगें। साथ ही 500 रुपया गैस सिलेंडर का दाम पूरे देश में कर दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने अग्निवीर योजना को खत्म करने की बात कही। बिहार के लिए एलान करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिजली की दर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाएंगे। बिहार को एक लाख 60 हजार करोड़ का स्पेशल पैकेज बिहार को दिया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो पुरानी पेशन योजना लागू करेगें।

# आतंकी नियम नहीं मानते, तो उनके खात्मे के भी कोई नियम नहीं : विदेश मंत्री एस जयशंकर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने युवाओं के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत का पड़ोसी देश है, इसके लिए केवल हम जिम्मेदार हैं।

### कश्मीर पर पाक ने किया था आक्रमण : जयशंकर

अपने संबोधन में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि 1947 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर आक्रमण किया और भारतीय सेना ने उनका डटकर मुकाबला किया और राज्य का एकीकरण हुआ। उन्होंने कहा कि जब भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही थी, हम रूक गए और संयुक्त राष्ट्र में चले गए। आतंकवाद को लेकर पहले नीतियां पूरी तरह से अलग थी।

### विदेश नीति में बदलाव आया है : जयशंकर

युवाओं से बातचीत करते हुए जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देश की विदेश नीति के बदलाव पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि मेरा जवाब है...हां 50 फीसदी निरंतता है और 50 फीसदी बदलाव है। उन्होंने कहा कि मुंबई हमले के बाद एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसने महसूस नहीं किया कि हमें जवाब नहीं देना चाहिए।

### आतंकवाद के खात्मे के लिए कोई नियम नहीं : जयशंकर

आंतकवाद पर बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि आतंकवादियों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे सीमा पार हैं, इसलिए उन्हें कोई छू नहीं सकता। मैं आपको बता दूं आतंकवादी किसी भी नियम से नहीं खेलते हैं, इसलिए हमारा मानना है कि आतंकवादियों को जवाब देने के लिए भी कोई नियम नहीं हो सकता।

### राजनयिक के रूप में हनुमान जी की तुलना

राजनयिक के रूप में भगवान हनुमान को कैसे देखा जा सकता है, इस सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा कि एक आदर्श राजनयिक पहले अपने स्वामी और देश का पक्ष प्रस्तुत करता है। इस दौरान वातावरण कभी-कभी अनुकूल होता है तो कभी नकारात्मक भी हो जाता है। दबाव के दौरान दूसरे देशों में अपना पक्ष कैसे रखें यही कूटनीति का सर्वोपरी बिंदु है। रामायण में भगवान बजरंगबलि लंका गए थे, उन्होंने वहां चुनौती भरी परिस्थिति में भी भगवान राम का पक्ष मजबूती से रखा।

# केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, ईडी की कार्रवाई को दी है चुनौती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। बताया गया है कि जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी व रिमांड के खिलाफ अपील की है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में कहा, गिरफ्तारी अविश्वसनीय दस्तावेज पर आधारित है और हमसे छिपाई गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, ईमेल भेजें, मैं इस मामले को देखेंगे।



# गेमर्स से मिले पीएम मोदी

## कहा, गुजरात कैसे पहुंची यह बीमारी, भगवान करे मुझे इसकी आदत ना लगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हाल में देश के पहले डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स अवार्ड में कई सारे क्रिएटर्स से मिलने और उन्हें सम्मानित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात ऑनलाइन गेमर्स से मुलाकात की है जो कि नमन माथुर, अनिमेश अग्रवाल, मिथिलेश पाटणकर, पायल धारे, अंशु बिष्ट, तीर्थ मेहता और गणेश गंगाधर हैं। यूट्यूब और सोशल मीडिया पर इन गेमर्स के फॉलोअर्स लाखों में हैं। इनमें से कुछ ई-स्पोर्ट्स गेमर्स हैं और कुछ गेमिंग के वीडियोज के वीडियोज को मजाकिया अंदाज में री-क्रिएट करते हैं। राउंडटेबल के दौरान अपने परिचय में तीर्थ मेहता ने जब कहा कि वे गुजरात से हैं और मोबाइल गेमिंग के साथ उन्होंने अपने ऑनलाइन गेमिंग करियर की शुरुआत की थी तब पीएम मोदी ने कहा कि यह बीमारी गुजरात भी पहुंच गई? पीएम मोदी के इतना कहते ही सारे गेमर्स हंसने लगे, हालांकि पीएम ने गेमिंग को नकारात्मक लहजे में नहीं, बल्कि मजाकिया लहजे में बीमारी कहा है।

### पीएम ने पूछा, क्या इसमें लड़कियों को पर्याप्त मौके मिलते हैं?

जिन सात गेमर्स से पीएम मोदी ने राउंड टेबल मीटिंग की है उनमें महिला के तौर पर केवल पायर धारे थीं। पायर धारे से पीएम ने पूछा कि क्या इस फील्ड में लड़कियों को पर्याप्त मौके मिलते हैं? इसके जवाब में पायल ने कहा कि फिलहाल तो बहुत ही कम मौके मिलते हैं, लेकिन इस वीडियो के पब्लिश होने के बाद लोगों का नजरिया निश्चित तौर पर बदलेगा। पायल के बताया कि जब उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग में करियर शुरू किया था तो उनके पास हर रोज करीब 100-200 लड़कियों के मैसेज आते थे कि कि मैंने आपको देखकर गेमिंग शुरू किया।

### पीएम ने गेमिंग में आजमाया हाथ

मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने गेमिंग पर हाथ आजमाया और अंत में कहा कि भगवान ना करें मुझे इसकी आदत लगे, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें गेमिंग के प्रैक्टिस करनी होगी। पीएम ने कहा कि भारत में ऑनलाइन गेमिंग को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# कैफे ब्लास्ट : आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक में बंगलूरू के रामेश्वरम बम विस्फोट मामले में एनआईए की टीम ने शुक्रवार को दो मुख्य आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एनआईए कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। दोनों आरोपियों को फॉरेंसिक साइंस लैब में रखा गया। वहां से आरोपियों को मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। जांच के बाद उन्हें एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। राज्य गृह मंत्री जी परमेश्वर ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, हमने जांच शुरू कर दी है। सारे इनपुट एनआईए के साथ शेयर कर दिए गए हैं। पुलिस ने भी अच्छे इनपुट दिए। आरोपी ने जो टोपी पहनी थी, उसे चेन्नई से खरीदा गया था। वे कोलकाता के गांव में रह रहे थे। हमें नहीं मालूम कि उनका मकसद वहां से बांग्लादेश भागने का था। ऐसा लग रहा था कि वे कहीं भागना चाह रहे थे। अब यह देखना है कि दूसरी तरफ से कोई उनकी मदद कर रहा था या नहीं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सराहना करते हुए परमेश्वर ने कहा, एनआईए ने शानदार काम किया। उनके साथ कर्नाटक पुलिस ने भी बहुत बढ़िया काम किया है। दोनों आरोपी कर्नाटक के रहने वाले हैं और दोनों साथ में पढ़ाई करते थे। मुझे बताया गया कि दोनों शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। हमें यह देखना है कि इनका किसी अन्य एजेंसी के साथ लिंक है या नहीं। माना जा रहा है कि ये दोनों इससे पहले हुए शिवमोगा विस्फोट में भी शामिल थे। वे तीन-चार साल से फरार थे। इस घटना के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। अब जांच के बाद ही बाकी चीजों का खुलासा होगा।

### सीएम सिद्धारमैया ने किया जांच एजेंसी का धन्यवाद

रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दो मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एनआईए का धन्यवाद किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैं एनआईए और साथ में कर्नाटक पुलिस का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आरोपियों को कोलकाता से पकड़कर बंगलूरू लेकर आए। अब जांच पूरी होने देते हैं।

# सिडनी के मॉल में चाकू लेकर दौड़ा हमलावर गोलियां भी चलीं, चार की मौत, कई घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस का अभियान जारी है। घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल है। हालांकि वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल परिसर से जुड़ी घटना पर न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जिसमें कहा गया कि बॉन्डी जंक्शन पर एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला किया गया। शनिवार शाम 4 बजे से ठीक पहले कई लोगों को चाकू मारने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने का आग्रह किया जाता है। घटना के संबंध में पूछताछ जारी है और कोई और विवरण नहीं है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मॉल के भीतर से गोलीबारी की आवाज आ रही थी। तकरीबन चार लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। घटना को बाद भीड़ को इधर-उधर भागते हुए देखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कई पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रही है।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने किया पोस्ट

बॉन्डी जंक्शन मॉल पर चाकूबाजी की घटना पर ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा कि यह दुखद घटना है। इसमें कई लोगों के हताहत होने की सूचना मिली है। घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं।

### क्या है मामला

वहां मौजूद लोगों के मुताबिक, एक आदमी मॉल के भीतर चाकू लेकर दौड़ रहा था, जिसने चार लोगों पर वार कर दिया। हालांकि पुलिस ने उसे मार गिराया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि अभी केवल एक अपराधी ही घटना में शामिल है।

# आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर : नड्डा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गोंदिया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षियों को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा विपक्षी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर हैं। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, एक तरफ पीएम मोदी भ्रष्टाचारियों को सजा देने की बात करते हैं। वहीं, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाया जाना चाहिए। अब आपको चुनना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाना है या उन्हें सजा मिलनी चाहिए। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी चिदंबरम, लालू यादव और उनके दोनों बेटे क्या ये सब केवल जमानत पर नहीं हैं? अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ये सब जेल में नहीं हैं? आधे जमानत पर हैं, आधे जेल में हैं।

# इस्राइल-ईरान में जंग के खतरे के बीच अमेरिका ने भूमध्य सागर में तैनात किया युद्धपोत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



इस्राइल-हमास युद्ध के साथ अब इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध का खतरा भी मंडरा रहा है। इस हमले से निपटने के लिए इस्राइल ने अपनी कमर कस ली है। दरअसल, हाल ही में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इसमें दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। इससे ही ईरान बौखलाया हुआ है और उसने हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से 2000 किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं। इस्राइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है। एक यूएसएस कार्नें भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इस्राइल भेजा है।

### क्या है मामला?

एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने चेतावनी दी थी कि इस्राइल को सजा दी जानी चाहिए। उस पर इस्राइली विदेश मंत्री ने कहा था कि अगर ईरान हमला करता है तो हम कड़ा जवाब देंगे।

# क्यूआर कोड लॉकेट की मदद से अभिभावक से मिला मानसिक दिव्यांग बालक, दो दिन से था गायब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एक मानसिक दिव्यांग बालक जिसकी उम्र महज 12 वर्ष थी, वह एक क्यूआर कोड की मदद से अपने माता-पिता से मिल पाया। वह बालक अपने मां-बाप से बिछड़ गया था और वह किसी को अपने घर का पता बताने में भी असमर्थ था। तकनीकी की मदद से एक मानसिक दिव्यांग बालक अपने मां-बाप से मिल सका। 12 वर्षीय मानसिक दिव्यांग बालक मुंबई के दक्षिण हिस्से कोलाबा में घूम रहा था। कुछ लोगों ने जब उसे देखा तो वह उनको सही नहीं लग रहा था। उन्होंने उससे बात की और उससे घर से पता जानने की कोशिश की। वह कुछ भी बताने में असमर्थ था। वे लोग उसे पुलिसकर्मी के पास ले गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आस-पास के सभी पुलिस स्टेशन लापता व्यक्ति के लिए अलर्ट भेजा गया।

# अब मूत्र जांच से हो सकेगी सर्वाइकल कैंसर की पहचान, जांच के लिए स्वदेशी किट विकसित, ट्रायल शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सर्वाइकल कैंसर की पहचान आने वाले दिनों में मूत्र जांच से भी हो सकेगी। इस जांच के लिए एम्स में शोध चल रहा है। डॉ. ज्योति इस दिशा में काम कर रही है। उम्मीद है कि इस तकनीक भी जल्द जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। फिलहाल सर्वाइकल कैंसर के लिए स्वदेशी जांच किट तैयार है। आईसीएमआर, राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान ने इसे विकसित किया है। शुक्रवार को एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने एम्स में इस किट के परीक्षण की शुरूआत की। एम्स सहित देश के तीन केंद्रों पर इसकी जांच होगी। किट की सटीकता जांचने के लिए 1200 सैंपल मिले हैं। अगले तीन महीनों तक स्वदेशी किट पर इन सैंपलों की जांच ग्रुप बनाकर की जाएगी। देखा जाएगा कि इसके परिणाम कितने बेहतर हैं। एम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. नीरजा भाटला ने बताया कि मौजूदा समय में उपलब्ध जांच से टेस्ट करने में पूरे दिन का समय लग जाता है। यह महंगा होने के साथ प्रमुख जगहों पर ही उपलब्ध है। ऐसे में इसकी मदद से सभी महिलाओं की जांच संभव नहीं है। इसी को देखते हुए स्वदेशी किट तैयार की गई है। यह सस्ती होने के साथ आसानी से सुलभ होगी। इस किट की सटीकता की जांच के लिए अलग तीन माह तक अध्ययन किया जाएगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि परिणाम बेहतर आएंगे। शोध पूरा होने के बाद इसे पूरे देश में उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसकी मदद से कोविड की तरह बड़े स्तर पर सभी महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की जांच हो सकेगी। इस किट को विश्वस्तरीय मानकों के आधार पर तैयार किया गया है।



### 90 मिनट में हो जाएगी जांच

स्वदेशी किट से एकल सैंपल के आधार पर महज 90 मिनट में जांच हो जाएगी। मौजूदा समय में जांच के लिए पूरे दिन का समय लग जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि एम्स में सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए 90 सैंपल का बैच बनाया जाता है। उसके बाद सभी सैंपलों की जांच एक साथ होती है।

### महिलाओं में सबसे ज्यादा समस्या

स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर सर्वाइकल है। इसके कारण हर साल देश में 77 हजार से अधिक महिलाएं दम तोड़ देती है। विशेषज्ञों का कहना है कि 35 और 45 साल की उम्र की महिलाओं को दो बार जांच करवानीं चाहिए। ताकि इस बीमारी को आसानी से पकड़ा जा सके। ऐसा होने पर कैंसर के ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। देश में हर साल करीब 1.2 लाख महिलाओं में इस कैंसर का पता चलता है।

### टीके के लिए होगी फायदेमंद

स्वदेशी किट के परीक्षण के दौरान सैंपल की जांच करते हुए देखा जाएगा कि कौन सी जांच बेहतर है। महिलाओं में यह रोग क्यों हो रहा है। परिणाम मिलने के बाद आने वाले दिनों में तकनीक में और बदलाव होगा। कारकों की पहचान कर वैक्सीन बनाने की दिशा में सुधार किया जाएगा। मौजूदा समय में विदेशी कंपनी के साथ एक स्वदेशी कंपनी का टीका भी उपलब्ध है। इसके अलावा आने वाले दिनों में कुछ और वैक्सीन भी को लेकर भी काम चल रहा है।

### दुनियाभर में करवाया जाएगा उपलब्ध

परीक्षण में पास होने के बाद स्वदेशी जांच किट को भारत सहित दुनिया के गरीब देशों को उपलब्ध करवाया जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि लेटिन अमेरिका सहित दुनिया के गरीब देशों में सर्वाइकल कैंसर से हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं दम तोड़ रही है। इसकी रोकथाम के लिए भारत बड़े स्तर में मदद कर सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)